डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष 06-07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 23 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-10, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 15 सदस्यीय भारत ए टीम ...

सेंसेक्स

80,220.72 -930.55

डॉलर

84.076 -0.001

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 78,420

01 किलो 99,200

## एक नजर

### मिट्टी की चाल धंसने से दबकर महिला की मौत

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलूरी पंचायत अंतर्गत नेतुटाड़ गांव में मिट्टी लाने गई महिला मटखान में चाल धंसने से मिट्टी के अंदर दब गई। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृत महिला उपेंद्र यादव की पत्नी अनीता देवी है। वह मंगलवार की सुबह गांव के अन्य महिलाओं के साथ घर पुताई करने के लिए मिट्टी लाने गई थी। इसी दौरान मिट्टी कोड़ने के दौरान ऊपर से मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा गिर गया और महिला गड्ढे में दब गई। इससे महिला अंदर ही दब गई और उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई।

### चक्रवात के असर से झारखंड में भी हो सकती है बारिश



**रांची।** बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बन रहा है, जिसके 23 अक्टूबर तक पूरी तरह से सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान ओडिशा के पुरी और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा। इससे कई इलाकों में जोरदार बारिश होनी की संभावना है। झारखंड में भी इसके प्रभाव दिख सकते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 22 अक्टूबर से झारखंड की राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में मौसम में परिवर्तन होने लगा है। 24 और 25 अक्टूबर को झारखंड के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आ सकती है। इधर, मानसून वापसी के बाद रांची समेत विभिन्न जिलों में ठंड की शुरूआत हो चुकी है। सुबह और शाम के समय तापमान में कमी देखी जा रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के दौरान बारिश होने से सर्दी बढ़ सकती है।

## आज | कल




# इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट

▶▶ सीनियर पर रैगिंग करने का लगा आरोप, छात्रों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर- पीतांबर थाना क्षेत्र के बसौरा स्थित राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में रविवार की रात छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में छात्र का सिर फट गया। कई छात्रों के हाथ व पैर में चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की देर रात कॉलेज के हॉस्टल में रहने वाले द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्रों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते बहस मारपीट में तब्दील हो गई। इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जूनियर छात्रों का आरोप है कि सीनियर छात्रों द्वारा उन लोगों के हॉस्टल में घुसकर मारपीट की। मारपीट के दौरान बाहर इलाज कराने के लिए निकलना चाहा तो गार्ड द्वारा बाहर जाने के लिए गेट भी नहीं खोला गया। डायल 100 पर शिकायत दर्ज करने के बाद जब पुलिस पहुंची तब छात्र हंगामा करने लगे। इसके बाद गेट किसी तरह खोला गया। छात्रों के मुताबिक रॉड, डंडे व फाइटर से उनके ऊपर हमला किया गया। जूनियर छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज में तृतीय वर्ष के सीनियर उनकी रैगिंग करते हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन द्वारा चोट लगने पर गंभीर हालत होने के बावजूद उन्हें दो घंटे तक कोई इलाज मुहैया नहीं कराया गया। इसके बाद घायलों का इलाज लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद सुबह प्रिंसिपल साथ लेस्लीगंज थाने में छात्रों ने लिखित आवेदन देकर मारपीट के अरोपी पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।



**मारपीट में शिक्षकों को भी लगी है चोट : प्राध्यापक**

हॉस्टल इंचार्ज सह प्राध्यापक रणविजय सिंह ने बताया कि उन्हें जैसे ही सूचना मिली वह मौके पर पहुंचे। वहां छात्र आपस में उलझे थे, जिसके बाद शिक्षकों ने बीच बचाव किया, जिसमें उन्हें भी हल्की चोट ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू एसपी ने किया इंटर-स्टेट बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण

▶▶ विधानसभा चुनाव 2024: सीमा पर सघन जांच और गश्त के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए पलामू जिले में सुरक्षा को सख्त बनाने के लिए पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने सोमवार मध्य रात्रि में बिहार-झारखंड इंटर-स्टेट बॉर्डर के हुसैनाबाद, दंगवार, देवरी और पथरा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने चेक पोस्ट पर मौजूद सभी रजिस्टरों की जांच की और चुनाव से जुड़ी हर गतिविधि का सटीक रिकॉर्ड रखा जा रहा है या नहीं, यह सुनिश्चित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा पर आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सघन जांच की जाए और रात्रि में विशेष गश्त बढ़ाई जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके। पुलिस कप्तान ने कहा कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। चेक पोस्ट पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।



## मतदान से पहले पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# कोडरमा में एक करोड़ से अधिक नकद और अफीम की बरामदगी

▶▶ पुलिस ने की होटल संचालक के घर पर छापेमारी

▶▶ होटल संचालक फरार, उसका भाई हुआ गिरफ्तार

▶▶ इनकम टैक्स की टीम भी पहुंची थी छापेमारी के लिए

▶▶ बरामद रुपये को गिनने के लिए काउंटिंग मशीन मंगाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा थाना के वृंदा गांव में सुखदेव रजक नाम के व्यक्ति के घर पर छापेमारी में एक करोड़ रुपया से अधिक बरामद किया गया है। सोमवार की रात करीब दो बजे कोडरमा पुलिस सुखदेव रजक के घर पर पहुंची और छापेमारी शुरू की। इधर, मंगलवार की सुबह मौके पर दो काले रंग के बैग के साथ इनकम टैक्स की टीम भी पहुंची।

इधर, छापेमारी की भनक लगते ही मकान मालिक सुखदेव रजक फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं, उसके भाई रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार छापेमारी में एक करोड़ 7 लाख 10,320 रुपये नकद के अलावा दो मोबाइल, दो वाहन और 58 ग्राम अफीम भी बरामद किए गए हैं। बताया जाता है कि सुखदेव रजक हजारीबाग जिले के बरही में होटल का संचालन करता है। इसके अलावा वह अफीम के अवैध कारोबार से भी जुड़ा हुआ है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस के साथ कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह मौजूद थे। बरामद नकद रुपये को गिनने के लिए काउंटिंग मशीन भी मंगाई गई थी। कोडरमा पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर रखा था। गांव के सूत्रों ने बताया कि सुखदेव रजक की उम्र महज 40 वर्ष है और हाल में ही उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भी उसने अपना व्यवसाय शुरू किया था।

**कुछ साल में खड़ी की करोड़ों की संपत्ति :** सुखदेव रजक ने पिछले चार सालों में करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। जानकारों की मानें तो बरही में होटल के जरिये अफीम जैसे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से उसने यह सब कमाया। कई सालों पहले सुखदेव रजक के पिता महादेव रजक का उत्तर प्रदेश के अलीगंज में मामूली होटल था। होटल नहीं चला, तो वह वापस गांव आ गया। इधर, सुखदेव रजक ने बरही में होटल खोला और फिर 3 से 4 साल के भीतर अकूत संपत्ति खड़ी कर ली। उसने अपने तीन भाइयों ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## लातेहार में यात्री बस से 15 लाख नकद बरामद



**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड मुख्यालय में चुनाव को लेकर बनाए गए चेक पोस्ट पर मंगलवार को वाहन जांच अभियान के दौरान एक यात्री बस से 15 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पैसे एक बैग में रखे हुए थे। चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारी और पुलिस कर्मियों ने पैसे को जब्त कर लिया है। इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को चंदवा प्रखंड मुख्यालय में बने चेक पोस्ट में जब गाड़ियों की जांच की जा रही थी, तब एक यात्री बस, जो रांची से चलकर गढ़वा की ओर जा रही थी, उसकी जांच की गई। बस की तलाशी के दौरान उसमें एक बैग बरामद हुआ, जिसमें लगभग 15 लाख रुपये रखे हुए थे। चेक पोस्ट पर तैनात कर्मियों ने पैसे को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस यह छानबीन कर रही है कि आखिर पैसे कहां से आ रहे थे और इसका क्या उपयोग था। एसपी ने बताया कि आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

## लोहरदगा में एक देसी कट्टा, 4 पिस्टल और 88 कारतूस बरामद, दो गिरफ्तार



**लोहरदगा।** पुलिस ने पंडरिया आम बागान के पास से दो युवकों कुंदन गोप उर्फ लंगड़ा तथा चिरंजीवी कृष्ण को गिरफ्तार किया है। उन दोनों के पास से एक देसी कट्टा, चार पिस्टल तथा 7.65 एमएम के 80 कारतूस एवं 8 एमएम के दो कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह जानकारी एसपी हरीश बिन जमा ने दी।

## टोल गेट पर जब्त किए गए 45 लाख रुपये के चांदी के जेवर




**रामगढ़।** रामगढ़-रांची टोल गेट पर जांच के दौरान पुलिस ने एक टाटा पंच गाड़ी से 45 लाख रुपये के चांदी के जेवर बरामद किए हैं। मंगलवार की शाम स्टैटिक स्क्वॉड टीम एवं फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने जांच के दौरान टाटा पंच कार (जेएच 01 ईजेड 8704) से चांदी की सामग्री बरामद की है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि बनखेता टोल गेट चेकनाका पर जांच के दौरान एसएसटी एवं एफएसटी टीम को टाटा पंच गाड़ी में लगभग 45 लाख रुपये के चांदी की सामग्री 11 कार्टून में बंद मिले। गाड़ी के मालिक से पूछताछ की जा रही है, साथ ही उससे दस्तावेजों की मांग की गई है। फिलहाल सामग्री को रामगढ़ थाना में सुरक्षित रखवाया गया है। उक्त सामग्री की जांच के लिए आयकर विभाग एवं जीएसटी विभाग को सूचित किया गया है। उनके द्वारा जांच की जा रही है।

# रांची जिले के सिल्ली और खिजरी के चुनाव की अधिसूचना जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने मंगलवार को दूसरे चरण में जिले में दो विधानसभा क्षेत्रों (सिल्ली और खिजरी) में चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। ज्ञात हो कि झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहला चरण 13 नवंबर को और दूसरे चरण 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे।

उपायुक्त ने समाहरणालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 29 अक्टूबर को दूसरे चरण के नॉमिनेशन करने की अंतिम तारीख होगी। 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच की जायेगी। एक नवंबर प्रत्याशियों के नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है।

**सिल्ली विधानसभा क्षेत्र :** सिल्ली निवार्ची कोषांग, अपर समाहर्त्ता के समाहरणालय स्थित कार्यालय कमरा संख्या 303 ब्लॉक-ए में अवस्थित होगा। इसके निर्वाची पदाधिकारी रामनारायण सिंह, अपर समाहर्ता होंगे। सिल्ली विधानसभा में कुल 279 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से दो मतदान केंद्रों (मतदान केंद्र संख्या 25 एवं 26) में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। शेष 277 मतदान केंद्रों पर सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

**खिजरी विधानसभा क्षेत्र**

खिजरी निर्वाची कोषांग अपर समाहर्त्ता (नक्सल) समाहरणालय कमरा संख्या 212 ब्लॉक-ए रांची में अवस्थित होगा। इसके निवार्ची पदाधिकारी सुर्दशन मुर्मू होंगे। खिजरी विधानसभा में कुल 413 मतदान केंद्र हैं, जिसमें दो मतदान केंद्रों में (मतदान केंद्र संख्या 204 एवं 205) में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। शेष 411 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

# सीसीएल की चार खदानों को प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार मिला

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की चार खदानों– मगध, अम्रपाली, नॉर्थ उरीमारी, और अशोका को 'कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार' के भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, कोयला मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता तेज, रूपिन्दर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) सतीश झा, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान और अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। 5-स्टार रेटिंग इन खदानों द्वारा स्थायी खनन प्रथाओं, पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन और सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके योगदान की उत्कृष्टता को दशार्ती है। यह मान्यता सीसीएल की जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्धता और पर्यावरणीय संरक्षण एवं समुदाय कल्याण को प्राथमिकता देने की दिशा में उसके प्रयासों का प्रमाण है। इस अवसर पर कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सीसीएल के प्रयासों की सराहना की और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्थायी खनन प्रथाओं के महत्व पर बल दिया। कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कोयला खनन में नवीनता और सर्वोत्तम प्रथाओं की भूमिका पर जोर दिया, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और कार्यक्षमता अधिकतम हो।

# दीपावली में मिट्टी के दीयों का है महत्व पर बिक्री घटी



**काजल मेहता**

**रांची।** भारत के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक दिवाली में घरों को दीपों और रंग बिरंगी रंगोली से सजाकर नए कपड़ों में मिठाई-उपहारों का आदान-प्रदान के साथ देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। मान्यता है कि भगवान राम इसी दिन वनवास से अयोध्या लौटे थे दिवाली के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान मां लक्ष्मी का अवतरण हुआ था।

**मिट्टी के दीयों का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व :** आचार्य अजय ने बताया कि मिट्टी के दीये जलाने का धार्मिक महत्व यह है कि इससे आत्मा की शुद्धि और अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान के प्रकाश को फैलाने का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रकाश आत्मज्ञान और ब्रह्मज्ञान का प्रतीक होता है। मिट्टी का दिया पृथ्वी तत्व का प्रतीक है और जब इसमें तेल या घी डालकर जलाया जाता है, तो यह पाँच तत्वों के संतुलन और समर्पण का संदेश देता है। मिट्टी से बने दीये प्राकृतिक होते हैं और पर्यावरण के लिए हानिरहित और पर्यावरण अनुकूल होते हैं। मिट्टी के दीयों में स्थानीय कुम्हारों और कारीगरों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। दीयों की खरीदारी से न केवल सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण होता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# महिलाओं की बदलती भूमिकाएं और राजनीति



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत में आज महिलाओं की जो भी स्थिति है उससे कुछ अलग प्राचीन काल में अवश्य थी क्योंकि आज भी जनजातीय समाज जो आधुनिक रीति रिवाज से बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुए उनमें महिलाओं को न तो बंधन में बांधा जाता है और न भोग्या की दृष्टि से देखा जाता है। प्राचीन भारत में जो परंपराएं थीं उनकी झलक धार्मिक ग्रंथों के अलावा लोककथाओं में देखने को मिलती है जो श्रुति परंपरा से पीढ़ियों में हस्तांतरित होती है न कि किसी के द्वारा रचित कपोल कल्पना से जैसा कुछ कथित विद्वान आख्यान प्रस्तुत करते हैं। महिला बेटी, बहू, मां, बहन, पत्नी, दादी, नानी जैसे रूपों में हमारे जन्म से मृत्यु तक किसी न किसी भूमिका में रहती हैं। पर आज के आधुनिक वैश्विक सामाजिक ढांचे और आर्थिक एवं सांस्कृतिक खांचे में महिलाएं प्रचार में बहुत दिखतीं हैं पर इस सशक्तिकरण के शोर में क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रतिदिन कम-से-कम 87 महिलाओं के विरूद्ध बलात्कार के मामले सामने आते हैं। प्रत्येक घंटे हमारा देश तीन से भी अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार की निर्मम घटनाओं और दरिंदगी का साक्षी बनता है। दुर्भाग्य से यह आंकड़ा भी अंतिम और संपूर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह तो सिर्फ उन घटनाओं को ही रेखांकित करता है, जिनकी रिपोर्ट पुलिस थानों में दर्ज की जाती हैं। निश्चित रूप से इनके अलावा भी देश भर में बलात्कार और दरिंदगी के न जाने कितने ही मामले नित्य प्रति घटित होते रहते होंगे, जिनका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं होता है। कई बार तो पीड़िताएं स्वयं ही समाज के भय अथवा लोक-लाज के कारण बलात्कार की घटनाओं को छिपा देती हैं या उनके ऊपर माता-पिता और परिवार वालों का भारी दबाव होता है। अनेक बार ऐसा भी होता है कि बलात्कारी ही इतने दबंग होते हैं कि अपने वर्चस्व के कारण बलात्कार करने के बाद पीड़िताओं को डरा-धमकाकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने देते। वहीं, कई बार तो रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में पुलिस की भी असंवेदनशीलता और गैर-जिम्मेदारी सामने आती रहती है। इसलिए महिलाओं के विरूद्ध घटित होती रहने वाली बलात्कार की घटनाओं की सही संख्या बता पाना किसी के लिए भी मुश्किल है। संभव है कि यह संख्या सैकड़ों में हो। बलात्कार की घटनाओं को छिपाने के लिए पीड़िताओं के ऊपर माता-पिता और परिवार वाले प्रायः इसलिए दबाव बनाते हैं, क्योंकि उनकी मान्यता यह होती है कि यदि बेटी के बलात्कार की घटना का प्रचार हो गया तो उसका ब्याह नहीं हो पाएगा। अभी झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट देकर सशक्त करने और नेतृत्व में भागीदारी बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं पर बिहार की तरह झारखंड में भी मुखियापति, विधायकपति जैसे शब्द वास्तविकता बयान करते हैं। सभी महिलाओं के पति ही असली जनप्रतिनिधि होते हैं ऐसी भी बात नहीं पर यह भी सच है कि कुछ महिलाएं ही स्वतंत्र निर्णय ले पाती हैं कहीं न कहीं उनके ऊपर परिजन का दबाव रहता ही है। हालांकि संतोष की बात यह है कि यह इन महिलाओं के लिए एक राजनीतिक प्रशिक्षण की तरह है जिससे वे सार्वजनिक जीवन की समस्याओं का सामना करते या देखते घर चलाने के अलावा गांवों से लेकर राज्य की सरकार चलाने में मुखर हो रहीं हैं जिनमें जनजातीय महिलाओं की भी बड़ी समस्या है। तेजस्विनी झारखंड सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजना थी झारखंड महिला विकास सोसाइटी द्वारा झारखंड राज्य के 17 जिलों की 14-24 वर्ष की आयु वर्ग की 2,40,000 किशोरियों और युवा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लागू की जा रही थी। चार मॉड्यूल, यानी लचीलापन और सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य और पोषण, अधिकार और संरक्षण और वित्तीय साक्षरता पर परिचयात्मक प्रशिक्षण के बाद जीवन कौशल प्रशिक्षण निर्धारित परियोजना टीम लगभग 80,000 एजीवाइडब्ल्यू को दिए जाने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण के सभी चार मॉड्यूल को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करनी थी। विश्व बैंक संपोषित 540 करोड़ रुपये की लागतवाली तेजस्विनी परियोजना में 205 करोड़ रुपये खर्च हो चुके पर कुप्रबंधन और सीबीआइ जांच के कारण परियोजना बंद हो गई और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास अधूरा रह गया। अच्छी बात यह है कि बड़ी संख्या में सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ रहीं लड़कियां अब महिला सिपाही, सहायक पुलिसकर्मी, समाज कल्याण विभाग में सहायिका सेविका जैसी अस्थायी/स्थायी नौकरियों से लेकर बड़े सरकारी पदों तक में जा रहीं है पर दुखद यह है कि भ्रष्ट तंत्र का सामना करती हुई वे भी लेनदेन संस्कृति सीख रहीं हैं। समाज कल्याण विभाग अलग से कुछ योजनाएं चलाने के बजाय खानापूर्ति में ही लगा है जिससे भविष्य भी उज्ज्वल नहीं दिखता। राजनीति से जुड़ी कुछ महिलाएं अवश्य सशक्त होकर उभरी हैं।



## एक नजर

### शिक्षक व विद्यार्थियों ने निकाला जागरूकता रैली

**नावाबाजार।** डिस्लेक्सिया के लिए पैदल चलें कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कंडा पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में मौन जागरूकता रैली निकाली गई। वहां विद्यालय के सभी शिक्षक , शिक्षिकाएं व विद्यार्थियों ने लाल पोशाक पहनकर जागरुकता मौन रैली निकाली। डिस्लेक्सिया एक सीखने की अक्षमता है, जो पढ़ने और भाषा से जुड़े कामों को मुश्किल बनती है। रैली का नेतृत्व प्रधानाध्यापक सुमित शंकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विक्रमा कुमार दुबे, परमेश्वर गुप्ता, प्रेम गौरव, विवेक कुमार पाठक, बीगू राम एवं कविता कुमारी शामिल थी।

### सीओ ने सिगसिगी मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

# बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का करेंगे वितरण

**व्यवस्था को लेकर मतदान केंद्र सह विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कई निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को विश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी सिगसीगी मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वहां बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन को सड़क आदि की सुविधा की समुचित जानकारी ली। विधानसभा चुनाव में बूथ पर मतदान कर्मी व मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, व्यवस्था को लेकर मतदान केंद्र सह विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कई निर्देश भी दिया। निरीक्षण करने पहुंचे सीओ ने कहा कि चुनाव पूर्व बूथ का निरीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। जो मतदान कर्मी व मतदाताओं की सुविधा को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए किया जाता है। ताकि कमियां पाए जाने की स्थिति में समय रहते उसे दूर किया जा सके। मतदान केंद्र पर मतदान को आने वाले स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े उनके अनुकूल केंद्र पर सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। सीओ ने कहा गया बीएलओ के द्वारा प्रत्येक घरों तक जाकर उत्तर पर्ची का वितरण किया जाएगा। इसके लिए उन्हें निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को पर्ची वितरण के क्रम में मतदान की तिथि, दिन व समय की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। ताकि मतदाता समय पर पहुंचकर स्वच्छ व निर्भिक रूप से मतदान कर सके। बताया कि मतदाता पर्ची वितरण एक क्रम में बीएलओ को स्पष्ट रूप से निर्देश किया गया है कि वैसे मतदाता कहीं अन्यत्र जाकर अपना घर स्थापित कर चुके हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है। उनका पर्ची वापस आने पर सरकारी प्रक्रिया के तहत उनका नाम हटाया जा सकेगा। पर्ची वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर अंचल निरीक्षक विजय चौबे, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा सहित बीएलओ मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीज कंपनी ने लगाया फसल प्रदर्शनी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** किसानों को खेती के प्रति जागरूक करने को लेकर मंगलवार को फसल प्रदर्शनी पायोनियर कोटेर्वा बीज कंपनी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कठौंधा गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पायोनियर बीज कंपनी के पलामू जिला कोऑर्डिनेटर अमरेश कुमार राय, क्षेत्रीय अधिकारी नवीन कुमार दुबे ने बताया कि किस तरह उन्नत किस्म के धान का बीज श्री विधि से लगाकर किसान ज्यादा मुनाफा कमा सकता हैं। इसके लिए उन्हें क्या-क्या प्रक्रिया अपनाना होगा। ताकि वह अपने फसल से अधिक मुनाफा ले सके। वहीं फसल प्रदर्शनी में धान के बाली का वजन करके दिखाया गया। जिसमें पायनियर का अन्य हाइब्रिड धान से 10 बाली में 20 से 25 ग्राम अधिक दाना धान का निकला। उपस्थित किसानों को बताया गया कि पायनियर धान लगाने से अधिक मुनाफा होता है। धान का फसल प्रदर्शनी भी करके दिखाया गया। कार्यक्रम के मौके पर अवधेश मेहता, गुलाल साव ,अनिल यादव, राजू कुमार, शारदा देवी, मुमताज मियां सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### स्टेशन पर वाहन पार्किंग का उद्घाटन



**हैदरनगर।** डीडीयू रेलमंडल के बीडी रेलखंड के हैदरनगर रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवार को विधिवत पूजा पाठ के साथ वाहन पार्किंग क्षेत्र का उद्घाटन किया गया है। इस सुविधा का स्टेशन अधीक्षक मो. सलाउद्दीन ने फीता काटकर उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को जलपान कराया। उन्होंने कहा कि रेलवे की ओर से यह सुविधा यात्रियों और उनके परिजनों के वाहन सुरक्षा को लेकर किया गया है। पार्किंग क्षेत्र में खड़े करने वाले सभी वाहनों के लिए निर्धारित रेल प्रशासन ने नियमानुसार तय की है। इस संबध में रेल परिसर के कई स्थानों पर बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। बुधवार से पार्किंग क्षेत्र पूर्ण रुप से प्रभावी हो जायेगा। संवेदक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पार्किंग जोन में लगे वाहनों की सुरक्षा और इसके संचालकों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का विधिवत उद्घाटन रेल अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा पाठ के साथ करा दिया है। मौके पर वीरेंद्र सिंह, मुकेश दुबे, अमन जयसवाल, रविकांत ठाकुर, प्रीतम सिंह, आदि शामिल थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच ने लगाया आरोप

# ब्रह्मदेव प्रसाद के हत्या की रची गई थी साजिश : गोरखनाथ चौधरी



**विश्रामपुर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना की आड़ में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के हत्या की साजिश रची गई थी। भगवान के आशीर्वाद और जनता के स्नेह से वह बच गए, नहीं तो राजनीतिक विरोधियों ने उनको मारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। घटना में मंच के एक साथी की जान भी चली गई थी। वह मंगलवार को मंच के बिश्रामपुर स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि साजिशन हत्या का मामला भी बिहार के गया थाना में दर्ज कराया गया है। पुलिस अनुसंधान में लगी भी हुई है। बता दें कि पिछले दिनों एक सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके गाड़ी में सवार एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का सेवा करने के लिए ब्रह्मदेव प्रसाद विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। 25 अक्तूबर को वह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि नामांकन रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर ब्रह्मदेव प्रसाद को मजबूती प्रदान करें। मौके पर प्रदीप कुमार,सुरेंद्र भारती,असगर अंसारी सहित मंच के कई लोग मौजूद थे।

### बेगमपुरा के ग्रामीण वोट बहिष्कार के निर्णय पर अडिग

# बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, रेल अंडरपास बनाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के बेगमपुरा गांव के ग्रामीण रेल अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर विस चुनाव में वोट बहिष्कार के निर्णय पर अबतक अडिग हैं। ग्रामीणों के इस निर्णय की सूचना पर सीओ सह बीडीओ रणवीर कुमार मंगलवार को गांव में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ समझाया। मगर वगैर ठोस आश्वासन मिले ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने के उनके निर्णय पर अडिग रहने की बात बीडीओ को इस संबंध में लिखित रूप में ज्ञापन सौंप कर कही है। इसमें उन्होंने कहा है कि इस गांव से महज 200 मीटर की दूरी पर कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ के स्थित रहने के बावजूद रेल लाइन की वजह से उन्हें आवागमन में जोखिम उठाने को विवश होना पड़ता है। उन्हें रेल लाइन क्रॉस कर ही प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय, थाना, अस्पताल, मध्य व उच्च विद्यालय, कॉलेज, बाजार, खेती-किसानी व मवेशियों की चराई के लिए आना जाना पड़ता है। इसमें उनके जान का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए कई माता-पिता ने प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा के बाद बच्चों को आगे की पढाई के लिए जाने से मना कर दिया है। यह सब स्थिति रेल अंडरपास नहीं बनाने की वजह से ही है। जबकि इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सांसद व विधायक को शिकायत दी थी। इसके बावजूद उनकी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा सका। ऐसी स्थिति में बूथ संख्या-18 पर उन्होंने वोट नहीं डालने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बीडीओ ने उनके ज्ञापन को उच्चाधिकारियों को भेजते हुए इस निर्णय से अवगत कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि इस गांव के आसपास अंडरपास नहीं बनाने से इसके अलावा करडंडा, भाली, गोड़ाडीह, भुईंया टोला सहित अन्य कई गांवों के ग्रामीणों को ऐसी ही समस्या का सामना करना पड़ता है। इस दौरान थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह सदलबल मौजूद थे।



# हुसैनाबाद में एक निर्दलीय प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल, पांच नामांकन पत्रों की हुई बिक्री








**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के लिए नामांकन के चौथे दिन हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट पर मनोज मेहता ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम कृष्णकांत कनवड़िया के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मंगलवार को पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा हैं। इनमें शेर अली, कुशवाहा शिवपूजन मेहता व इनकी पत्नी अनीता देवी ने बसपा से नामांकन पत्र खरीदा हैं। निर्दलीय से ओमप्रकाश कुमार व बबलू कुमार निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। चार दिनों में हुसैनाबाद विधानसभा सीट से कुल 21 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं।

**राजद छोड़ समाजवादी से कमलेश करेंगे 25 को नामांकन : हरिहरगंज।** राजद से टिकट की उम्मीद खत्म होते ही राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव अब हुसैनाबाद विस क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने 25 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह जानकारी मंगलवार को कमलेश यादव ने बेलौदर मोड़ मेन रोड स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और लोगों की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक अधिकारों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी का दामन थामते हुए चुनावी मैदान में डट गए हैं। सपा प्रत्याशी कमलेश ने 25 अक्टूबर को नामांकन में भारी संख्या में शामिल होने की लोगों से अपील की। इस दौरान सैकड़ों समर्थकों ने सपा प्रत्याशी कमलेश को माला पहना कर जिताने का संकल्प लिया। मौके पर प्रमोद सिंह, यदुनंदन यादव, अर्जुन सिंह, श्यामउदीत पासवान, लखन पासवान, ताहिद अंसारी, रवि यादव, विजय पासवान, सतेंद्र पासवान, कामेश्वर पासवान, राजकुमार यादव, रमेश यादव, रवि कुमार सहित काफी संख्या में समर्थक मौजूद थें।

### भाजपा को मिला आजसू का साथ

**हुसैनाबाद** एनडीए गठबंधन के घटक आजसू ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को समर्थन देने की घोषणा की। आजसू के जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद मेहता व केंद्रीय सदस्य रोहित कुमार महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस आशय की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट एवं युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने व राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए आजसू पूरे दम खम के साथ भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद का विकास कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ही संभव है। उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार सिंह का दोनों कार्यकाल बेमिसाल रहा है। सड़क बिजली शिक्षा चिकित्सा सिंचाई समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार सिंह को विधानसभा पहुंचा कर नरेंद्र भाई मोदी अमित शाह सुदेश महतो और बाबूलाल मरांडी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। मौके पर आजसू के रामजन्म मेहता, प्रमोद मेहता, मनोरंजन प्रसाद, जयकुमार चौहान, राजमोहन चौहान, प्रेमप्रकाश दुबे, अशोक राम, सतेंद्र बैठा, दिलीप पाल, राजकुमार रजक, सागर कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### आजसू की बैठक, एनडीए को जिताने का लिया संकल्प

हरिहरगंज शहर के चंद्रमणि कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी मौजूद थें। बैठक में हरिहरगंज-हुसैनाबाद के एनडीए प्रत्याशी भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह को आजसू कार्यकर्ताओं ने जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनायी और जिताने का संकल्प लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता चुनाव प्रचार करेंगे और जीत दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार में लग जायें। इस बैठक में केंद्रीय सदस्य रामजी पासवान, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, विश्वनाथ प्रसाद, प्रखंड सचिव मो. इरशाद आलम, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, कुंदन गुप्ता, पीयूष राज, सचिन कुमार, अविनाश कुमार, विजय पासवान, सागर गहलोत सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### नामांकन से पहले निर्दलीय प्रत्याशी ने किया रोड शो

हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ हरिहरगंज में रोड शो की। जिसमें कई भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शहर का भ्रमण कर लोगों से मिल कर और आशीर्वाद लिया। इससे पहले निर्दलीय उम्मीदवार ने रानी मैरेज हॉल में समर्थकों के साथ बैठक कर अगामी 24 अक्टूबर को नामांकन में भारी संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, अरविंद पासवान, सनोज गुप्ता, गंगा जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, चंदन प्रजापति, भीमसेन शर्मा, अर्जुन गुप्ता, संजीव सिंह, ओम सिंह, संजय सिंह, अम्बुज सिंह, करण राजवीर, कन्हाई प्रसाद, राजेश, संतोष, पवन, सीताराम, अमित, परमानंद, रघुनंदन साव, धीरेंद्र, रामाशीष, धर्मेंद्र सहित सैकड़ो निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थक शामिल थे।

## मुद्दा

### धीमी गति से चल रहा हर घर नल जल योजना का काम

# मोहम्मदगंज के 39 गांवों के 8501 घरों को देना है पेयजल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** इस प्रखंड के 39 गांवों के 8501 घरों में विशुद्ध पानी आपूर्ति के लिए चालू की गई हर घर नल-जल योजना का काम कच्छप गति से चल रहा है। ऐसे में वर्क ऑडर मिलने के दो साल में महज 20 प्रतिशत ही काम किया जा सका है। जैसा कि विभागीय सूत्रों का कहना है। जबकि मार्च 2025 में काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में नियत समय पर काम के पूरा होने की संभावना नहीं नजर आती है। इसके लिए कोयल नदी में कोल्हुआ गांव के समीप इंटकवेल और सोनबरसा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू किया गया है। बताया गया कि इंटकवेल प्रारुप के अनुरूप नहीं बनाया जा रहा था। जिस पर आपत्ति जताते हुए इसे फिर से बनाने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा पाइप की आपूर्ति तो कर दी गई है, मगर पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू तक नहीं किया गया है। बताया गया कि पंसा-रामबांध एमवीएस के तहत कादलकुर्मी में 1.30, सोनबरसा में 8.30, डाली में 4 और गोड़ाडीह में 2.30 लाख लीटर की क्षमता की पानी टंकियों का निर्माण तो शुरू किया गया है, मगर कादलकुर्मी में टंकी के निर्माण कार्य कुछ ज्यादा जबकि अन्य स्थानों में बुनियादी ढांचा भर तैयार किया गया है। कादलकुर्मी व डाली में टंकी निर्माण की प्रगति तस्वीरों में देखी जा सकती है। इस कार्य को आगरा की एनएस इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को आवंटित किया गया है। वर्क ऑडर के साथ कंपनी ने सर्वे और मिट्टी जांच के बाद काम शुरू कर दिया था। लेकिन इसकी गति को देखने से केंद्र व राज्य सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के ससमय पूरा करने के आगे प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। हुसैनाबाद और हैदरनगर प्रखंडों में भी यह वर्क इसी कंपनी को आवंटित किया गया है। जहां भी इसकी प्रगति का आलम ऐसा ही बताया जाता है। लोगों का कहना है कि काम पूरा करने के निर्धारित समय सीमा के हिसाब से इसकी प्रगति होती, तो विस चुनाव में इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में गिनाया जा सकता था।

### समाजसेवी की मदद से जुड़वां बच्चों की मां की जान बची

**पांकी।** प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत निवासी पप्पू कुमार की पत्नी उमा देवी की जुड़वा बच्चे को जन्म देने के पूर्व स्थिति गंभीर हो गई। खून की कमी के कारण उनकी जान को खतरा था। पप्पू कुमार ने बताया कि चिकित्सकों ने उमा देवी के लिए तुरंत ब्लड की व्यवस्था करने की सलाह दी, लेकिन कई प्रयासों के बावजूद ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पाई। इस मुश्किल घड़ी में पप्पू को समाज सेवी कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने अपने सहयोगी अफजल अंसारी को मदद के लिए भेजा। अफजल ने तुरंत एक यूनिट ब्लड दान किया और आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराई। उन्होंने पप्पू कुमार को यह सलाह भी दी कि ब्लड के लिए जमा की गई राशि को भविष्य में अपनी बेटी के नाम से जमा कर दें, ताकि आगे कोई संकट आए तो उसका इस्तेमाल कर सकें।

# भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे, पार्टी में असंतोष गहरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह टिकट नहीं मिलने से खासा नाराज हैं। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ कई दौर की बैठक के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है और 24 अक्टूबर को नामांकन करने की घोषणा की है। इस घटनाक्रम से भाजपा के कार्यकर्ता भी असमंजस में हैं। इस बार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से भाजपा में शामिल हुए निवर्तमान विधायक कमलेश सिंह को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है, जो पार्टी की राजनीतिक सेहत को चुनौती दे रहा है। कई पुराने समर्पित कार्यकताओं से बातचीत में यह स्पष्ट किया जा रहा है कि वे पार्टी के साथ हैं, न कि किसी व्यक्ति विशेष के। फिर भी, बागी प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह का क्षेत्र में लगातार भ्रमण और उनके साथ कई पुराने कार्यकताओं का जुड़ना पार्टी के लिए संकट का संकेत देता है। उनका काफिला निरंतर पार्टी के मतों को तोड़ने में जुटा है। अब यह देखना होगा कि इस चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता किसके साथ खड़े होंगे–पार्टी के साथ या बागी के साथ। यह तो आने वाला परिणाम ही स्थिति को स्पष्ट करेगा।

# चौथे दिन पलामू में पांच नामांकन दाखिल, नामांकन पत्र की खरीद जारी

■ सुरक्षा और विधि-व्यवस्था पर कड़ी नजर





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को पलामू जिले के सभी विधानसभा सीटों पर नामांकन के चौथे दिन कुल पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। समाहरणालय परिसर में अपेक्षाकृत कम चहल-पहल देखने को मिली। विश्रामपुर और छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, जबकि डालटनगंज से राष्ट्रीय समानता दल के मुन्ना कुमार ने नामांकन किया। हुसैनाबाद से मनोज मेहता ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा। पांकी विधानसभा क्षेत्र से नागेंद्र कुमार, पंकज कुमार जयसवाल, और रितेश कुमार गुप्ता ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया।

इसी बीच, पांकी विधानसभा से जितेंद्र पासवान ने नामांकन पत्र खरीदा, जबकि डालटनगंज विधानसभा से अशोक प्रसाद और ललन राम ने नामांकन पत्र खरीदे। पाटन छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चार प्रत्याशियों–धनंजय कुमार, चंचला देवी, ममता भुईंया, और प्रभात कुमार–ने भी पर्चा खरीदा। नामांकन पत्र प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक खरीदे और भरे जा सकते हैं। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क 10,000 रुपये और अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 5,000 रुपये निर्धारित किया गया है। साथ ही, निर्वाची कार्यालयों के 100 मीटर के दायरे में प्रत्याशियों की केवल तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति है, और नामांकन कक्ष में अधिकतम पांच लोगों के जाने की अनुमति दी गई है।

## अंजू सिंह ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा, विश्रामपुर से लड़ेंगी चुनाव

▶▶ सपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण

**मेदिनीनगर।** समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रभारी सह पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड, प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, और पलामू जिला अध्यक्ष मोहन यादव की उपस्थिति में अंजू सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिश्रामपुर विधानसभा सीट से अंजू सिंह अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी।



## सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी

नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पलामू जिले के पांचों विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी कार्यालयों में सीसीटीवी लगाए गए हैं। विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। समाहरणालय परिसर के सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### पलामू में मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए डीईओ ने किया रथ रवाना



**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ उन क्षेत्रों में जाएगा जहां पिछले चुनावों में कम मतदान दर्ज किया गया था, और वहां मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित करेगा।
रथ के माध्यम से ऑडियो-विजुअल संदेशों को वाहन पर लगे स्क्रीन पर दिखाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक हों और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।
इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त सह स्वीप नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाना नदी पुल पर हादसा, महिला की बाइक से गिरकर मौत



**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा निवासी सुषमा देवी (40), पति धर्मेंद्र साव के साथ बाजार जाते समय बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई। घटना बाना नदी पुल पर हुई, जब सुषमा देवी अचानक पीछे बैठी अपनी ही बाइक से गिर गईं और गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पांकी थाना क्षेत्र में जिला परिषद के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में दो दबंग गिरफ्तार

**तेतराई हाट बाजार में कार्रवाई, जिला परिषद की नीलामी लंबित, फिर भी हो रही थी वसूली**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई हाट बाजार में अवैध वसूली कर रहे दो दबंगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला परिषद के सूत्रों के अनुसार, हाट बाजार की नीलामी पिछले एक साल से नहीं हुई है। कई कारणों से यह नीलामी टल गई, लेकिन इसके बावजूद कुछ दबंग वाहन चालकों और बाजार में आने वाले लोगों से अवैध रूप से पैसे वसूलने की सूचना मिल रही थी। इस मामले की जानकारी मिलने पर जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी ने इसकी जांच कराने का आदेश पांकी सीओ को दिया। इसके बाद जांच में पुष्टि हुई कि कुछ लोग हाट बाजार से अवैध वसूली कर रहे हैं। इसके बाद जिला परिषद की ओर से पांकी सीओ को लिखित सूचना भेजी गई। जिला परिषद के पत्र के आलोक में पांकी सीओ ने पुलिस के साथ मिलकर जांच की। जांच में पाया गया कि बिना नीलामी के कुछ लोग बाजार से अवैध रूप से वसूली कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पांकी थाना पुलिस के अनुसार, पकड़े गए लोगों ने जिला परिषद में 3 लाख 20 हजार रुपये में डाक खरीदने की बात कही है और उन्होंने जिला परिषद का रशीद भी पुलिस के समक्ष दिखाया है। इस रशीद की सत्यापन प्रक्रिया पांकी सीओ द्वारा की जा रही है। सत्यापन के बाद ही इस मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध वसूली के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

# एनएच निर्माण में मुआवजा न मिलने पर जोड़ गांव के रैयतों का हंगामा

❍ मुआवजा न मिलने से नाराज ग्रामीणों का एनएच निर्माण पर विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ गांव के रैयतों ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का मुआवजा न मिलने पर जमकर विरोध किया। मंगलवार को गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने एनएच निर्माण स्थल पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और मुआवजा नहीं मिलने पर निर्माण कार्य को रोकने की चेतावनी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से उन्हें मुआवजे का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण नेता रामेश्वर यादव ने कहा कि गांव के कई रैयतों की जमीन एनएच निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई, लेकिन अब तक उन्हें उनके हक का मुआवजा नहीं मिला। यादव ने कहा, 'हमारी जमीनें ली जा रही हैं, लेकिन मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। अगर जल्द ही मुआवजा नहीं दिया गया, तो हम मजबूरन एनएच निर्माण कार्य को रोक देंगे।'
ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन से कई बार संपर्क करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। वहीं, मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की और जल्द ही मुआवजा वितरण का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि मुआवजा प्रक्रिया में कुछ तकनीकी दिक्कतें आई हैं, जिन्हें जल्द सुलझाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और निर्माण कार्य में बाधा न डालने की अपील की। इसके बावजूद, ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

# बीसफुट्टा चौक पर पुलिस की घेराबंदी में गांजा तस्कर गिरफ्तार, पुलिस को बड़ी कामयाबी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस कप्तान को मिली गुप्त सूचना के आधार पर, बिसफुट्टा चौक के सामने कुछ लोग अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे थे। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जैसे ही टीम विसफुट्टा चौक पहुंची, पुलिस को देखकर दो-तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से भागने लगे। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जिसका नाम आदित्य कुमार पासवान (उम्र 22) पिता लाला पासवान, निवासी चंदन नगर (कजरी), थाना पड़वा है। उसकी तलाशी लेने पर उसके बैग से 4.115 किलोग्राम गांजा और एक सिल्वर रंग का पोको मोबाइल बरामद हुआ।



गिरफ्तार आदित्य ने स्वीकार किया कि यह मादक पदार्थ नीरज कुमार पासवान उर्फ राहुल का है, जो उसका मित्र है और फरार है। दोनों मिलकर गांजा बेचने आए थे। फिलहाल पुलिस राहुल की तलाश कर रही है।
इस कार्रवाई में राजेश कुमार यादव, देवव्रत पौद्दार (शहर थाना प्रभारी), पु.अ.नि. सोनु कुमार चौधरी, अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, संतन कुमार मेहता, और रोहित कुमार शामिल थे।

# राशन में गड़बड़ी पर ग्रामीणों का हंगामा, डीलर की बर्खास्तगी की मांग

▶▶ डीलर पर राशन में कटौती का आरोप, अधिकारी कार्रवाई से कतरा रहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पतरिया कला पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को दुर्गा और माता स्वयं सहायता समूह के डीलर पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से मौखिक शिकायत की। ग्रामीणों ने पहले से दिए गए लिखित आवेदन के संदर्भ में भी जानकारी मांगी, लेकिन पदाधिकारी कार्रवाई के नाम पर टालमटोल करते नजर आए।
ग्रामीण शंभू चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मानमती देवी, कौशल चौधरी, कृष्ण चौधरी सहित सैकड़ों लाभुकों ने आरोप लगाया कि डीलर पिछले छह महीनों से लाभुकों को साढ़े तीन से साढ़े चार किलोग्राम राशन दे रहे हैं, जबकि तय मात्रा इससे अधिक है। विरोध करने पर डीलर ने धमकी दी कि जहां जाना है, जाओ, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते, और ज्यादा बोले तो पुलिस में मामला दर्ज करवा देंगे।
इस स्थिति से नाराज होकर ग्रामीण प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से मिले, लेकिन उन्हें कार्रवाई की बजाय डीलर के साथ समझौता करने का आश्वासन दिया गया। लाभुकों ने डीलर की बर्खास्तगी की मांग की है, लेकिन अधिकारी इस पर कोई ठोस कदम उठाने से बचते दिख रहे हैं।

## बाइक-टेंपो टक्कर में पति-पत्नी और बच्चे की गंभीर चोटें, बच्चे की मौत

**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनपुर गांव के पास सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे बाइक और टेंपो की टक्कर में एक पति-पत्नी और उनके दो वर्षीय बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई। घायलों के परिजनों के अनुसार, पांकी थाना क्षेत्र के निवासी विष्णु साव अपनी पत्नी और छोटे बच्चे के साथ बरवाडीह थाना क्षेत्र के अमडीहा अपने बहनोई के घर गए थे। घर लौटते समय कचनपुर गांव के पास यह दुर्घटना हुई। घटनास्थल पर बरवाडीह थाना पुलिस पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले गई। इस घटना के बाद महिला जब अपने दो वर्षीय बेटे की मृत्यु की खबर सुनी, तो वह अत्यंत व्यथित हो गई। बरवाडीह थाना प्रभारी राधे श्याम ने बताया कि बाइक और टेंपो दोनों को थाना में रखा गया है, जबकि टेंपो चालक मौके से फरार हो गया। घायल महिला अभी बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर और सरकारी विद्यालय के पास शराब दुकान, स्थानीय लोगों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा क्षेत्र में ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास और सरकारी विद्यालय के ठीक सामने एक सरकारी अनुज्ञप्तिधारी शराब दुकान का संचालन हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल और विद्यालय के पास शराब दुकान होने से बच्चों और धार्मिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।
स्थानीय निवासी संजय कुमार ने कहा, मंदिर और विद्यालय के पास शराब दुकान चलना अनुचित है। यह न सिर्फ बच्चों पर गलत प्रभाव डाल रहा है, बल्कि धार्मिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार प्रशासन से इस दुकान को हटाने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।
विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक भी इस मामले को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि शराब दुकान के कारण विद्यालय के आसपास का माहौल बिगड़ रहा है, जिससे बच्चों की सुरक्षा और मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ सकता है।
स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने और इस शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है, ताकि मंदिर और विद्यालय के पास का वातावरण शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना रहे।
इस बारे में जानकारी लेने पर सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताया कि सरकारी शराब दुकान का संचालन विद्यालय व धार्मिक स्थल के पास हो रहा है तो यह अनुचित है।इस विषय में लिखित शिकायत मिलने पर किसी अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

# सार्वजनिक सुविधा पर ताला, सब्जी बाजार के दुकानदार और खरीदार परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नई मुहल्ला के सब्जी बाजार में स्थित सार्वजनिक यूरिनल पर कई दिनों से ताला लगा हुआ है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और बाजार में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में प्रतिदिन सैकड़ों लोग सब्जी खरीदने आते हैं, लेकिन सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है।
स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। दुकानदार रमेश यादव ने बताया, 'यहां कई दिन से ताला लगा है। ग्राहकों के साथ-साथ हम दुकानदारों को भी काफी दिक्कत हो रही है। अगर कोई सुविधा है तो उसे चालू क्यों नहीं रखा जा रहा?' बाजार में खरीदारी करने आई सुनीता देवी ने कहा कि महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी मुश्किल हो जाती है। 'शौचालय पर ताला लगा होने से हमें काफी परेशानी होती है। प्रशासन को जल्द से जल्द इसे खुलवाना चाहिए,' उन्होंने कहा।




स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द ताले को हटाकर सार्वजनिक सुविधा को पुनः चालू किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## युवती ने की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

**मेदिनीनगर।** शहर थाना अंतर्गत सुरेश सिंह चौक के पास गली में किराए के मकान मे रह रहे पाटन निवासी स्व. उदय राम की पुत्री पल्लवी कुमारी (उम्र - 17) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
मृतिका के भाई ने बताया कि पिता की मृत्यु लगभग 15 वर्ष पहले ही हो गई थी, जिस कारण पूरे परिवार के साथ हमलोग किराए के मकान मे ही रहते है।
मै और मां सुबह लगभग 9 बजे काम पर निकल गए। मेरा मोबाइल घर पर ही छूट गया था जिस कारण जब मैं मोबाइल लेने घर वापस आया तो देखा रूम बंद है। जब रूम मे अंदर गया तो देखा मृतिका सीलिंग से दुपट्टा बांध गला में बांध कर लटक रही है। तब उसको वहां से उतार कर हॉस्पिटल लाया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# चाल धंसने से दबी तीन महिलाएं, एक की मौत

## घर की लिपाई-पुताई करने के लिए मिट्टी खोद रही थी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर/केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बलिगढ़ गांव के मोटगावा मोड़ के समीप मंगलवार को दीपावली की तैयारियों को लेकर घर की लिपाई-पुताई करने के लिए लाल मिट्टी खोद रही तीन महिलाएं चाल धंसने से दब गयी। घायलावस्था में तीनों को निजी वाहन से परिजनों ने इलाज के लिए भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, वहां डॉ. दिनेश सिंह ने प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया है। अस्पताल जाने के क्रम में रूपनारायण साह की पत्नी रंभा देवी की मौत हो रमना बाजार के समीप हो गई। रंभा देवी पांच माह की गर्भवती भी थी। अन्य दो घायलों में खोनहर गांव निवासी कलावती देवी पति मनोज गुप्ता, सरिता देवी पति जितन को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया है। तीनो महिलाओं के साथ गयी एक महिला ने आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी, तब ग्रामीणों ने जाकर तीनों महिलाओं को मिट्टी से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। घायलों में महिला कलावती देवी को कमर, माथा में चोट लगी है वहीं सांस लेने में दिक्कत हो रही है। जानकारी के अनुसार दीपावली के तैयारी को लेकर तीनों महिलाएं घर की लिपाई-पुताई करने के लिए मिट्टी खोद रही थी इसी दौरान मिट्टी का चाल धंसने से तीनों महिलाएं उसके नीचे दब गई। घटना की जानकारी के पश्चात थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना कि जानकारी ली। इधर महिला के मौत से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, राजू साह, महेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल की टक्कर में दो घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के झलुआ गांव निवासी गणेश राम का पुत्र राकेश कुमार 20 वर्ष डंडई थाना क्षेत्र के पचोर गांव निवासी नागेंद्र राम का पुत्र दीपक कुमार 18 वर्ष मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल से अपने घर से रेहला स्टेशन किसी को पहुंचाने गया था। वहां से गढ़वा वापस आने के क्रम में एक मोटरसाइकिल सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### करंट की चपेट ने आने से घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी रामकेश विश्वकर्मा का पुत्र संजय विश्वकर्मा करंट की चपेट में आने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह अपना मोबाइल फोन चार्ज में लगा रहा था। इस बीच इसके चार्जर में करंट आ गया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका इलाज चल रहा है। घटन में घायल के हाथ में गंभीर जख्म का निशान है।

### पिकअप के धक्के से एक की मौत, एक घायल

**गढ़वा।** धुरकी कदवा मार्ग पर कदवा चार मुहान के पास मंगलवार को पिकअप की धक्के से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल सवार एक युवक घायल है। घटना में मृतक धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव निवासी राजकुमार भुइयां का पुत्र अनूप भुइयां 22 वर्ष है। इस घटना में घायल उसी गांव के भूखन भुइयां का पुत्र कामेश्वर कुमार भुइयां 20 वर्ष है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों एक मोटरसाइकिल से अपने घर से बगल के खुटिया गांव किसी काम से जा रहा था। इस बीच घर से कुछ ही दूरी पर चार मुहान के पास एक पिकअप सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया।

## चौथे दिन दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन के चौथे दिन मंगलवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से दो प्रत्याशियों जयराम पासवान एवं रामनरेश यादव ने निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। रामनरेश यादव ने ऑनलाईन नामांकन दाखिल किया। जयराम पासवान ने ऑफलाईन नामांकन दाखिल किया। बाद में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ ने नामांकन की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद दोनों प्रत्याशियों को शपथ दिलाई।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च ग्रामीणों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** विधानसभा चुनाव के मध्येनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के नेतृत्व में मंगलवार को बीएसएफ की टीम ने थाना क्षेत्र के सोनबरसा, गम्हरिया, बीजडीह, चांदडीह, खैरवा, कोसडीहरा सहित सोनतटीय क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस अवसर पर पुलिस के लोगों ने मतदाताओं से निर्भीक होकर बगैर किसी लालच और दबाव में अपना स्वेच्छा से अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि सोन तटीय केतार थाना क्षेत्र पड़ोसी राज्य बिहार से सटा है। इसके मध्येनजर पुलिस द्वारा यहां पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से बात कर उन्हें किसी भी तरह की समस्या होने पर बेहिचक इसकी जानकारी पुलिस को देने की अपील की। सभी मतदाताओं को आसन्न विधानसभा चुनाव में अपने मत का शत प्रतिशत प्रयोग करने का आह्वान किया।

# अनंत प्रताप देव करोड़ों की संपत्ति के मालिक, चुनाव संबंधी दो मुकदमों में घिरे

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा करोड़पति हैं। उनकी आय का प्रमुख स्रोत कृषि और निवर्तमान विधायक पेंशन है। अनंत प्रताप देव की शिक्षा वाराणसी के सेंट्रल हिंदू स्कूल से प्लस टू तक हुई है। शपथ पत्र के अनुसार, अनंत प्रताप देव के पास लगभग 13.5 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है, जबकि उनकी पत्नी और पुत्र के पास लगभग 3 करोड़ रुपये की संपत्ति है। 2024-25 की आयकर विवरणी के अनुसार, अनंत प्रताप देव की आय 14.99 लाख रुपये, पत्नी की 11.51 लाख रुपये और पुत्र की 4.83 लाख रुपये है। उनके पास 2 लाख रुपये नकद, 10.60 लाख रुपये बैंक खाते में, और 30 लाख रुपये मूल्य के पांच वाहन हैं, जिनमें एक होंडा कार, तीन स्कॉर्पियो और एक थार शामिल हैं। उनके पास 50 लाख 60 हजार रुपये के गहने भी हैं। अनंत प्रताप देव के पास मंझिआंव में 31 एकड़ कृषि भूमि है, जिसका बाजार मूल्य 80 लाख रुपये है। इसके अलावा गढ़वा शहर में 8 करोड़ रुपये की गैर-कृषि भूमि और मंझिआंव में 2 करोड़ 50 लाख रुपये मूल्य की एक कॉमर्शियल बिल्डिंग है। उनका लखनऊ में एक मकान और उनकी पत्नी का रांची में एक अपार्टमेंट है।

**शपथ पत्र**

अनंत प्रताप देव के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं, दोनों चुनाव से संबंधित हैं। पहला मुकदमा धुरकी थाने में कांड संख्या 37/24 के तहत चुनाव कार्य में बाधा डालने और शासकीय आदेश की अवहेलना के आरोप में दर्ज है। दूसरा मामला हरिहरपुर ओपी में कांड संख्या 78/24 के तहत दर्ज है, जिसमें चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने और शासकीय आदेश की अवहेलना का आरोप है। दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं।

### बसपा से पंकज चौबे 25 को करेंगे नामांकन

**भवनाथपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से भवनाथपुर विधानसभा सीट के प्रत्याशी पंकज चौबे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 25 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जानकारी के अनुसार, पंकज चौबे इस अवसर पर अपने समर्थकों के साथ एक रैली के रूप में निर्वाचन कार्यालय पहुंचेंगे। उनकी उम्मीदवारी को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा है, और चौबे ने पहले ही विभिन्न इलाकों में अपने समर्थकों के साथ बैठकें और जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। पंकज चौबे ने अपने चुनावी एजेंडे में क्षेत्र के विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर दिया है। इसके साथ ही वे बेरोजगारी, जल संकट और सड़कों की बदहाली जैसे मुद्दों को भी प्राथमिकता होगी।

## 50 लीटर देशी शराब व 4.5 लीटर विदेशी शराब बरामद

### पुलिस ने 200 ग्राम जावा महुआ नष्ट किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अवैध शराब की खरीद बिक्री को लेकर प्रतिदिन अभियान चला रहा ही है। पुलिस को अभियान में सफलता भी मिल रही है। इस क्रम में पुलिस मंगलवार को पुलिस ने रंका टाडी मुहल्ला के अशोक राम के घर छापेमारी कर करीब 50 लीटर देसी महुवा शराब, 4.5 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है। साथ ही लगभग 200 किलोग्राम जावा महुवा को वहीं पर नष्ट कर दिया गया। पुलिस इसके विरुद्ध बीएनएस व एक्साइज एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर विधि सम्मत कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने इस मामले में अशोक राम के विरूद्ध मामला दर्ज की है।

## विधानसभा चुनाव के लिए 180 शिक्षक मतदान पदाधिकारी नियुक्त



**खरौंधी।** प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत 180 शिक्षकों को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त इन पदाधिकारियों में 31 पीठासीन अधिकारी, 67 प्रथम मतदान अधिकारी, 51 द्वितीय मतदान अधिकारी और 31 तृतीय मतदान अधिकारी शामिल हैं। बीपीएम नवीन प्रकाश ने इस नियुक्ति की जानकारी दी है। उन्होंने बताया की विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान अधिकारियों को मंगलवार को तामिला पत्र उपलब्ध करा दी गई है। पहला चरण का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूरा हो चुका है, जिसमें सभी मतदान अधिकारियों ने भाग लिया। दूसरा चरण का प्रशिक्षण गोविंद हाई स्कूल, गढ़वा में 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, मतदाता पहचान, मतगणना और चुनावी नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। नवीन प्रकाश ने बताया कि सभी मतदान अधिकारी अपने पेज आईडी के माध्यम से प्रशिक्षण में भाग लेंगे, जिससे उनकी उपस्थिति और सहभागिता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने यह भी जोड़ते हुए कहा कि चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इन पदाधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खरौंधी प्रखंड में चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए, निर्वाचन आयोग ने सुनिश्चित किया है कि सभी मतदान अधिकारी उच्च मानकों पर खरे उतरें। आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष बनाने के लिए इन शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा।

## भाजपा में बगावतः सत्येंद्रनाथ तिवारी को टिकट दिए जाने पर वरिष्ठ नेताओं ने विरोध जताया, प्रत्याशी बदलने की मांग आलाकमान से की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के खिलाफ पार्टी के भीतर तीव्र असंतोष और बगावत की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अलखनाथ पांडेय द्वारा आरके पब्लिक स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता में लगभग तीन दर्जन भाजपा नेताओं ने खुलकर पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए और प्रत्याशी बदलने की मांग की। भाजपा नेताओं का कहना है कि उन्होंने शुरूआत से ही गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से एक समर्पित और स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की थी। इन नेताओं का आरोप है कि पार्टी नेतृत्व ने उनकी मांग को अनदेखा कर सत्येंद्र नाथ तिवारी को टिकट दिया, जबकि तिवारी का भाजपा-विरोधी रवैया और पार्टी के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रहा है। उनके अनुसार, तिवारी का व्यवहार लंबे समय से पार्टी कार्यकताओं के प्रति अपमानजनक रहा है, जिससे पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकताओं में भारी असंतोष और निराशा व्याप्त हो गई है। भाजपा के नाराज नेताओं ने सत्येंद्र नाथ तिवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तिवारी ने हमेशा उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है और उनके योगदान की अनदेखी की है। इस व्यवहार ने पार्टी के प्रति उनके विश्वास को कमजोर कर दिया है। नेताओं का कहना था कि सत्येंद्र नाथ तिवारी ने पार्टी के विचारों और आदर्शों का पालन नहीं किया है और पार्टी के प्रति उनका समर्थन भी संदिग्ध रहा है। इस स्थिति में वे उन्हें भाजपा का योग्य उम्मीदवार नहीं मानते। पत्रकार वार्ता के दौरान नेताओं ने पार्टी नेतृत्व को 25 अक्तूबर तक का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि उस तारीख तक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बदलकर किसी अन्य समर्पित और योग्य कार्यकर्ता को प्रत्याशी नहीं बनाया गया, तो वे मजबूरन कोई बड़ा कदम उठाएंगे। हालांकि, उन्होंने इस बड़े कदम का खुलासा नहीं किया, लेकिन संकेत दिया कि पार्टी के लिए यह कदम चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकता है। उपस्थित इस विरोध प्रदर्शन में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित थे, जिनमें अलखनाथ पांडे, भगत सिंह, राजीव राज तिवारी, प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, संजय ठाकुर, महेंद्र सिंह, चंदन जायसवाल, गौरी शंकर बिंद, रामेश्वर सिंह, गिरिन्द्र पांडेय और राम शरीख चंद्रा प्रमुख रूप से शामिल थे।

## आस्था

### हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के लिए चबूतरा निर्माण कार्य शुरू

# ग्रामीण श्रद्धा व भक्ति भाव से प्रतिदिन कर रहे काम



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के राजी पंचायत के बूटहट टोला में खुरधन पहाड़ी के समीप स्थित मुसरा खोह डैम पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के लिए चबूतरा निर्माण का कार्य स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया है। सुरेंद्र मेहता, भगवान दत्त मेहता, उमेश मेहता, बिरादयाल मेहता, श्रीनाथ मेहता, लक्ष्मी चौधरी, जसवंत शर्मा, और बसंत राम ने बताया कि पिछले महीने हुई मूसलाधार बारिश के कारण डैम के टूटने का खतरा मंडरा रहा था। डैम से स्थानीय किसानों के हजारों एकड़ खेतों की सिंचाई होती है। इसके टूटने से फसल और खेत की उपजाऊ मिट्टी के बह जाने का डर था। बारिश के समय ग्रामीणों ने हनुमान जी से प्रार्थना की कि अगर डैम टूटने से बच जाता है, तो वह हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करेंगे। उनकी प्रार्थना के बाद बारिश रुक गई और डैम भी सुरक्षित रहा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बैठक कर चबूतरा निर्माण का निर्णय लिया, और निर्माण कार्य तीन-चार दिन से जारी है। इस अवसर पर नीरज मेहता, मुनीराम, विश्वनाथ मेहता, सुनील पासवान, जोखू पासवान, रामकेश्वर मेहता, उदय राम, मनदीप पासवान, रंजीत, राकेश, दीपक, रयमल, नीतीश, अनुज, परशु, पप्पू, पवन, मनीष, प्रियांशु, अभय, रंजन, शशिकांत, सूर्यकांत, आकाश, सभापति, रविकां, चंदेश, पंचम, बलवंत, मनजीत, अवध आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में भवनाथपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी भवनाथपुर बस्ती निवासी चमन सिंह का नाम शामिल है। एसडीपीओ कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि गढ़वा पुलिस की सोशल मीडिया मांनिटरिंग सेल सोशल मीडिया पर अपलोड किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखे हुए है। गिरफ्तार आरोपी चमन सिंह ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट कर वायरल किया गया था। जिसके आलोक में विधि संवत कारवाई करते हुए भवनाथपुर थाना में आरपी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। उन्होंने आम अवाम से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया में सामाजिक विद्वेष, सांप्रदायिक तनाव या किसी प्रकार के आपत्ति जनक पोस्ट करने से बचे। मौके पर भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीपीआरओ ने किया विद्यालय के प्राचार्य के साथ बैठक, दिए निर्देश

**डंडई।** बीपीआरओ विकास कुमार ने मंगलवार को प्रखंड के सरकारी विद्यालय के प्राचार्य के साथ प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में बैठक कर कई निर्देश दिया। बैठक में बीईईओ प्रतिमा कुमारी, मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कल के प्राचार्य आलोक तिवारी ने भी भाग लिया। बीडीओ देवलाल करमाली के निर्देश पर आयोजित बैठक में बीपीआरओ ने विद्यालय के मुलभूत समस्याओं से अवगत होकर बैठक की कार्रवाई शुरू किया। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी विद्यालय के प्राचार्य से वहां के भौतिक स्थिति के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने प्राचार्य ने विद्यालय में बिजली, पानी की समस्याओं से अवगत हुए। बिजली समस्या की जानकारी मिलने पर उन्होंने संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को अविलंब उसमें सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही पानी की समस्या पर भी उन्होंने वहां के प्राचार्य को चुनाव की तिथि तक हर हाल में पानी की व्यवस्था कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में भाग लिए प्राचार्य ने उक्त कार्यों के बीच आने वाले खर्च को सरकार की ओर से मुहैया कराने की मांग बीपीआरओ से की। उन्हें बताया गया कि आज की महंगाई में किसी भी तरह का सामान एक सौ दो सौ और पचास की लागत में नहीं मिलना है, बल्कि सामग्रियों की खरीदारी में हजार दो हजार से भी अधिक की राशि लोगों का खर्च हो जाता है। उन्होंने कहा कि हर बार के चुनाव में सभी को उक्त प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। ऐसे में सरकारी मदद हम लोगों के लिए अपेक्षित हो जाता है। उनकी समस्याओं को बीपीआरओ ने गंभीरता पूर्वक सुना और मामले को जिला स्तरीय पदाधिकारी के पास रखने की बात कही । बीपीआरओ ने कहा कि प्रखंड के हर विद्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया है। वहां की वस्तु स्थिति जानने के लिए आज प्रखंड के विद्यालय के प्राचार्य के साथ बैठक की गई है। बैठक में उन्हें कई तरह का निर्देश भी दिया गया है। बैठक में मजिस्ट्रेट ईदेश्वर बैठा, संतोष यादव, विरेंद्र महली, सेक्टर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, राजकुमार राम, दीपक कुमार तिवारी, सुदर्शन राम के साथ-साथ प्राचार्य याकूब अंसारी महताब आलम ,अंबिका चौधरी, विनोद राम, अवकाश राम, प्रवेश राम, दुलरू चौधरी इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

### झारखंड लोकतांत्रिक पार्टी के सोनू बने प्रत्याशी

**गढ़वा।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी ने चौथी सूची में युवा नेता सोनू कुमार यादव को विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है। भावी प्रत्याशी सोनू कुमार यादव को विधायक प्रत्याशी बनाए जाने पर उनके समर्थकों के बीच खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व लोगों में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से टिकट मिलने पर सोनू यादव ने पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो के प्रति अभार व्यक्त किया है। पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो व विधायक प्रत्याशी सोनू यादव को जिला कमेटी के लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, नीतेश यादव,अमरेश यादव, विकास पासवान, जयप्रकाश पासवान, राजू यादव, पिंकी देवी, आशीष कुमार, शंभू कुमार, अभय कुमार के नाम शामिल है। विधायक प्रत्याशी सोनू यादव ने बताया कि 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे। पार्टी के जिला कमेटी सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी जनता एवं मतदाता को नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### होम्योपैथ चिकित्सक के स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठने से मरीजों को हुई परेशानी

**डंडई।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों पूरी तरह होम्योपैथ चिकित्सा विहीन विहीन हो गया है। अस्पताल में नियुक्त दो चिकित्सकों में एक का भी अस्पताल में आना नहीं होता है। इस कारण दवा लेने अस्पताल आ रहे मरीजों को बिन दवा लिए ही अपने-अपने घर लौटना पड़ रहा है। मंगलवार को साईटीका, गठिया आदि रोगों से ग्रसित कई मरीज अस्पताल पहुंचे, लेकिन चिकित्सक से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। नतीजन उन्हें बिन दवा लिए अपने-अपने घर लौटना पड़ गया। लीलावती देवी, ध्यान प्रसाद ,दुर्गावती देवी, सुगंधा कुमारी, रूपांजलि कुमारी, नेहा कुमारी, नूरी फातिमा आदि मरीजों ने बताया कि सभी अंग्रेजी दवा खाते-खाते बिलकुल परेशान हो गए लेकिन, आज तक हम लोगों का साईटीका और गठिया बीमारी ठीक नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि उक्त बीमारियों का इलाज के लिए सभी अस्पताल आए थे, लेकिन यहां पर चिकित्सक से ही मुलाकात नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि पूछने पर अन्य कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि होम्योपैथ चिकित्सक मोनी सिन्हा अस्पताल आई ही नहीं है। वह उक्त लोगों के जानकारी पर सभी अपने-अपने घर लौट गए। गांव घर के बुजुर्गों से परामर्श के बाद वे लोग होम्योपैथिक दवा लेने को लेकर राजी हुए थे। चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि होम्योपैथ डॉ. मेरे अधीन नहीं आते हैं। उनके बारे में कुछ भी नहीं बता सकते। मामले में पूछने पर सीएस अशोक कुमार ने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### झामुमो महिला मोर्चा की प्रखंड इकाई ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**खरौंधी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी ने अपनी टीम के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत की। संगीता देवी ने झामुमो के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में मतदान करने की अपील की। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा महिलाओं को दिए गए सम्मान और कल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित किया, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिली है।संगीता देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास की गति को तेज किया जा सकता है। उन्होंने दोबारा हेमंत सोरेन सरकार बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में चहुंमुखी विकास होगा और एक पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने लोगों से झामुमो के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके।मौके पर झामुमो के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

### टेंपो दुर्घटना में एक की मौत, पत्नी सहित पांच बच्चे घायल

**गढ़वा।** बंशीधर नगर भवनाथपुर मार्ग पर मकरी गांव के पास टेंपो दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार में पत्नी सहित पांच बच्चे घायल हो गए है। घटना में मृतक बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी दशरथ भुइयां 35 वर्ष है। दुर्घटना में घायल तेरती देवी 30 वर्ष, दुधमुंहा 15 दिन का बच्चा, पुत्र चंदन कुमार 7 वर्ष, चंपा कुमारी 5 वर्ष, चमेली कुमारी 3 वर्ष, रोशन कुमार 2 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया गया कि सभी एक टेंपो से अपने घर से मकरी स्थित एक ईंट भट्ठा में काम करने जा रहे थे। इस बीच ईंट भट्ठा से कुछ ही पहले एक बिजली के पोल से टेंपो की टक्कर हो गई। घटना के बाद आस पास के लोग सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान दशरथ भुइयां की इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### कीटनाशक खाकर युवती ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** लवाचंपा गांव निवासी सीताराम रजवार की पुत्री सुशीला कुमारी 19 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर उसकी मां द्वारा फटकार पड़ी थी। इस बात से नाराज होकर युवती ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक के अनुसार उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### विद्यालय के सोलर पैनल चोरी, बच्चों को पीने के पानी के लिए हो रही है परेशानी

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय स्टालीनगर से अज्ञात चोरों ने सोलर प्लेट की चोरी कर ली है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन माथुर ने थाना में आवेदन देकर चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन में बताया गया है कि सोमवार देर रात मिनी जलमीनार में लगे दो सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मंगलवार को विद्यालय खुलने के बाद हुआ। सोलर पैनल चोरी होने से जलमीनार से पानी की आपूर्ति बंद हो गई है, जिससे बच्चों के बीच पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। बताते चलें कि लगभग 20 दिन पहले पांडेयपुरा स्कूल से महज 100 मीटर के नजदीक 6 बैटरी की चोरी हो गई। सोनपुरा बीघा स्कूल से 17 बोड़ा चावल की चोरी हो चुकी है।

### रैप सॉगं के दुनिया में बनाई पहचान

**प्रतापपुर (चतरा)।** संगीत की दुनिया में रैप सॉगं का क्रेज पहले से रहा और आज भी इसका क्रेज बरकरार है। चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय निवासी सहायक अध्यापक राकेश कुमार मिश्रा के पुत्र अनीश मिश्रा ने भी रैप सॉगं के दुनिया में अपनी पहचान बनाने की ओर बढ़ चुके हैं। मारवाड़ी कॉलेज रांची में आयोजित संगीत के कार्यक्रमों में भी उन्होंने अपने रैप सॉन्ग का जलवा दिखाया है। इससे प्रभावित होकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच इनके गायन कला को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। अनीश मिश्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है की रैप सांग के गीत भी खुद लिखते हैं। संगीत भी खुद देते हैं और इसे अपने स्वर में ताल के साथ गाते भी हैं। इन्हें अनीश कुमार गन्नी के नाम से फेसबुक, इंस्टाग्राम, विंक म्यूजिक यूट्यूब पर सर्च करके उनके संगीत म्यूजिक गाने को देखा व सुना जा सकता है। बताते चले कि गन्नी वर्तमान समय में मारवाड़ी कॉलेज रांची में बीसीए की पढ़ाई कर रहे हैं।

### झामुमो प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुई कल्पना सोरेन, कहा-


# झारखंड के समग्र विकास के लिए हेमंत की सरकार बनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मनोज चंद्रा के नामांकन सभा में पार्टी की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शामिल हुई। जन सभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में गरीब-गुरबों की सरकार है। अबुआ की सरकार माने आपकी सरकार। आप अपना बहुमूल्य वोट देकर झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायें। झारखंड में कोविड के समय विपक्षी अपने-अपने घरों में दुबक गए थे, तब राज्य की हेमंत सरकार ने दूसरे राज्यों में काम करने वाले झारखंड के मजदूरों को बस, रेल, हवाई जहाज से झारखंड लाने का काम किया। सरकार ने महिलाओं के आत्म सम्मानके लिए मंईयां सम्मान योजना लाई, ताकि झारखंड की महिलाएं आत्मनिर्भर बने। झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी तो वह विद्यालय बंद करने का कार्य किया और जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो सीएम एक्सीलेंट स्कूल खोला गया। झारखंड की गरीब जनता के बच्चों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा नसीब हो सके। हेमंत की सोच है झारखंड का समग्र विकास। गरीबों के कल्याण के लिए झामुमो सरकार ने बिजली बिल माफ किया, 200 यूनिट बिजली फ्री किया, 2 लाख तक किसानों का कर्ज माफ किया। इन सभी कार्यों को चलाने के लिए पुनः तीर धनुष छाप पर वोट देकर मनोज चंद्रा को विजय बनाएं। प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने कहा कि सिमरिया विधानसभा के समग्र विकास, भ्रष्टाचार मुक्त विधानसभा बनाने के लिए अपना आशीर्वाद वोट के रूप में दें। वह सिमरिया के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में पीपरवार, कल्याणपुर, टंडवा, लावालौंग, जबडा, पत्थलगडा, गिद्धौर, इटखोरी, मयूरहंड आदि क्षेत्र से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे।

## मनोज चंद्रा ने सिमरिया से किया नामांकन



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा ने मंगलवार को सिमरिया अनुमंडल कार्यालय स्थित निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) सन्नी राज के समक्ष दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री चंद्रा गठबंधन व पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे थे। उन्होंने 2 सेट में अपना नामकण पत्र भरा। नामांकन के उपरांत जन सभा को संबोधित करते हुए मनोज चंद्रा ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में विगत 5 वर्षों में कोई भी विकास के कार्य नहीं हुए। क्षेत्र में विशेष रुप से शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी व सुरक्षा की समस्या व्याप्त है। पर आज तक सांसद व विधायक द्वारा उपरोक्त संमस्याओं के निदान के लिए पहल नहीं की गई। यहां तक कि अबतक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में महाविद्यालय की स्थापना नहीं हुई है।

## राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने माता भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/इटखोरी।** विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश मंगलवार को इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माता मंदिर समेत कई अन्य देवालयों में जाकर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद प्रेस वार्ता में कहा कि मुझे पिता के विरासत को बचाना है। वह निश्चित रूप से चुनाव जीत कर पुनः हेमंत सरकार बनाने में भागीदारी निभाऊंगी। मंईयां सम्मान योजना को लेकर कहा की हमारी सरकार मां-बहन के सम्मान में यह योजना चलाई है। हमारी सरकार सभी का सम्मान करती है। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, अरुण यादव, जागेश्वर यादव, रामभरोष यादव, सुधीर सिंह समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश व मंत्री के प्रति झामुमो कार्यकर्ताओं में असंतोष



**नवीन मेल संवाददाता**

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** जिला के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत सायल बगीचा में इंडिया गठबंधन के मुख्य दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं एक बैठक हुई। अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश साहू व संचालन प्रखंड सचिव धीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता के प्रति असंतोष व नाराजगी जाहिर करते हुए अपने घटक दलों को सम्मान नही देने का अरोप लगाया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि मान प्रतिष्ठान न देतें है और ना ही कार्यकर्ताओं का फोन उठाते हैं, जबकी हम सभी अपना गठबंधन उम्मीदवार समझकर राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी को जीतने का कार्य करते रहे हैं। प्रतिनिधियों के जीतने के बाद गठबंधन के कार्यकर्ताओं को उपेक्षा की नजर से देखा जाता है। इसके कारण मंत्री के साथ गठबंधन के राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के प्रति असंतोष व्याप्त है। बैठक में युवा मोर्चा जिला सचिव बाबूलाल साव, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मदगड़ा पंचायत अध्यक्ष नीतेश कुमार भारती, कैंडी नगर पंचायत अध्यक्ष अलखदेव साव, सचिव मोहम्मद, चिरीदिरी अध्यक्ष विकास कुमार, चारू अध्यक्ष संजय दास के अलावा भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## किसान, मजदूरों की बात करने वाले प्रत्याशी को समर्थन देगी किसान सभा

**कॉंग्रेस पार्टी के रामचन्द्र सिंह को समर्थन देने का निर्णय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला परिषद की बैठक मंगलवार को स्थानीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मो अलाउद्दीन उर्फ पप्पू ने कि। बैठक में किसान एवं मजदूरों के आंदोलन को गति देने के लिए व संगठन को मजबूत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में किसान सभा का सदस्यता अभियान दिसंबर माह से जोर शोर से चलाया जाएगा। वंही आसन्न विधान सभा चुनाव में लातेहार जिले के दोनों विधानसभा में होने जा रहे चुनाव पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जो प्रत्याशी किसानों, मजदूरों के हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगी व किसानों के पैदावार का उचित मूल्य दिलाने, झारखंड में किसानों को पेंशन देने की मांग को लागू कराने, उनके हक की आवाज बुलंद करने वाले प्रत्याशी को ही समर्थन करने का निर्णय लिया गया।

यह फैसला नहीं हो पाया कि लातेहार विधानसभा में किस प्रत्याशी का समर्थन किया जाएगा। इसके लिए स्क्रूटनी के बाद पुनः बैठक कर निर्णय लिया जायेगा। मनिका विधान सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया गया और उनके नामांकन में भी भाग लेने की बात कही गई। बैठक में प्रमोद साहू,अनिल कुमार साहू, तेजू उरांव,धनेश्वर तुरी,सुरेश बासपति,राजेंद्र तुरी,इंदु भूषण रजक,पपून कुमार आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन ने कार को मारी टक्कर, दो घायल



**घायल को मीडिया कर्मियों ने पहुंचाया अस्पताल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मेंनोनाइट के समीप तीखे मोड़ पर एक तेज रफ्तार चेचिस ट्रक ने सामने से आ रहे ऑल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में कार सवार दो युवक घायल हो गए। घायल तनय कुमार ने बताया कि वे लोग डालटनगंज से लोहरदगा जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक चेचिस ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार के शीशे का टुकड़ा तनय कुमार के चेहरे पर जा लगा, जिससे उसके चेहरे पर मामूली रूप से खरोंच आई है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चेचिस ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घायल तनय कुमार पिता सरोज वर्मा (लोहरदगा) के साथ उसका मित्र राहुल कुमार पिता स्व नंदलाल राम (डालटनगंज) मौजूद था। दुर्घटना के बाद वहां से गुजर रहे मीडिया कर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचा कर मानवता का परिचय दिया है।

## भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम का नामांकन 24 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रणनीति बनाई गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया कि जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर 24 अक्टूबर को लातेहार में नामांकन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता 24 नवंबर को सुबह 9:00 बजे बालूमाथ तनतम टोला से सुरक्षित वाहन द्वारा चंदवा होते हुए लातेहार के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके लिए भाजपा के सभी मोर्चा के कार्यकर्ता व बूथ के स्तरीय कार्यकताओं को नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आग्रह किया गया है। मौके पर मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, प्रदेश युवा कार्य समिति सदस्य रवि सिंह,संजय प्रसाद गुप्ता, सूरज शाह,अशोक प्रसाद साह, कृष्ण यादव, शैलेश सिंह, राजेंद्र साह, रघुनंदन सोनी, गजेंद्र हिमांशु, महावीर टूरी, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, विजय ठाकुर, संजीव गुप्ता, तुलसी प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, पवन यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### डिस्लेक्सिया बीमारी को लेकर जागरूकता रैली निकली



**चंदवा।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा मंगलवार को डिस्लेक्सिया बीमारी को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से निकलकर इंदिरा गांधी चौक होते हुए कुसुम टोली तक गई। गौरतलब हो कि डिस्लेक्सिया एक प्रकार की बीमारी है जिसमें अक्षरों एवं वर्तनी की पहचान सही से नहीं हो पाती है। यह जागरूकता अभियान हर वर्ष अक्टूबर माह में मनाया जाता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा तख्ती में स्लोगन लिख कर इस जागरूकता अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राधिका कुमारी,शिक्षक इम्तेयाज खान,विनोद राय,शिक्षिका रुक्मिणी,विजया लक्ष्मी,विभा कुमारी,फुलवंती कच्छप,सुनीता कुमारी,आश्रिता मिंज समेत छात्र छात्राएं शामिल थे।

### डीसी ग्रामीणों की समस्याओं से रू-ब-रू हुए




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से नियोजन, जमीन विवाद, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन आये। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सिन्दूवारी कला व सदर के डमडोईया वन से अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टर को वन विभाग ने मंगलवार को जब्त किया है। बताया गया के वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के निर्देश पर प्रभारी वनपाल रोहित प्रसाद यादव व कमल किशोर के नेतृत्व में टीम गठित कर चतरा प्रक्षेत्र के विभिन्न वनों में सघन गश्ती अभियान चलाया गया। सिंदुआरी कला और डमडोईया जंगल से अवैध बालू खनन तथा ट्रेक्टर द्वारा ढुलाई किया जा रहा था। इस दौरान वन विभाग के छापेमारी दल उक्त स्थल पर पहुंचे अवैध बालू का ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। अवैध रूप से बालू खनन करने में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध अपराध प्रतिवेदन समर्पित किया गया।अभियान में प्रभारी वनपाल रूपलाल यादव,वनरक्षी राकेश कुमार, प्रकाश राणा, मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार, गोपाल गंझू, मो खुर्शीद आलम,तरुण रंजन, निशांत कुमार, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, चालक अब्दुल सलाम, सुरेंद्र कुमार,अशोक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### नेतरहाट स्कूल में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस



**महुआडांड़।** नेतरहाट जंगल वारफेयर स्कूल में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया। मौके पर देश में 1 सितम्बर 2023 से लेकर 31 अगस्त 2024 तक शहीद हुए पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को याद किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण कुमार महतो ने कहा कि जिन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देश के लिए वीरगति प्राप्त करने वाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को शत शत नमन करता हुं। वहीं कार्यक्रम में सार्जेंट मेजर उमेश कुमार उरांव के द्वारा शोक सलामी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मौन धारण किया। साथ ही नमः आंखों से शहीदों को याद भी किया। मौके पर जंगल वारफेयर स्कूल के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव : बारेसाढ़ में ब्रजगृह का निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। मंगलवार को अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, बारेसाढ़ में बनाए गए ब्रजगृह का निरीक्षण किया। आगामी 13 नवंबर को होने वाले मतदान के बाद इस ब्रजगृह में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी जाएगी। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सीओ ने मतदान के लिए बने बूथ संख्या 233 से 238 का भी निरीक्षण किया। इन बूथों पर पेयजल, स्वच्छता और मतदाताओं के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने मतदान कर्मियों को सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की भी जांच की और मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए निर्देश दिया। मतदान स्थल पर किसी भी प्रकार की कमी होने पर तुरंत उसे सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया गया। सीओ ने बताया कि मतदान के दिन बूथ पर आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। बूथों पर स्वच्छता, बिजली, पानी, और मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। चुनावी प्रक्रिया में लगे कर्मियों के लिए भी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि मतदान सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। बारेसाढ़ सेक्टर के इन 6 बूथों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 13 नवंबर को मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रूप से ब्रजरगृह में रखा जाएगा, जहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी।

## अवैध संचालित महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत सोकी पंचायत के अलकडीहा गांव में संचालित अवैध शराब भट्ठी को थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने ध्वस्त किया। अवैध शराब भट्ठी का संचालन अलकडीहा निवासी प्रताप मेहता अपने घर के पीछे चलाया जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुलिस की कार्रवाई से संचालक नदी के किनारे छोड़ अपने आवास के आस-पास संचालित करने में जुटे हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार ने टीम गठित कर मंगलवार की सुबह कार्रवाई करते हुए भट्ठी को तोड़कर करीब 25 लीटर अवैध महुवा शराब बरामद किया। 400 किलोग्राम तक जावा महुवा को भी नष्ट किया गया। संचालक मौके पर से भागने में सफल रहा। पुलिस ने मद्ध निषेध अधिनियम के तहत अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को पत्र अग्रेषित किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में संचालित अवैध महुआ शराब भट्ठी के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

### 25 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए गिद्धौर पुलिस ने शराब माफियाओं के विरुद्ध थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में सोमवार की देर रात छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता कर रहे थे। इस क्रम में करीब 25 लीटर अवैध महुआ का शराब बरामद किया गया। वहीं 500 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया।शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई से हड़कंप मची हुई है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए नशे के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान थाना क्षेत्र के बाय गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। विनोद गंझू के घर से 25 लीटर अवैध महुआ का शराब बरामद किया गया। साथ ही लगभग 5 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया गया।ह पुलिस को देख बिनोद गंझू घर से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### आर्म्स खपाने से पहले ही दो अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

# लोहरदगा में अवैध हथियार व कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**पांच हथियार व 82 पीस जिंदा कारतूस चार मैगजीन बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधानसभा चुनाव से पूर्व लोहरदगा पुलिस ने हथियार तस्करी से पूर्व दो अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में रांची के इटकी निवासी कुंदन गोप उर्फ लंगड़ा और चिरंजीव कृष्णा शामिल है। अपराधियों के पास से एक देशी निर्मित कट्टा, चार पिस्टल, चार अतिरिक्त मैगजीन, 7.65 एमएम का 80 पीस जिंदा कारतूस एवं दो पीस 08 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

इस संदर्भ में भण्डरा थाना कांड सं-65/2024 दिनांक-22.10.2024 धारा-25 (1-इ) ए/25(1एए)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि हथियार तस्करों के जमगाई रोड से होते हुए सप्लाई की सूचना मिली थी। जिसके बाद एसआईटी का गठन कर छापेमारी शुरू किया गया। पुलिस की टीम अपराधियों से हथियार खरीदने के नाम पर मुलाकात की और दोनो को रंगेहाथ धर दबोचा। बताया कि भंडरा थाना की पुलिस ने पंडरिया में आम बगान के पास से दोनों युवकों को रंगेहाथ पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने गिरोह के बाकि सदस्यों के नाम का भी खुलासा किया है। पुलिस जल्द उनलोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करेगी। एसपी ने बताया कि घटना के अभियुक्त कुन्दन गोप उर्फ लंगड़ा का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरूद्ध बेड़ो थाना कांड सं0-90/2023 धारा-385/387 भा०द०वि० एवं 1884 के तहत कांड दर्ज है। पत्रकार वार्ता के मौके पर डीएसपी समीर कुमार तिर्की, पुलिस निरीक्षक सच्चिदानंद साहू, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद आदि अन्य मौजूद थे।

### छापेमारी टीम में ये अधिकारी थे शामिल

**लोहरदगा।** छापामारी दल मे 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सहायक समादेष्टा तथा साथ आये सशस्त्र बल के जवान, पु०नि०चन्द्रशेखर आजाद पु०नि० किस्को अंचल, पु०अ०नि० हर्षवर्द्धन कुमार सिंह थाना प्रभारी किस्को थाना, पु०अ०नि० अरविन्द सिंह थाना प्रभारी भण्डरा, पु०अ०नि० पप्पु कुमार भण्डरा थाना, स०अ०नि० संतोष कुमार राय, राजू महतो, विपीन हजाम, बुधराम सिंह मुण्डा, निर्मल मार्शल मिंज, नीरज कुमार मिश्र, अशुतोष कुमार सिंह, सुधांशु शेख, विकास कुमार सिंह, अरविन्द्र कुमार सिंह शामिल हैं।

## आर्म्स एक्ट का फरार वांटेड आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सेन्हा-लोहरदगा।** आर्म्स एक्ट मामला में फरार वांटेड आरोपी को सेन्हा पुलिस ने खूंटी न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष मंगलवार को प्रस्तुत किया. विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी ग्राम निवासी स्वर्गीय प्रदीप भगत का पुत्र सोनू भगत उर्फ सूर्यदेव भगत आर्म्स एक्ट मामला में खूंटी जिला के कर्रा थाना कांड संख्या 32/13 में आर्म्स एक्ट के नामजद फरार वांटेड आरोपी है. जो लंबे समय से फरार चल रहा था.वही फरार वांटेड के विरुद्ध खूंटी न्यायालय के आदेशनुसार जी आर नम्बर 233/13 ए के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई अलबिना लकड़ा शस्त्र बल के सहयोग से फरार वांटेड आरोपी का चौकनी ग्राम स्थित घर से गिरफ्तार कर खूंटी न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया.जानकारी के अनुसार बताया जाता है.कि न्यायलय के द्वारा जारी नोटिस के बावजूद आरोपी आदेश का उलंघन करते हुए पुलिस से छुपता फिर रहा था।

### बालू लदा हाइवा ट्रक खेत में पलटा, फसल बर्बाद

**सेन्हा-लोहरदगा।** कोराम्बे में बालू लदा हाइवा ट्रक पलट गया.जिसे चालक को हल्की चोट लगी है.वही किसान का धान फसल क्षतिग्रस्त हो गया.सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस वही घटना अहले सुबह की बताई जा रही है.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे से घाटा जाने वाली ग्रामीण कच्ची सड़क पर अनियंत्रित हो बालू लदा हाइवा ट्रक जे एच 09 ए एन 0195 पलट गया.हाइवा कोराम्बे ग्राम स्थित कच्ची मार्ग से घाटा की ओर जाने के दौरान पलटा जिससे किसान का खेत मे लगा धान फसल क्षतिग्रस्त हो गया. घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए हाइवा में बालू लोड कहाँ से किया गया था।

## न्यूज | बॉक्स

**व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा**

### निर्वाचन में लगी टीम समन्वय स्थापित कर करें कार्य



**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा निर्वाचन के लिए व्यय प्रेक्षक बिमल चंद्र दास ने विभिन्न कोषांगो के वरीय एवं नोडल पदाधिकारीयों के साथ परिसदन के सभागार में बैठक की।बैठक में उन्होंने एफएसटी, वीएसटी एवं वीवीटी टीम के सदस्यों को प्रत्याशियों के व्यय से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए अपने अनुभव साझा की। उन्होंने सभी सदस्यों को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने जांच पड़ताल कर ही राशि सीज करने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने टीम को समय-समय पर सी विजिल एप को अपडेट करने का निदेश दिया। अकाउंटिंग टीम को को उन्होंने सावधानी पूर्वक सैडो पंजी का संधारण करने का निर्देश दिया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल अधिकारी मीडिया कोषांग को उन्होंने पेड न्यूज पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों के प्रश्नों का एक एक कर जवाब देते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला पंचायती राज अधिकारी अंजना दास, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, राज्य कर पदाधिकारी धर्मेंद्र भगत, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यय से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डालसा सचिव ने जिले में कार्यरत पीएलवी के साथ की मासिक बैठक




**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा सचिव राजेश कुमार के द्वारा जिले में कार्यरत पीएलवी के साथ मासिक बैठक की गई। जिसमें उन्होंने सर्व प्रथम आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने घर, आसपास के लोगों व कार्यक्षेत्र में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। वहीं उन्होंने पीएलवी द्वारा किए गए कार्यों और कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जाना। वहीं उन्होंने झालसा, रांची द्वारा जारी कलेंडर के माध्यम से आयोजित होने वाले आयोजनों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को डालसा द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में लोगों को बताएं। साथ ही लोगों की मदद करे। उन्होंने कहा कि लोगों की बहुत सारी समस्याएं है। वहीं समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभाग है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी रखें। ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान करने में सहायता हो सके। अब लोहरदगा जिले के प्रत्येक थाने में पीएलवी कि नियुक्ति हो चुकी है।

### शराब और बीयर का अवैध परिवहन कर रहा गाड़ी पलटी




**भंडरा ।** बेड़ो- लोहरदगा मुख्य सड़क में झीको देवी मंडप के समीप टाटा एस गोल्ड जेएच 01 एफ एफ 5135 गाड़ी अचानक सड़क पर पलट गई । यह गाड़ी संजय यादव के नाम से रजिस्टर्ड है। गाड़ी में शराब एवं बियर का अवैध परिवहन किया जा रहा था। शराब को छुपाने के लिए शराब के पेटियों के ऊपर मवेशी चारा खली के बोरा रखा हुआ था। गाड़ी जैसे ही पलटी खली के बोरा अलग हो गए और गाड़ी में लदा अवैध शराब का पेटी बाहर आ गया यह देखते ही राहगीर रुक-रुक कर शराब की पेटी ले लेकर भाग गए । पुलिस के पहुंचने से पहले गाड़ी में लदा हुआ शराब एवं बियर की पेटियों को राहगीर लेकर भाग गए। आसपास के लोगों के अनुसार शराब एवं बियर का यह खेप नकली शराब का धंधा से जुड़ा हुआ माना जा रहा है । फिलहाल भंडरा पुलिस वाहन को जप्त कर थाना लाया है और पड़ताल में जुट गया है।

**निर्दलीय प्रत्याशी रमेश उरांव ने किया नामांकन**

## सरना सनातन धर्म की रक्षा करना प्राथमिकता : रमेश उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जय श्री राम समिति के संरक्षक, बिशनपुर के पूर्व भाजपा विधायक रमेश उरांव मंगलवार को समर्थकों के साथ लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। अनुमंडल पदाधिकारी सह रिटर्निंग अफसर के समक्ष नामांकन का दस्तावेज कार्य पूरा किया। इस दौरान मीडिया कर्मियों से निर्दलीय प्रत्याशी रमेश उरांव ने कहा कि, विधानसभा चुनाव लड़ने के पीछे उनकी सोच सरना और सनातन हितों की रक्षा करना है। बड़ी संख्या में लोहरदगा में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान की घुसपैठ हो रही है। इस पर नियंत्रण लगाना उनकी प्राथमिकता है। बस स्टैंड से निगनी गांव होते हुए गुमला रेलवे लाइन विस्तारीकरण योजना को जमीनी स्तर पर उतरा जाएगा। सरकारी भूमि में धर्म विशेष का कब्जा पर रोक लगाई जाएगी। आदिवासी भूमि की सुरक्षा के लिए ठोस पहल किया जाएगा। प्रत्याशी रमेश उरांव ने कहा, भाजपा अब पुरानी भाजपा नहीं रही ।सम्मान पार्टी में नहीं होती है। भाजपा अब व्यक्तिवाद व परिवारवाद की पार्टी बन गई है।

## आजसू और कांग्रेस ने कुशवाहा समाज की उपेक्षा की है : अभय महतो

**कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, चुनाव में दोनो दलों के उम्मीदवारों को हराने का कार्य करेगी समाज**



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा आजसू और कांग्रेस ने अपने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दिया है। वही झारखंड की राजनीति में कुशवाहा समाज जो महत्वपूर्ण स्थान रखता है उन्हें इस चुनाव में उपेक्षा का शिकार बनाया गया है। इसका आरोप और कोई नहीं बल्कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो ने लगाया है। उनका कहना है की टिकट बंटवारे में आजसू और कांग्रेस ने कुशवाहा समाज को इग्नोर किया है। जिसका खामियाजा उन्हें चुनाव में हार का सामना करके भुगतना पड़ेगा। विधानसभा चुनाव में आजसू और कांग्रेस के उम्मीदवारों को कुशवाहा समाज हर सीट पर हराने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जिन सीटो पर कुशवाहा समाज की अधिक जनसंख्या है वहा पर इन दोनों के प्रत्याशियों को हराने का काम कुशवाहा समाज करेगी। वहीं कुछ सीटो पर समाज अपने उम्मीदवार भी खड़ी करेगी। अभय महतो ने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रांची में आयोजित सम्मेलन में कहा था कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी। लेकिन कांग्रेस के द्वारा जारी सूची में कुशवाहा समाज का एक भी नेता का नाम नहीं है। जिससे यह साबित होता है कि राहुल गांधी के कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। वही आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के द्वारा भी अपने उम्मीदवारों के नामो की घोषणा किया गया है। जिसमें उन्होंने पक्षपात करने का काम किया है और सिर्फ कुर्मी समाज को टिकट देने का काम किया है। जबकि कुशवाहा समाज को एक भी टिकट नहीं दिया गया है। कांग्रेस और आजसू से कुशवाहा समाज अपने आप को उपेक्षित व छला हुआ महसूस कर रहा है। अब कुशवाहा समाज इन दोनों दलों के उम्मीदवारों को चुनाव में हराने का काम करेगी। अभय महतो ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो लवकुश समाज से आते हैं। समाज को उनसे बहुत उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव में कुशवाहा समाज को भी प्रतिनिधित्व का मौका देगी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जिसका खमियाजा उन्हें आनेवाले विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### पुलिस लाइन में हस्ताक्षर अभियान और मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग की टीम द्वारा पुलिस लाइन लोहरदगा में हस्ताक्षर अभियान और मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई और सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को 13 नवंबर 2024 को होनेवाले मतदान के दिन अपने मतदाधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। भारत के नागरिक के रूप में सभी को लोकतांत्रिक परंपरा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए जाति,समुदाय,भाषा अथवा अन्य प्रलोभन से स्वयं को दूर रखते हुए सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलायी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा,स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारी व कर्मीगण उपस्थित थे।

## कल नामांकन करेंगे एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत अपरिहार्य कारणों से 22 अक्टूबर को नामांकन नहीं कर पायी ।अब यह नामांकन 24 अक्टूबर दिन बृहस्पतिवार को 11:00 बजे दिन में आजसू बीजेपी एवं एल जी पी(आर) के नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ मिलकर किया जाएगा। आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने पार्टी कार्यकताओं एवं एनडीए के घटक दलों के साथ विचार विमर्श के बाद इस आशय की घोषणा करते हुए कहा कि इस बार लोहरदगा फिर से अंगड़ाई ले रही है और परिवर्तन चाहती है। कार्यकर्ता कमर कसकर गांव-गांव तक जाएं ।आजसू निश्चित रूप से विजयी हो रही है, और प्रदेश मेंभी एनडीए की सरकार बन रही है ।आज ये समय की मांग है। राज्य का प्रत्येक व्यक्ति हताश है। यह सरकार सिर्फ ठगने का कार्य किया है। युवा नौकरी के लिए मारा मारा फिर रहा है। महिलाएं महंगाई से बेहाल हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। हर कोई अपने जगह परेशान है ।और इसका जिम्मेवार यह बेपरवाह सरकार है। इसलिए आजसू के कार्यकर्ताओं को सिर्फ क्षेत्र में जाने की आवश्यकता है। विजय निश्चित है ।सभा को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड अलग राज्य के लिए बहुत से कुबार्नी दी है ।इनके कुर्बानियों के बल पर ही झारखंड अलग राज्य बना है, और जो राज्य या घर बनाता है वही उसको सजना और संवारना भी जानता है। हम जीत कर जब आएंगे तो निश्चित रूप से लोहरदगा को सजाएंगे ,सवारेंगे और झारखंड को भी एक नई दशा और दिशा प्रदान करेंगे। सभी लोगों से आग्रह होगा 24 के नामांकन में हमारे साथ चलें इस चुनावी बिगुल के साथ क्षेत्र में लग जाए जीत केलिए कमर कस लें ,जीत निश्चित होगी और सरकार भी हमारी बनेगी।

## व्यवहार न्यायालय में चला मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत के निमित्त गठित स्वीप कोषांग की ओर से मंगलवार को व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष द्वारा सभी पदाधिकारी व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गई। स्वीप कोषांग की ओर से सभी को मतदाता जागरूकता बैंड भी बांधा गया। कार्यक्रम में सभी को जानकारी दी गई कि विधानसभा आम निर्वाचन,2024 की घोषणा निर्वाचन आयोग द्वारा कर दी गई। इसके अंतर्गत 13 नवंबर 2024 को लोहरदगा जिला में मतदान है। सभी को मतदाता के रूप में अपना मतदान करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा कई तरह के मोबाईल एप मतदाता सुविधा हेतु उपलब्ध कराये गये हैं। इसमें मुख्य रूप से वोटर्स हेल्पलाइन एप की मदद से फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना जोड़ने की आवेदन करने की सुविधा, अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र है तो एप के माध्यम से अपने बूथ की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा है। सक्षम एप से दिव्यांग मतदाता उसका लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में एडीजे द्वितीय निरजा आसरी, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अधिवक्तागण, स्वीप कोषांग को पदाधिकारी/कर्मी, न्यायालय कर्मी और पीएलवी सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–30.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0–**10/RCD / Daltonganj/2024-25/980** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 338551 (Road)24-25** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 339414 (District)24-25*D


**लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के सदर, सचिव ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस**

## पूर्व विधायक की कार्यशैली से रोष, मुस्लिम मतों के बिखराव का है अंदेशा: सदर अब्दुल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा एवं सभी प्रखंड अंजुमन के सदर, सचिव ने मंगलवार को अंजुमन इस्लामिया के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व के पदाधिकारी पिछले दिनों अपने निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने की साजिश किया है। इससे मुस्लिम समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा, अंजुमन को बदनाम करने वाले पूर्व के पदाधिकारी मुस्लिम कोम के हितैषी नही हो सकते। कहा, पिछले दिनों झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से अंजुमन का प्रतिनिधि भेंट कर पूरे राज्य में चार विधानसभा सीट में मुस्लिम प्रत्याशी देने की मांग किया था। लोहरदगा में स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की मांग किया था। इसके पीछे अंजुमन इस्लामिया की दूरदर्शी सोच थी। लोहरदगा के विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने कार्यकाल के दौरान मुस्लिम समाज के उत्थान और विकास के लिए कोई ठोस काम कभी नहीं किया। आर्थिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए कभी गंभीरता नहीं दिखाई। इस हालत में विधायक के प्रति मुस्लिम समाज में आक्रोश है। इससे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरुद्ध मुस्लिम समाज के मतों का बिखराव होने की प्रबल संभावना है। मतों के बिखराव को रोकने के लिए स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग की गई थी। सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा, अंजुमन इस्लामिया पूरी तरह सामाजिक संस्था है। बावजूद, मुस्लिम समाज के उत्थान और विकास के लिए परंपरागत तरीके से अलग निर्णय लेने का दस्तूर भी है। वर्तमान में काम की भलाई के लिए अंजुमन इस्लामिया समर्पित और दूरदर्शी होकर कार्य कर रहा है। इस कार्य में शहरी और देही अंजुमन इस्लामिया का पूरा सहयोग मिल रहा है। सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी ने कहा, विगत पाँच वर्षों में निवर्तमान विधायक के द्वारा मुस्लीम समाज के हित में आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं समाजिक उत्थान के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। जिसके कारण लोगों में काफी नाराजगी है। विधानसभा चुनाव में वोट का विखराव होने का अंदेशा है। अंजुमन के पूर्व के ओहदेदारों को पहले अंजुमन इस्लामिया से संपर्क कर इस संदर्भ में सच्चाई जानना चाहिए था। जल्दबाजी में मीडिया में जाकर अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने से परहेज करने चाहिए थी। कहा गया, लोहरदगा की आवाम सबकी हकीकत जानती है। मौके पर अंजुमन इस्लामिया ऑडिट कमिटी के चीफ कन्वेनर सलीम अंसारी बड़े, नारी-नवाडीह अंजुमन इस्लामिया के अदलिया के कुद्दुश अंसारी, भंडरा प्रखंड के सदर आफताब आलम, कैरो अंजुमन के सेक्रेटरी समीद अंसारी, कैरो अंजुमन सचिव शनाउल्लाह संसारी, भंडरा अंजुमन के अब्दुल रउफ खान, सेन्हा अंजुमन इस्लामिया के सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेटरी सलमान अंसारी, अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा अदलिया कन्वेनर प्रवेज सिद्दीकी, पूर्व सदर हाजी शउद आलम, कुडू अंजुमन इस्लामिया के सदर शमशेर खान, सरपरस्त जफर खान, मरकजी अंजुमन इस्लामिया के सदर सलीम आमीर, पूर्व सदर सफीक अंसारी, अंजुमन हॉस्पिटल कमिटी के फारूक कुरैशी, पिंटू मोबाइल, सफरूद्दीन खलीफा, महबूब अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया और प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के ओहदेदार मौजूद थे।


**आम सूचना**

बजरिये इस प्रेस सूचना द्वारा आम पब्लिक को सूचना दी जा रही है कि खाता सं.-64, होल्डिंग सं.-45, प्लॉट सं.-2650, 2688, 3008, 2588, 2593, 2594, 2595, 2654, 2658, 2666, 2679, 2680, 2687, 2697, 2711, 2712, 2713, 2729, 2730, 2731, 2736, 2737, 2851, 2860, 2883, 2930, 2919, 2920, 2932, 2959, 2969, 2980, 3009, 3010, 3015, 3017, 3027, 3032, 3040, 3090, 3086, 3091, 3171, 3173, 3174, 3204, 3208, 3207, 3209, 3210, 3215, 3217, 3231, 3235, 3237, 3249, 3264, 3265, 2649/3274, 2730/3301, 3079 एवं **खाता सं.**-190, **प्लॉट सं.**-3211 **कुल रकबा 19.93 एकड़** है, जो सुआ कौड़िया, टोला-तेलियाबांध, थाना-डालटनगंज, जिला-पलामू जो चियांकी रेलवे स्टेशन के निकट है, जिसका खतियान मेरे दादा स्व. नान्हू मियां एवं फकीरा मियां के नाम से है। उनके वारिसानों के बीच कोई बंटवारा नहीं हुआ है। बिना बंटवारा के तयबा बीबी एवं अबुल फजल पिता एस. के. समसुद्दीन के संतान हैं व नान्हू मियां के पोता-पोती है, धोखाधड़ी एवं जालसाजी द्वारा जमीन का विक्रय एग्रीमेंट कर कर रहे हैं एवं अन्य हिस्सेदारों तथा खरीददारों को फंसा रहे हैं।

अतः कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि का केवाला अथवा विक्रय एग्रीमेंट/पावर ऑफ एटर्नी के माध्यम से जमीन नहीं खरीदें, अन्यथा ऐसा कोई भी प्रलेख अवैध एवं गैरकानूनी माना जायेगा।

शपथ पत्र संख्या : 66/7245 दिनांक : 19/10/2024 अबुल फैज, मो. 9308416153

# जिले में स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता हेतु साइकिल रैली का किया गया आयोजन



**इस साइकिल रैली का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करना है**

**प्रशासन ने अपील की कि वे 13 नवंबर को मतदान अवश्य करें**

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आम नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज गुमला जिले में स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के तहत एक जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आम जनता से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान जागरूकता रैली को उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक पी.डी आईटीडीए सह जिला स्वीप वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं जिला के अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले वासियों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की एवं उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसमें भाग लेकर देश की प्रगति में योगदान दें। इस साइकिल रैली का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करना है, ताकि चुनाव के दिन अधिकतम संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साइकिल रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर चंदाली होते हुए सीलम तक गई, और इस दौरान यह विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर और बैनर लेकर नागरिकों को वोट करने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हमारा मतदान हमारा अधिकार जैसे कई जागरूकता नारे भी लगाएं एवं घर घर तक मतदान करने हेतु संदेश पहुंचाया। इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए जिला प्रशासन ने अपील की कि वे 13 नवंबर को मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। आज के कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती सैफुल्ला अंसारी सहित अन्य संबंधितों की मुख्य भूमिका रही।

# पुलिस व आबकारी विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर में मंगलवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस और आबकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थान पर छापेमारी की जिससे अवैध महुआ शराब कारोबारी में हड़कप मच गया सुबह 7:00 के करीब आबकारी विभाग ने चैनपुर के पीपल चौक स्थित एक घर में छापामारी कर महुआ शराब जब्त करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया वहीं थाना क्षेत्र के रामपुर में भी एक और घर में छापामारी की गई। इधर चैनपुर पुलिस ने भी अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र के आनंदपुर बस्ती के तीन से चार घरों में छापामारी कर महुआ शराब और भारी मात्रा में जावा महुआ जब्त कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया साथ ही शराब बनाने वाले उपकरणों को भी नष्ट कर दिया। पुलिस ने कड़ी चेतावनी के बाद अवैध महुआ शराब कारोबारी को छोड़ दिया।



*इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुंदन चौधरी ने कहा कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी यदि कोई ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी पुलिस लगातार क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलती रहेगी।*

## तीन मतदान जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# जागरूकता रथों के माध्यम से मतदाता हो जागरूक : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समाहरणालय परिसर (चंदाली) से तीन मतदान जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गुमला, सिसई और विशुनपुर विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर रोस्टर के अनुसार मतदाताओं को जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि गुमला जिले में 13 नवंबर 2024 को मतदान होगा और इन जागरूकता रथों के माध्यम से मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने, और युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव आज करेंगे नामांकन दाखिल



**गुमला।** बिशुनपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी समीर उरांव कल, 23 अक्टूबर 2024 को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने पार्टी के सभी मोर्चों, मंचों, प्रकोष्ठों, मंडलों और बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को नामांकन मार्च में भारी संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। सभी कार्यकताओं का एकत्रीकरण सुबह 10:00 बजे गुमला के पालकोट रोड स्थित साहू पेट्रोल पंप के सामने ऑक्सफोर्ड स्कूल के मैदान में होगा। वहां से जुलूस मार्च टॉवर चौक और पटेल चौक होते हुए निर्वाचन कार्यालय (अनुमंडल कार्यालय) तक निकलेगा। भाजपा जिला नेतृत्व ने कार्यकताओं से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनें।

## कुंटू बाबू ने खरीदा नामांकन पत्र,लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव लडने का मन बनाकर मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा में भाजपा के पूर्व प्रत्यासही रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ पहुंच कर अपना नामांकन पत्र खरीदा। इस मोकड़ पर उपस्थित पत्रकारों से मुलाकात कर उन्होंने बताया की मैं रामगढ़ की जनता और कार्यकताओं का सम्मान रखते हुए रामगढ़ विधानसभा चुनाव लडने का मन बनाया हूं और अपना नामांकन सत्ताइस अक्तूबर को दाखिल करने वाला हूं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की गठबंधन में नेता और कार्यकताओं का भले गठबंधन हो जाता है पर वोटरों का गठबंधन नहीं होता और वोट ट्रांसफर नहीं हो पाता ये हमने पिछले लोकसभा चुनाव में भी देखा है। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं मोदी और योगी का खड़ाऊ रख कर जनता के बीच जाऊंगा और उनसे वोट देंने की अपील करूंगा।

## बीडीओ ने बूथ का किया निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने का आदेश



**गावां, गिरिडीह।** गावां बीडीओ महेंद्र रविदास और थाना प्रभारी महेश चंद्र ने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने हेतु विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिया। दोनों पदाधिकारियों ने गावां और जमडार समेत अन्य पंचायतों में जाकर मतदान केंद्रों में व्याप्त सुविधाओं का जायजा लिया। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्रों में निरीक्षण के दौरान बिजली, पानी, लाइट, शौचालय आदि को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जहां भी कमियां देखी जा रही वहां मतदान से पूर्व दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।

## बालू लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर

**गावां, गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ में मंगलवार की सुबह एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक खोरीमहुआ निवासी मो हुसैन पिता मो रमजान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि वह मंझने से राजमिस्त्री का काम कर अपने घर वापस खोरीमहुआ जा रहे थे। इसी बीच बालू लोड ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद उसे 108 एम्बुलेंस के सहयोग से गावां अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क को निजी हाथों से मुक्त करने की मांग, देवकी देवी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क को निजी हाथों से मुक्त करने और पार्क में उचित सुविधाएं बहाल करने की मांग की है। देवकी देवी ने अपने ज्ञापन में पार्क में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई है, जहां सुरक्षा, रख-रखाव और मनोरंजन के उपकरणों की कमी से लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पार्क में फैली असामाजिक गतिविधियों और बढ़ी हुई एंट्री फीस पर भी आपत्ति जताई है। देवकी देवी ने उपायुक्त से मांग की कि पार्क को प्रशासनिक देखरेख में लेकर इसके सौंदर्यकरण और सुविधाओं का पुनर्निर्माण किया जाए।

## गुमला के नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों को बनाया गया स्वीप आइकन उपायुक्त ने किया सम्मानित





**गुमला।** जिले में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तीन प्रमुख खिलाड़ियों को स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) आइकन के रूप में नामित किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर गुमला का नाम रोशन करने वाले इन खिलाड़ियों को शॉल और स्वागत पत्र देकर सम्मानित किया। स्वीप आइकन के रूप में चुने गए खिलाड़ियों में अशुंता टोप्पो , अनित उरांव, और सुरजमुनी कुमारी शामिल हैं।

## शराब बंदी एवं वाहन जांच को लेकर सक्रिय दिखा प्रशासन



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में चुनाव आचार संहिता लगने के बाद से ही सुरक्षा की दृष्टि से नकदी और अवैध शराब के व्यापार को रोकने के लिए पुलिस ने निगरानी तेज कर दी है। मंगलवार को वाहनों की जांच अभियान तेज करते हुए गुमला जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना मोड़, बस स्टैंड, ब्लॉक चौक सहित सभी चौक चौराहा में पुलिस वह मजिस्ट्रेड की निगरानी में सघन वाहन जांचा अभियान चलाया गया। आगामी विधानसभा आम चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही राज्यभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। जिसको लेकर गुमला जिला में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी व मजिस्ट्रेड श्याम कुमार लाल के नेतृत्व में वाहनों की सघन जांच की गयी।इस दौरान पुलिस यहां से गुजरने वाली सभी गाड़ियों की जांच कर रही थी।पुलिस ने बाइक की डिक्की सहित गाड़ी के कागजात चेक किए। वहीं वाहन चालकों मेहड़कमप मच गई वही अधिकारियों ने बताया कि वाहन जांच चलते रहेगी वहीं सभी वाहन चालक अपना कागजात लेके चले नहीं तो करवाई होगी।

## सदर अस्पताल में इलाजरत बाल कैदी खिड़की से हुआ फरार, पकड़ाया

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला से मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे सिमडेगा जिला के कुरडेग निवासी बाल कैदी बाथरूम के वेंटिलेटर से निकल कर फरार हो गया। सूचना पर रिमांड होम के इंचार्ज अविनाश गिरी सहित अन्य लोग सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वही रिमांड होम के मेडिकल इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को चोरी के एक मामले में नाबालिक को रिमांड होम लाया गया था। उसी दिन शाम को कुछ लड़कों के साथ उसकी मारपीट हो गई। घटना में 10 से 12 लड़कों ने मिलकर उसकी बेरहमी से उसकी पिटाई की। जिससे उसके शरीर के अंदरूनी हिस्से में काफी चोट लगी थी। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही बाल कैदी ने सोचा ठीक होने के बाद फिर मुझे रिमांड होम ले जाया जाएगा। जहां मेरे साथ फिर मारपीट की जाएगी। इसी डर की वजह से वह खिड़की से निकालकर फरार हो गया। इसके बाद वह एक बस में बैठ गया और सिमडेगा की ओर जाने लगा इधर घटना की सूचना पर पालकोट थाना की पुलिस पालकोट की ओर आ रहे वाहनों की जांच शुरू की। इसी क्रम में एक बस में सबसे पीछे सीट में उसे बैठा पाया। पालकोट थाना की पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया और कागजी कार्रवाई के बाद मंगलवार की शाम बाल सुधार गृह ले जाया गया। बाल कैदी ने बताया रिमांड होम पहुंचने के बाद मुझे 10 से 12 लड़के रैगिंग करने लगे। इस बीच मेरे साथ मारपीट भी किया। उसने बताया जितने भी नए लड़के अंदर जाते हैं। उनके साथ रैगिंग और मारपीट की जाती है।

## विद्यालयों में मतदाता जागरूकता के लिए चलाया जा रहा अभियान



**गुमला।** जिले में स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो और जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां के नेतृत्व में जिले के विभिन्न विद्यालयों में पेरेंट-टीचर मीटिंग के माध्यम से अभिभावकों और विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान विद्यालयों में छात्रों और अभिभावकों को मतदान की शपथ दिलाई जा रही है।

# जिले में चलाया गया जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गुमला जिले में व्यापक स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के तहत विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वीप प्रभारी रीना हांसदा और नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी के नेतृत्व में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई पहल की गई हैं। अभियान के तहत, कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डुमरी प्रखंड में लेमन ग्रास प्रोसेसिंग सेंटर की उद्योगपति महिलाओं और 'प्रोजेक्ट आशा' से जुड़ी महिलाओं के साथ बैठक कर उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। स्कूली छात्राओं को भी इस अभियान से जोड़ा गया, जहां उन्हें सेनेटरी नेपकिन के उपयोग और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की महत्ता बताई गई। स्वास्थ्य और मासिक चक्र के मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया।

## अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने चलाया विशेष अभियान



**गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के क्रम में मंगलवार को लोकायनयनपुर थाना क्षेत्र के थानसिंहडीह ओपी अंतर्गत कारीपहरी क्षेत्र के घने जंगलों में संचालित महुआ शराब की भट्ठीयों पर ड्रोन की मदद से झारखण्ड और बिहार के उत्पाद विभाग व पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी में अवैध संचालित शराब बनाने वाले उपकरण, जावा महुआ व भट्ठी को नष्ट किया गया। साथ ही 6000 किलोग्राम जावा महुआ और 350 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया। इसके अलावे अवैध शराब कारोबार में संलिप्त कुल 5 अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। बताया गया कि पुलिस की नजर से छुपाकर शराब माफियाओं द्वारा बीहड़ व घने जंगलों में शराब की भट्ठीयां संचालित की जा रही थी। ताकि पुलिस को इसकी भनक न लगे। लेकिन दोनों राज्यों के उत्पाद विभाग और पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद से पहले जंगल में संचालित भट्ठीयों को चिन्हित किया गया।

## तीन विधानसभा क्षेत्रों में शून्य नामांकन

# नामांकन पत्रों की बिक्री जारी

### 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 नामांकन फॉर्म बिक्री किए गए

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
विधानसभा चुनाव 2024 के तहत गुमला जिले के 69-विशुनपुर, 68-गुमला, और 67-सिसई विधानसभा क्षेत्रों में आज, 22 अक्टूबर 2024 को, शून्य नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। निर्वाचन कार्यालय द्वारा सूचित किया गया है कि आज शाम 3 बजे तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

हालांकि, नामांकन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फॉर्म की खरीदारी जारी रही। 69-विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 4, 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के लिए 4, और 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 नामांकन फॉर्म बिक्री किए गए।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, आगामी दिनों में नामांकन प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां धीरे-धीरे जोर पकड़ रही हैं, और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन ने चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदाताओं को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव संपन्न कराने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का

## बाबूलाल मरांडी के नामांकन कार्यक्रम की तैयारी में जुटे भाजपाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम पार्टियां अपने आप को मजबूत करने में जुटी हुई है। सभी पार्टियों के नेता ओर कार्यकताओं का दौरा शुरू हो चुका है। इसी के मद्देनजर धनवार विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी के नामांकन की घोषणा भी हो चुकी है। बाबूलाल 28 अक्टूबर को खोरीमहुआ में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने वाले हैं। इसको लेकर विधानसभा स्तर के तमाम भाजपाई तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी को लेकर मंगलवार को तिसरी प्रखंड अंतर्गत चंदौरी मंडल अंतर्गत थानसिंहडीह पंचायत के नारोटांड दुर्गा मंदिर प्रांगण और लोकाय पंचायत के विवाह भवन में भाजपाइयों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव ने किया। वहीं मुख्य रूप से रामचंद्र ठाकुर,अशोक उपाध्याय, मनोज यादव उपस्थित थे। बैठक के दौरान बाबूलाल के नामांकन में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही भाजपाइयों ने लोगों से बाबूलाल मरांडी व भाजपा को सहयोग करने की अपील की।
इस दौरान लोगों के बीच भाजपा का चुनावी घोषणापत्र पंचप्रण में उल्लेखित बातों को भी रखा गया। मौके पर उदय साव, सुनील शाह,प्रमुख राजकुमार यादव,मदन यादव, दिनेश ठाकुर, विकाश मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिशुनपुर और सिसई से कांग्रेस के कद्दावर नेताओं ने खरीदा निर्दलीय नामांकन पत्र



**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले की तीन प्रमुख विधानसभा सीटें–गुमला, बिशुनपुर, और सिसई–इंडी गठबंधन के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के खाते में हैं। हालांकि, सिसई और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्रों में नए चेहरों की मांग लगातार उठ रही थी, लेकिन गठबंधन ने संकेत दिए हैं कि झामुमो फिर से पुराने चेहरों पर भरोसा कर सकता है। इस फैसले से असंतुष्ट होकर, मंगलवार को कांग्रेस के दो कद्दावर नेताओं ने बगावत करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदा। बिशुनपुर विधानसभा से कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत और सिसई विधानसभा से प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का संकेत दिया है।

## चैनपुर एवं जारी प्रखंड अंतर्गत विधानसभा चुनाव की तैयारियों की एसडीओ ने की समीक्षा

# छोटी सी लारवाही भी परेशानी की वजह बन सकती है : एसडीओ





**अपील**
**एसडीओ ने चैनपुर बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, सभी अधिकारियों और कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक और सतर्कता के साथ निर्वहन करने की अपील की।**

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में चैनपुर प्रखंड स्थित प्रखंड कार्यालयके पुस्तकालय में चैनपुर एवं जारी प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों में विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एसडीओ ने सभी मतदान केंद्रों अंतर्गत अद्यतन तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान एसडीओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से चुनाव से संबंधित उनके पूर्व के अनुभवों के बारे में पूछा, एवं एसडीओ ने पूर्व के चुनावों के अनुभवों के आधार पर इस बार के चुनाव को किस प्रकार से बेहतर किया जा सकता है उससे संबंधित विमर्श किए। सेक्टर मजिस्ट्रेट के अनुभवों के आधार पर एसडीओ ने इस बार के मतदान को त्रुटिरहित रूप से आयोजित करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध हो, जिससे मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हील चेयर और रैंप की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा, एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को समय रहते दूर किया जा सके। मतदान के सुचारू संचालन के लिए मॉक पोल की प्रक्रिया पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी वॉलेंटियर को मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, जिससे मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। मतदान कर्मियों को मतदान के दिवस के दिन औपचारिकता बरतते हुए पूरे सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह्न करने का निर्देश दिया, एसडीओ ने कहा कि छोटी से छोटी लारवाही भी पूरे जिले के लिए परेशानी की वजह बन सकती है इस दौरान मुख्य रूप से चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, चैनपुर एव जारी प्रभार बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, चैनपुर एव जारी के सभी पंचायत सचिव, पंचायत सेवक, इंजीनियर, चैनपुर एव जारी के बीएलओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

"जब आप ईश्वर की खोज करते हैं, तो अल्पकालिक ध्यान को भी इतना तीव्र कीजिए कि आपको ऐसा प्रतीत हो मानो आपने ईश्वर के साथ कई घंटे बिताए हैं। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'योगदा सत्संग पत्रिका'



## संपादकीय

# असंभव लक्ष्य और करियर के लिए दांव पर युवा जिंदगी

भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में विशेषज्ञों के अलावा सबसे बड़ी भूमिका युवाओं की है जो असंभव लक्ष्यों की दौड़ में दिन और रात का अंतर भूल गए हैं। लगभग तीन दशक पहले जब बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित कर रही थी तब यहां एक बंधी बंधायी कार्यसंस्कृति थी जो सरकारी या निजी में लगभग एक ही तरह की थी पर अचानक से बैंक ऋण तक प्रोडक्ट बन गए और फिर जो दौड़ शुरू हुई उसमें आज क्या निजी क्या सरकारी सभी लगे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारी या भारतीय कंपनियों के उलट धड़ाधड़ वेतन वृद्धि या प्रोन्नति देकर इस दौड़ को इतना तेज कर चुकी हैं कि नियम मापदंड सभी सिर्फ कागजों में रह गए हैं और युवा इसके पीछे ऐसे दौड़ रहे हैं कि सबकुछ भूलकर सिर्फ आगे का करियर दिख रहा है । इनके हाथों का लैपटॉप फ्लाइट, मेट्रो से लेकर घरों के बेडरूम तक चलता रहता है। बहुत ने शादी नहीं की या बच्चे नहीं चाहते कि उन्हें पालने का समय नहीं। इस अमानवीय होती दौड़ के बीच हाल में 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की दुखद मौत बहुत चर्चित हुई जिसमें कथित रूप से उनकी मौत शीर्ष वैश्विक अकाउंटिंग फर्म ईवाई ग्लोबल की पुणे स्थित फर्म एसआर बाटलीबोई में काम की अधिकता के कारण हुई थी। समाचारों के अनुसार नौकरी जॉइन करने के चार महीने बाद पेरायिल की मौत जुलाई में हो गई थी। अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की मां अनीता ऑगस्टाइन की ओर से भारत में कंपनी के चेयरमैन को लिखा गया पत्र हाल ही में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से शेयर किया गया। इसमें उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की मौत ज्यादा काम करवाने की वजह से हुई। ऑगस्टाइन ने कहा कि उनकी बेटी ने नई नौकरी की मांगों को पूरा करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी, लेकिन काम की अधिकता, नया माहौल और लंबे समय तक काम करने का असर उसके स्वास्थ्य पर पड़ा। देश का सोशल मीडिया इस होनहार युवा महिला की असमय मौत की वजह से गुस्से और आक्रोश से भरा हुआ है। श्रम मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अर्न्स्ट एंड यंग कंपनी को भारी विरोध वाली प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने एक बयान जारी कर सेबेस्टियन की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का वादा किया है। यह यदि सच है तो बहुत ही भयावह है, किंतु यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। न ही अधिक काम और तनाव केवल कंपनियों के उच्च अधिकारियों या शीर्ष कंपनियों में कार्यरत लोगों को प्रभावित कर रहा है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऐसे देश में जहां शिक्षित लोगों समेत बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी का शिकार हैं और जहां बहुत ज्यादा लोग बेहद सीमित नौकरियों के पीछे भाग रहे हैं, असुरक्षा और तनाव युवाओं को अत्यधिक निराशा के गर्त में धकेल रहा है, जो कभी-कभी उनकी मौत का कारण भी बन रहा है। अन्ना की कहानी दिल दहला देने वाली है। ऐसी ही कहानी पार्टटाइम डिलीवरी का काम करने वाले 19 वर्षीय जे पवित्रन की है, जिसने इसी माह डिलीवरी में विलंब होने पर एक ग्राहक द्वारा डांटे जाने पर खुदकुशी कर ली।

> ऑगस्टाइन ने कहा कि उनकी बेटी ने नई नौकरी की मांगों को पूरा करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी, लेकिन काम की अधिकता, नया माहौल और लंबे समय तक काम करने का असर उसके स्वास्थ्य पर पड़ा।

# सावधान : अनजाने में मिलावटखोरी के जहर का सेवन कर कमजोर हो रहे हम





डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के समय में शुद्ध आहार मिलना बेहद मुश्किल हो गया है क्योंकि हर कोई अपने फायदे के लिए दूसरों की जान लेने पर तुला है। कुछ सालों में देश में कैंसर, हृदय विकार, ब्रेन स्ट्रोक और मानवीय अंगो के विफल होने की तादाद अत्यधिक बढ़ गयी है। हर उम्र के लोगों में असामयिक मौत का आंकड़ा लगातार ऊंचाई छू रहा है और मनुष्य शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर हो रहा है। इन समस्या की मुख्य जड़ मिलावटखोरी का जहर और जहरीला प्रदुषण है। अनजाने में ही सही लेकिन मिलावटखोरी के जहर और प्लास्टिक का सेवन हम रोज कर रहे है। नागपुर का सरकारी अस्पताल, जो एशिया के बड़े अस्पतालों में गिना जाता है, वहां हाल ही में हजारों मरीजों को नकली दवाइयां बाँटी गयी। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लड्डू में पशु चर्बी के मिलावट का पर्दा फाश हुआ। फसल पर हानिकारक कीटनाशकों का छिड़काव, अनाजों को पोलिश, खाद्यपदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए घातक रासायनिक रंगों का प्रयोग, फलों को जल्द पकाने के लिए जानलेवा रसायनों का इस्तेमाल और नकली खाद्यपदार्थ का धड़ल्ले से प्रयोग कर आम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जाता है और खाद्य पदार्थों में अस्वछता की गंभीर समस्या तो पहले से ही बनी है। फसलों पर छिड़काव किये जानेवाले कीटनाशकों के जहर के असर का इसी बात से अंदाजा लगा सकते है कि छिड़काव के दौरान असावधानी होने पर मनुष्य तुरंत जान गवांता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2020 से 2021 में भारत में कीटनाशक विषाक्तता से संबंधित मौतों की संख्या में 6% की वृद्धि हुई हैं। पिछले सप्ताह नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेत से बहने वाले पानी को पीकर बाघ की मौत हो गयी, क्योंकि वह कीटनाशक मिश्रित जहरीला पानी था। हमारे देश में त्योहार आते ही जरुरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है और आश्चर्य की बात है कि मांग बढ़ने पर पूर्ति की सामग्री सिमित होने के बावजूद सामग्री के सप्लाई में कमी नहीं आती है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र राज्य में कोजागिरी पूर्णिमा के दिन दूध का विशेष पेय बनाया जाता है। इस दिन दूध की मांग अन्य दिनों के मुकाबले दोगुनी से अधिक होने के बावजूद पूर्ति उससे भी ज्यादा उपलब्ध होती है। अब ऐसा नहीं हो सकता कि केवल खास दिवस पर ही दुधारू पशु दुगना दूध देते है और उत्पादन एक दिन में दुगना हो जायें। अगर गाय एक दिन में 10 लीटर दूध देती है, तो रोज की तरह 10 लीटर ही दूध देगी, फिर अचानक मार्केट में दूध की आपूर्ति कैसे बढ़ जाती है?

मिलावट की इस खाद्य सामग्रियों से स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करें? यह गंभीर सवाल उपस्थित होता है। गुणवत्ताहीन और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन के मामले में फिलहाल हम शिखर पर है। चिकित्सक कहते हैं कि जंक फूड खराब होता है, फलों का सेवन करना बेहतर है, लेकिन अब मार्केट में कैसे फल खरीदे? अपना एक अनुभव साझा कर रहा हूँ, दो दिन पहले मैंने शहर के मुख्य फल मार्केट से अच्छे गुणवत्ता के सेब और मौसंबी खरीदी थी। फलों का बाहरी आवरण देखकर, अच्छी तरह छाँटकर फल खरीदने के बावजूद दूसरे दिन ही उसमे से आधे से ज्यादा फल सड़ गए। फल खरीदते वक्त मैंने फल विक्रेता से आजकल के गुणवत्ताहीन फलों के बारे में शिकायत भी की थी, तो फल विक्रेता का कहना था, कि उनके पास के फल बहुत उच्च गुणवत्ता के है, कोई शिकायत नहीं होगी, फिर भी फल खराब निकले। फलों के जल्दी खराब होने की मुख्य वजह उन पर होने वाली घातक रासायनिक प्रक्रिया है और दूसरी वजह पल-पल बदलता मौसम है।

कंज्यूमर गाइडेंस सोसायटी ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट में पाया गया कि बाजार में उपलब्ध 79% ब्रांडेड या खुला दूध अयोग्यता का गंभीर विषय है। साल 2019 में दूध के पैकेट के 413 नमूनों का परीक्षण किया गया था, उनमें से केवल 87 दूध के नमूने ही भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानक विनिर्देशों के अनुसार योग्य पाए गए। स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालने वाले दूध में कुछ प्रमुख मिलावट यूरिया, फॉर्मेलिन, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, बोरिक एसिड, कास्टिक सोडा, बेंजोइक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, शर्करा और मेलामाइन हैं। दूध केवल हम पीते ही नहीं है, बल्कि हजारों तरह के खाद्यपदार्थ, मिठाइयां और व्यंजन बनाने में इसी दूध का प्रयोग होता है। देश में उत्पादन से ज्यादा दूध बेचा जाता है। आज दूध से बने अधिकतर खाद्य पदार्थों में शुद्ध दूध का स्वाद ही महसूस नहीं होता है। जबकि उत्पाद पूर्णत शुद्ध है, हमें ये समझाने का भरसक प्रयास विक्रेता करता है। रिसर्च कहता है कि देश में हर तीसरा व्यक्ति नकली दूध का सेवन कर रहा है।

आज की पीढ़ी बाहर खाना पसंद करती है, हर चीज उन्हें इंस्टेंट चाहिए, गुणवत्ता नहीं, सिर्फ स्वाद ही मायने रखता है। अक्सर सोशल मीडिया पर बहुत से वायरल वीडियो में स्ट्रीट फूड के रंगबिरंगे व्यंजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दिखाई पड़ते है। 20-30 रुपये के व्यंजन में भी खूब भर-भरकर बटर, पनीर डाला जाता है, जैसे वह शुद्ध बटर न होकर साधा पानी हो, उसकी कीमत के हिसाब से गुणवत्ता क्या होगी, वह हम समझ सकते है। निम्न दर्जे के खाद्य पदार्थ, अधिकतम पैकेट बंद मसाले, सॉसेज, चटनी, और तेल का अधिकतम प्रयोग, स्वच्छता की कमी नजर आती है। बहुत बार खाद्य पदार्थ तलने के बाद भी वह तेल बार-बार उपयोग में लाया जाता है। गर्म खाद्यपदार्थों में भी प्लास्टिक का प्रयोग बेहद हानिकारक है फिर भी उपयोग किया जाता है। ज्यादातर ऐसे व्यंजनों में गुणवत्ता से समझौता किया जाता है और पोषक तत्वों की जगह केवल विषाक्त तत्व ही दिखाई पड़ते है। बाहरी खाद्य पदार्थों में अधिकतर मिलावटी सामग्री के प्रयोग की संभावना ज्यादा होती है। उदाहरण के लिए अगर हम मार्केट से साबुत मसाले लाकर घर पर पिसा मसाला बनाएं, मूंगफली से तेल, दूध से पनीर, टमाटर से सॉस बनाये फिर भी मार्केट में तैयार उत्पाद से कई गुना महंगा उत्पाद हमारा होगा। फिर मार्केट में इतने सस्ते में उत्पाद कैसे बिकते है? जबकि महंगाई का जमाना है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# विद्यालय, अब जिहाद की नई पाठशाला


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वेदमूर्ति श्रीराम शर्मा आचार्य गायत्री के महान उपासक एवं सनातन हिन्दू धर्म के श्रेष्ठ प्रचारकों में से एक हैं, उन्होंने कहा है कि व्यक्ति विचारों का पुंज है, जिसमें विचार नहीं, वह मनुष्य नहीं हो सकता। इसके सामान्य अर्थ समझें तो हम सभी किसी न किसी विचार से बंधे हैं, ये विचार फिर सकारात्मक या नकारात्मक किसी भी स्तर के हो सकते हैं। किंतु किसी शासन तंत्र में विचार का अर्थ, लोक का कल्याण एवं राज्य में जिसका भी शासन है उसके माध्यम से सर्वजन हित है। इसलिए जो शासकीय सेवा में रहते हैं, उनका भी विचार लोक का कल्याण है, ऐसा कदापि नहीं होता कि कोई अपने व्यक्तिगत विचारों को शासन का नाम दे। शासन की अपनी आचार संहिता है, जिसका उल्लंघन करने का हक किसी भी लोक सेवक को नहीं। किंतु इस वक्त लग रहा है कि भारत में एक अलग ही तरह का इस्लामिक फितूर चल रहा है, जहां देखों वहां तमाम घटनाएं घट रही हैं। जिनका कुल उद्देश्य गैर मुसलमानों को लक्षित करना है। इसे आप आधुनिक संदर्भों में जिहाद नाम भी दे सकते हैं। जिहाद शब्द सुनते ही कई प्रकार के विचार मन में कौंधते हैं। किसी इस्लाम को मानने वाले से पूछेंगे तो वह यही कहेगा कि जिहाद वास्तव में एक अच्छा अर्थ रखने वाला शब्द है। जिहाद का आशय है अल्लाह के मार्ग में अपनी क्षमता के अनुसार अपनी शक्ति का प्रयोग करना। कुरान में जिहाद शब्द का लगभग 36 बार उल्लेख किया गया है। कुरान के मुताबिक, जिहाद के दो प्रकार हैं, 'जिहाद अल अकबर', बड़ा जिहाद, जिसका अर्थ है श्रेष्ठ होना और 'जिहाद अल असगर', जिसका मतलब है बहुत छोटा। हदीस के मुताबिक, इस्लाम में जिहाद चार तरह का है- दिल से जिहाद, हाथ से जिहाद, जबान से जिहाद, सशस्त्र या तलवारी जिहाद। अब इस छोटे और बड़े जिहाद को कुछ इस तरह समझाया गया है। बड़ा जिहाद, मतलब 'स्वयं के खिलाफ जिहाद' यानी अपने अहंकार को दबाने के लिए, बुरी प्रवृत्तियों और प्रवृत्तियों के खिलाफ संघर्ष। छोटा जिहाद एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ लड़ना है जिसने हमला शुरू किया या जिसने अल्लाह की इबादत की स्वतंत्रता का अतिक्रमण किया है। इस्लाम की जानकारी देने वाले कई ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर आप देखेंगे कि जिहाद को लेकर बहुत सफाई दी गई है, कहा गया है कि इसका उद्देश्य खून बहाना, स्थापित सरकारों के प्रति बेवफाई को प्रोत्साहित करना या किसी भी तरह से शांति को बाधित करना नहीं है। ऐसे सभी कार्य इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध हैं। (संदर्भ-अल इस्लाम)। लेकिन इसका व्यवहार जो कहा गया है उसके उलट दिखाई देता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, लेबर जिहाद, वोट जिहाद, केमिकल जिहाद, शिक्षा जिहाद और भी ना जाने कितने प्रकार के जिहाद दुनिया भर में चल रहे हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## हास्य व्यंग्य

# झारखंड की राजनीति और सड़कें


कुमार संजय

झारखंड की राजनीति और सड़कें, दोनों में अद्भुत संबंध है। जब से झारखड बिहार से अलग हुआ है, सरकारें चाहे जिसकी बनी हों, सभी ने पूरी शिद्दत से सड़कों को खोदने का काम किया है। यहां का मुख्य डायलॉग रहा है - 'तुम एक गड्ढा खोदोगे, तो हम चार गड्ढा खोदेंगे। मंत्रियों के साथ-साथ पूरा सरकारी महकमा गड्ढा खोदो अभियान में जी-जान से जुटा रहता है, एक-दूसरे से होड़ करता है, कौन सबसे ज्यादा गड्ढे खोदकर दिखाएगा। अब हालत यह है कि रांची की हर सड़क में गड्ढों का पूरा एक जाल बिछ चुका है। आपको ऐसे चलना पड़ता है जैसे हर जगह टाइम बॉम्ब लगा हो। अभी सीवेज बनने का काम चल रहा है। अभी क्या, पिछले डेढ़ दशक से चल रहा है, और कबतक चलेगा, ये तो भगवानों को पता नहीं। कईसे बन रहा है, मालूम? ठीक सड़क के बीचो-बीच। सा...,साइड का एक नाली कायदे से काम नहीं करता, थोड़ी सी तेज बारिश क्या होती है कि पूरे शहर की नालियां समुन्दर लेखा उफान मारने लगती है, और बनाने चले हैं-सड़क के बीचो-बीच सीवेज। खैर, इसमें हम लोग, मैंगो मेन क्या कर सकते हैं। सिर्फ जी भर के गरिया सकते हैं, तो गरियाते हैं। यहां के लिटरेसी रेट में वृद्धि हो न हो, लोग गाली देने और गरियाने में एक्सपर्ट हो गए हैं। अगर कभी इसकी गणना होगी, तो हम निश्चित रूप से यूपी और हरियाणा को पीछे छोड़ नंबर 1 स्थान हासिल करेंगे। फिलहाल बात सड़कों की हो रही है। यहां सड़क बनती नहीं है, कि बिजली विभाग तरह-तरह के हथियार लेकर पहुंच जाता है। सड़क के बीचों-बीच, दाएं- बाएं अपना हस्ताक्षर छोड़ जाता है। उसके बाद पानी विभाग वाले आते हैं और कहते हैं, अब हमारी भी बारी है, छोड़ेंगे नहीं। देखते हैं, कौन माई का लाल हमें अन्याय करने से रोकता है। यहां कई ऐसी सड़कें हैं, जहां पूरी लगन से टाइल्स लगाया गया और 6 महीने के अंदर फिर उसे इन बिजली और पानी वालों ने दंगल का अखाड़ा बना डाला और आज भी वे सड़कें एक गरीब बेवा की जिंदगी गुजार रही हैं। अब सवाल यह है कि यह गड्ढा संस्कृति इतनी फेमस क्यों है? तो इसका जवाब है - विजन! झारखंड की सरकारें बहुत दूर की सोचती हैं। उन्होंने सोचा, जब लोग जिम नहीं जाते, फिटनेस का ध्यान नहीं रखते, तो क्यों न सड़कों को ऐसा बना दें कि लोगों को बिना जिम जाए ही एक्सरसाइज का पूरा मजा मिल जाए? सड़कों पर गड्ढे डालकर वे आपको मुफ्त में एरोबिक्स का अनुभव दे रहे हैं। और इससे भी बढ़कर, जब आप गड्ढे में गिरेंगे, तो अस्पतालों की चांदी हो जाएगी। डॉक्टर, नर्स, और दवा की दुकानें, सबका बिजनेस चल निकलेगा।



## बोधि वृक्ष

**कैसे विरोधी अच्छी आदतों के प्रारूपों की मस्तिष्क में रचना करके और ध्यान के द्वारा आप बुरी आदतों के खांचों को पूर्ण रूप से मिटा सकते हैं। आपको अपनी बुरी आदतों को इनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा भस्म करके स्वयं को स्वस्थ कर लेना चाहिए।**

# अच्छी आदतों को बनाना एवं बुरी आदतों को नष्ट करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

आदतों के बनने में लगने वाला समय व्यक्तिगत स्नायुतन्त्र और मस्तिष्क के अनुसार बदलता है और मुख्यतः व्यक्ति की ध्यान देने की योग्यता पर निर्भर करता है। गहन एकाग्रता द्वारा प्रशिक्षित मन की शक्ति से किसी भी आदत को स्थापित किया जा सकता है- अर्थात मस्तिष्क में नए ढाँचे बनाए जा सकते हैं- लगभग तुरन्त और जब चाहें। जब आप किसी अच्छी आदत को उत्पन्न करना या बुरी आदत को नष्ट करना चाहते हैं तो, मस्तिष्क की कोशिकाओं परपरन्तु आप उन बुरी आदतों की मनमानी को निष्प्रभावी बना सकते हैं। कैसे विरोधी अच्छी आदतों के प्रारूपों की मस्तिष्क में रचना करके और ध्यान के द्वारा आप बुरी आदतों के खाँचों को पूर्ण रूप से मिटा सकते हैं। आपको अपनी बुरी आदतों को इनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा भस्म करके स्वयं को स्वस्थ कर लेना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपको झूठ बोलने की बुरी आदत है और ऐसा करके आपने अनेक मित्र खो दिए हैं, तो इसकी विपरीत सत्य बोलने की अच्छी आदत को प्रारम्भ करें। किसी बुरी आदत को उस प्रत्येक वस्तु की उपेक्षा करके, जिसके कारण वह उत्पन्न या प्रेरित हुई थी, दुर्बल बनाएँ और उससे बचने के उत्साह में उस पर और अधिक एकाग्र न हो जाएँ। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Panchjanya @epanchjanya · 1d
केजरीवाल के शीशमहल पर बड़ा खुलासा!

65 लाख की TV
9 लाख का फ्रिज
1 करोड़ की रेलिंग
12-12 लाख की टॉयलेट सीटें
4 लाख की मसाज वाली कुर्सी
₹5.6 करोड़ के रिमोट वाले पर्दे
70 लाख के ऑटोमैटिक दरवाज़े
30 लाख की रिमोट कंट्रोल लाइट

जिस महापुरुष ने ये महल बनाया, उसी ने शीला जी के घर में Show more



646 · 5.5K · 14.5K · 958K

## X से

अच्छी बातें · Follow
5d




Amitabh Kumar + 181k · 3.8K comments · 24.9K shares

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**माना गंगा शुद्ध है, देह करे है शुद्ध।**
**लेकिन मन की शुद्धि से, लोग बने हैं बुद्ध।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## अलग बात

# चित्रकला : आंतरिक अभिव्यक्ति का माध्यम


डॉ दीपक प्रसाद

रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य (परफॉर्मिंग आर्ट) कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला, रांची विश्वविद्यालय रांची।



चित्रकला, कला की सबसे प्राचीन और प्रमुख विधाओं में से एक है। यह न केवल एक दृश्य अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि आंतरिक भावनाओं, विचारों और संवेदनाओं को प्रकट करने का सशक्त तरीका भी है। जब कोई व्यक्ति चित्र बनाता है, तो वह केवल रंग और रेखाओं का खेल नहीं करता, बल्कि अपने अंदर के संसार को कैनवास पर उकेरता है। चित्रकला एक ऐसा दर्पण है, जो व्यक्ति की मानसिकता, भावनात्मक स्थिति और आंतरिक संघर्षों को दशार्ता है। किसी भी व्यक्ति की आंतरिक भावनाएँ अत्यंत जटिल होती हैं। इन भावनाओं को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त करना अक्सर कठिन होता है, क्योंकि शब्दों की सीमाएँ होती हैं। लेकिन चित्रकला इस सीमा को तोड़ने का एक साधन है। रंगों, रेखाओं, आकृतियों और विभिन्न शैलीगत तकनीकों का उपयोग करके कलाकार अपने मन के सबसे गहरे कोनों को उजागर करता है। एक कलाकार के लिए, चित्रकला उसका व्यक्तिगत संवाद है, जिसे वह दूसरों के साथ साझा करता है। हर रंग की अपनी विशेषता होती है। उदाहरण के लिए, लाल रंग जहाँ ऊर्जा, प्रेम और उत्साह का प्रतीक है, वहीं यह गुस्से और आक्रामकता को भी दर्शा सकता है। नीला रंग शांति, विश्वास और स्थिरता का प्रतीक है, लेकिन यह उदासी और अकेलेपन का भी द्योतक हो सकता है। जब एक कलाकार रंगों का चयन करता है, तो वह अपने मूड, विचारधारा और संदेश के आधार पर ही उन्हें चुनता है। इस प्रकार, रंग व्यक्ति की मानसिक स्थिति और भावनाओं को प्रकट करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चित्रकला की अनेक शैलियाँ हैं, जो आंतरिक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करती हैं। यथार्थवादी कला (Realism) में कलाकार अपने वातावरण को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें वस्त्र, चेहरे के भाव, प्रकृति और वस्तुओं को उनके वास्तविक स्वरूप में दिखाया जाता है। इसके विपरीत, अभिव्यंजनावादी कला (Expressionism) आंतरिक भावनाओं को अभिव्यक्त करने पर जोर देती है। इस शैली में कलाकार वास्तविकता को तोड़-मरोड़ कर दिखाता है ताकि वह अपनी मानसिक स्थिति को और अधिक स्पष्ट रूप से दर्शा सके। अमूर्त कला (Abstract Art)अमूर्त कला आंतरिक अभिव्यक्ति का एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है। इसमें कलाकार किसी निश्चित रूप या आकृति के बजाय रंगों, रेखाओं और आकारों के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करता है। यह शैली उन भावनाओं और विचारों को चित्रित करने का प्रयास करती है जिन्हें स्पष्ट रूप से शब्दों में बयान करना कठिन होता है। उदाहरण के लिए, कैंडिंस्की की अमूर्त कला उनके आंतरिक संघर्षों और मानसिक तनावों को दशार्ती है। चित्रकला केवल एक रचनात्मक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। जब कोई व्यक्ति अपने आंतरिक विचारों और भावनाओं को चित्रकला के माध्यम से व्यक्त करता है, तो वह एक प्रकार की मानसिक शांति और संतुलन प्राप्त करता है। यह एक प्रकार की चिकित्सा (Art Therapy) के रूप में काम करती है, जहाँ व्यक्ति अपनी भावनाओं और तनाव को मुक्त कर सकता है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपनी चिंता, अवसाद और आंतरिक संघर्षों को बाहर निकालता है और एक सृजनात्मक रूप में उन्हें समझने की कोशिश करता है। चित्रकला केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति का साधन नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कलाकार अपने समाज की परिस्थितियों, मुद्दों और विचारधाराओं को भी अपनी कला के माध्यम से व्यक्त करते हैं। उदाहरण के लिए, पाब्लो पिकासो की 'गुएर्निका' चित्रकला युद्ध की भयावहता और मानव पीड़ा को दशार्ती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### राष्ट्रपति ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से घोषित 38 विजेताओं को किया सम्मानित

# जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्द्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : मुर्मू

**सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहला पुरस्कार ओडिशा को मिला**
**यूपी दूसरे और गुजरात व पुडुचेरी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे**

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्द्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी सक्रिय भागीदारी के बिना जल-सुरक्षित भारत का निर्माण संभव नहीं है। राष्ट्रपति मुर्मु ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं को सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहला पुरस्कार ओडिशा को, उत्तर प्रदेश को दूसरा और गुजरात और पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र और एक ट्रॉफी के साथ-साथ कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार भी दिए। राष्ट्रपति ने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, हमें अपने घरों के नल खुले नहीं छोड़ने चाहिए, इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ओवरहेड वॉटर टैंक से पानी ओवरफ्लो न हो, घरों में जल संचयन की व्यवस्था करनी चाहिए और सामूहिक रूप से पारंपरिक जलाशयों का जीर्णोद्धार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी हर व्यक्ति के लिए एक बुनियादी आवश्यकता और मौलिक मानव अधिकार है। स्वच्छ जल तक पहुंच सुनिश्चित किए बिना स्वच्छ और समृद्ध समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता। पानी की अनुपलब्धता और खराब स्वच्छता का वंचितों के स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आजीविका पर अधिक प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि पृथ्वी पर सीमित मात्रा में ताजा पानी के संसाधन उपलब्ध हैं, फिर भी हम जल संरक्षण और प्रबंधन की अनदेखी करते हैं। ये संसाधन मानव निर्मित कारणों से प्रदूषित और समाप्त हो रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत सरकार ने जल संरक्षण और जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जल संरक्षण हमारी परंपरा का हिस्सा है। हमारे पूर्वज गांवों के पास तालाब बनवाते थे। वे मंदिरों के पास या उनके भीतर जलाशय बनवाते थे, ताकि पानी की कमी होने पर उसमें संग्रहित पानी का इस्तेमाल किया जा सके। दुर्भाग्य से हम अपने पूर्वजों की सीख भूल रहे हैं। कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए जलाशयों पर अतिक्रमण कर लिया है। इससे न केवल सूखे के समय पानी की उपलब्धता प्रभावित होती है, बल्कि अत्यधिक वर्षा होने पर बाढ़ जैसी स्थिति भी पैदा होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय जल पुरस्कार जल संसाधनों के प्रति प्रासंगिक दृष्टिकोण और कार्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पुरस्कार विजेताओं के 'सर्वोत्तम अभ्यास' आम जनता तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का उद्देश्य लोगों में पानी के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और उन्हें सर्वोत्तम जल उपयोग प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



# सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने का मामला**

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज सुनवाई के दौरान यूपी सरकार की ओर से कहा गया कि हमने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को स्वीकार किया है और उसके खिलाफ कोई अर्जी दाखिल न करने का फैसला लिया है। यूपी सरकार का कहना था कि मदरसा एक्ट को पूरी तरह रद्द करने का फैसला ठीक नहीं था। इसके सिर्फ उन प्रावधानों की समीक्षा हो सकती है, जो मूल अधिकारों के खिलाफ जाते है। एक्ट में जरूरी बदलाव किए जा सकते हैं, पर इसे पूरी तरह रद्द करना ठीक नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने 5 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट के इस आदेश से 17 लाख छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस मामले पर विचार करते समय हाई कोर्ट ने कानून की गलत व्याख्या की। एक मदरसा के मैनेजर अंजुम कादरी और अन्य की ओर से दायर इस याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे मनमाना बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि इस फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं।

## बुलडोजर कार्रवाई पर 23 अक्टूबर तक रोक



**नई दिल्ली।** बहराइच हिंसा के आरोपितों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई के मामले पर सुप्रीम कोर्ट कल, यानि 23 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने तब तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मंगलवार को वकील सीयू सिंह ने जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने इस मामले को रखा और जल्द सुनवाई की मांग की। मेंशनिंग के दौरान यूपी सरकार ने कहा कि वो बहराइच हिंसा के आरोपितों के खिलाफ 23 अक्टूबर तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। मेंशनिंग के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि अगर यूपी सरकार हमारे आदेश की अवहेलना का जोखिम उठाना चाहती है, तो उनकी मर्जी है। हम कल इस पर सुनवाई करेंगे। बहराइच हिंसा के तीन आरोपितों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट

## 51 डॉक्टरों का सस्पेंशन हाई कोर्ट से स्थगित

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों के सस्पेंशन का मामला अब राज्य सरकार के निर्णय पर निर्भर करेगा। मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने 51 जूनियर डॉक्टरों के सस्पेंशन के आदेश को फिलहाल स्थगित कर दिया। जस्टिस कौशिक चंदा की बेंच ने स्पष्ट किया कि इस सस्पेंशन पर अंतिम निर्णय राज्य सरकार लेगी। जब तक सरकार अपना निर्णय नहीं देती, तब तक पांच अक्टूबर को जारी किए गए सस्पेंशन के आदेश को प्रभावी नहीं माना जाएगा। मालूम हो कि सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नवान्न में जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की थी और इस सस्पेंशन पर सवाल उठाया था। उन्होंने पूछा था कि राज्य को बिना सूचना दिए यह निर्णय कैसे लिया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की जानकारी के बिना कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।

### टीएमसी सांसद एक सत्र के लिए निलंबित

# कल्याण बनर्जी ने जेपीसी की बैठक में फोड़ी बोतल

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)



'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पर जेपीसी की बैठक में विचार-विमर्श के दौरान मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने हंगामे के माहौल के बीच कांच की बोतल फोड़ दी। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी को उनके व्यवहार के लिए जेपीसी की बैठक से एक सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। कहने का मतलब है कि वह जेपीसी की अगली बैठक में शामिल नहीं हो सकते हैं। जेपीसी की बैठक में 9-7 वोट के अंतर से यह फैसला किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जेपीसी की बैठक के दौरान जब जस्टिस इन रियल्टी, कटक और पंचसखा बानी प्रचार मंडली, कटक के प्रतिनिधि अपनी बात रख रहे थे, उस समय बैठक में जोरदार हंगामा खड़ा हो गया। दरअसल, बिना बारी के ही टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी कई बार अपनी बात रख चुके थे। लेकिन, जब उन्होंने एक बार फिर से बोलने का प्रयास किया, तो भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने उस पर विरोध जताया। इसे लेकर दोनों के बीच तीखी और जोरदार बहस हुई। सूत्रों के मुताबिक, बहस के दौरान ही कल्याण बनर्जी ने टेबल पर रखी कांच की पानी की बोतल को टेबल पर पटक कर फोड़ दिया। इससे कल्याण बनर्जी को चोट भी लग गई। इसके बाद उन्होंने बोतल के टूटे हुए हिस्सों को चेयरमैन की तरफ उछाल दिया। इस घटना के बाद तुरंत ही जेपीसी की बैठक को स्थगित कर दिया गया। इस घटना को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद दोनों ही एक-दूसरे पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, थोड़ी देर बाद जेपीसी की बैठक फिर से शुरू हो गई।

## बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन का रेसिडेंस परमिट बढ़ाया गया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन को दिए गए निवास परमिट को बढ़ा दिया है। इसके लिए लेखिका ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया है। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों की धमकियों के कारण तस्लीमा नसरीन पिछले दो दशकों से भारत में रह रही हैं। नसरीन ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से अमित शाह से भारत में अपने निवास परमिट के विस्तार का अनुरोध किया था। तस्लीमा नसरीन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मंगलवार को एक्स पर पोस्ट साझा किया है जिसमें उन्होंने हाथ जोड़े इमोजी का प्रयोग किया है। इससे पहले उन्होंने सोमवार को भी एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी चिंता प्रकट की और भारत को अपना दूसरा घर बताया था। तस्लीमा नसरीन ने सोमवार को एक्स पर लिखा, प्रिय अमित शाह जी नमस्कार। मैं भारत में रहती हूं, क्योंकि मुझे इस महान देश से प्यार है।

## मध्य प्रदेश की ऑर्डिनेंस फैक्टरी में विस्फोट, दो की मौत, 16 घायल



एजेंसी। जबलपुर (हि.स.)

मध्य प्रदेश के जबलपुर में खमरिया स्थित आयुध निर्माणी (ऑर्डिनेंस फैक्टरी) में मंगलवार सुबह जबरदस्त धमाका हुआ। इस हादसे में दो कर्मचारियों की मौत हो गई है, जबकि 16 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं, एक कर्मचारी लापता है। बताया जा रहा है कि आयुध निर्माणी के एफ6 अनुभाग में पिच्योरा बम को बॉयल्ड आउट करते समय फायर हो गया। विस्फोट के वक्त फैक्टरी के इस भवन में सुबह की पाली में 19 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी घायलों का उपचार जारी है। ऑर्डिनेंस फैक्टरी खमरिया में मंगलवार सुबह 10:45 बजे एफ-6 सेक्शन की बिल्डिंग नंबर 200 में विस्फोट हुआ है। फैक्टरी की इस बिल्डिंग में थाउजेंड पाउडर बम का उत्पादन होता है, जो भारतीय वायुसेना उपयोग करती है। इस विस्फोट के बाद करीब 5 किलोमीटर के क्षेत्र में ऐसा लगा जैसे कि भूकंप आ गया हो। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। आसपास के मानेगांव, चंपानगर, नानक नगर में रहने वाले लोगों ने भी विस्फोट की आवाज सुनी। धमाका इतना तेज था कि फैक्टरी की बिल्डिंग का एक हिस्सा धराशायी हो गया। फैक्टरी प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। विस्फोट के बाद एक कर्मचारी लापता था, जिसका शव मिल गया है। वहीं, एक अन्य घायल कर्मचारी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों को आयुध निर्माणी खमरिया फैक्टरी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विजया रहाटकर ने संभाला राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। रहाटकर ने सरिता विहार स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आयोग के अच्छे काम को आगे लेकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती संख्या सभी के लिए चिंता का विषय है। इससे सख्ती से निपटा जाएगा। ऐसी विकृत मानसिकता वाले लोग जो महिलाओं के खिलाफ अपराध करते हैं, उन्हें शीघ्र सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ उन्हें ऐसा कोई भी अपराध करने के बारे में सोचने से पहले परिणाम का डर होना चाहिए, आयोग इस दिशा में काम करना जारी रखेगा। आरजी कर मामले में उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मप्र में एक लाख लोगों को मिलेगी सरकारी नौकरी

**भोपाल (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में एक लाख पदों पर भर्तियां की जाएंगी। दिसंबर तक इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह पद अलग-अलग विभागों में चिह्नित किए गए हैं। पीएससी, कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि सभी कर्मचारियों को दीपावली के पहले 28 अक्टूबर को वेतन दे दिया जाएगा। निगम, मंडल कर्मचारियों को भी इसी दिन यह वेतन का भुगतान होगा।

## 30 फ्लाइट्स को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश के अधिसंख्य विमानन कंपनियों को लगातार बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। सोमवार देर रात 30 विमानों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया (एआई) की घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स हैं। पिछले आठ दिनों में अबतक 120 से ज्यादा विमानों को बम हमले की धमकी मिल चुकी है। हालांकि, ये सभी धमकी जांच पड़ताल के बाद झूठी साबित हुई हैं।

## अमरावती में दो दिवसीय ड्रोन शिखर सम्मेलन शुरू

**अमरावती (हि.स.)।** आंध्र प्रदेश सरकार राजधानी अमरावती में दो दिवसीय ड्रोन शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रही है। आंध्र प्रदेश की राजधानी में मंगलवार को ड्रोन शिखर सम्मेलन का की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में 5 हजार से ज्यादा ड्रोन हिस्सा ले रहे हैं।

## फरीदाबाद में सात पाकिस्तानियों को मिली भारतीय नागरिकता

**फरीदाबाद (हि.स.)।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को जिले में रह रहे सात पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय नागरिकता के पत्र सौंपे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने मंगलवार को इन महिला-पुरुष नागरिकों को भारतीय संविधान के अनुपालना की हिंदी में शपथ दिलाई। जिला प्रशासन ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नागरिकता संशोधन के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत राकेश प्रकाश, बेमला देवी, जीतो लाल, ज्ञान चंद, सीतन बाई, उम्मीद कुमार और हंसराज को भारत के नागरिक का प्रमाणपत्र दिए।

## नागपुर में शालीमार एक्सप्रेस के 2 डिब्बे बेपटरी

**नागपुर (हि.स.)।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित कलमना रेलवे स्टेशन के पास शालीमार एक्सप्रेस के दो डिब्बे बेपटरी हो गए। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह हादसा रेलवे स्टेशन के नजदीक होने की वजह से रेल यातायात पर असर पड़ा है। दुर्घटना के बाद रेलवे की तकनीकी टीम मरम्मत कार्य में जुट गई है। इस हादसे को लेकर साउथ-ईस्ट सेंट्रल रेलवे के सीनियर डीसीएम दिलीप सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 18029 सीएमएसटी-शालीमार एक्सप्रेस के 2 कोच एस-2 और पार्सल वैन मंगलवार दोपहर 2.30 बजे नागपुर के कलमना रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

## माफी एक्सपर्ट बन गए हैं केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के बारे में उनकी टिप्पणी को लेकर गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार द्वारा उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले को चुनौती दी थी। इस मामले में केजरीवाल के माफीनामे की खबरों के बीच भाजपा ने उन पर निशाना साधते हुए उन्हें 'माफी एक्सपर्ट' बताया और सुझाव दिया कि उनको अपने व्यवहार में बदलाव लाना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केजरीवाल 'माफी एक्सपर्ट' बन गए हैं। कल सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में उनकी अर्जी खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि ऐसा एक बार नहीं हुआ है, उन्होंने 10 बार मानहानि मामले में माफी मांगी है। राजनीति में आलोचना और विरोध करना ठीक है, लेकिन बेतुका आरोप लगाना बेहद गलत है। राजनीति में झूठे आरोप लगाने का अधिकार किसी को नहीं है। ईमानदारी और भ्रष्टाचार का सर्टिफिकेट देने वाले केजरीवाल का चेहरा सभी के सामने आ गया है। लोकसभा चुनाव में तो लोगों ने उन्हें सबक सिखा दिया है। प्रसाद ने कहा कि केजरीवाल 10 बार अलग-अलग लोगों से माफी मांग चुके हैं। यह सभी रिकॉर्ड में है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## जम्मू-कश्मीर में आंतकी हमले के शिकार हुए बिहार के 3 मजदूरों के शव पटना पहुंचे

एजेंसी। पटना (हि.स.)

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के शिकार हुए बिहार के तीन मजदूरों का शव मंगलवार सुबह पटना पहुंचाया गया। मजदूरों के शवों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने पिछले दिनों हमला कर बिहार के तीन मजदूरों सहित 7 लोगों की जान ले ली थी। मृतकों में मोहम्मद हनीफ और मोहम्मद कलीम मधेपुरा के रहने वाले थे। जबकि, फहीम नसीर वैशाली जिले के चेहराकलां अबाबकपुर के निवासी थे। फहीम नसीर सेफ्टी मैनेजर के रूप में वहां काम करते थे। उनका काम पेंटिंग का था, जो लगभग समाप्त हो गया था और जल्द घर आने वाले थे। आतंकी हमले का निशाना बने बिहार के तीन मजदूरों के शवों को इंडिगो की फ्लाइट से पटना एयरपोर्ट पहुंचा गया। एयरपोर्ट से अलग-अलग एंबुलेंस के जरिए श्रमिकों के शवों को उनके घर पहुंचने की व्यवस्था बिहार सरकार की तरफ से की गई। तीनों मजदूरों के शवों को सोमवार की रात श्रीनगर से विमान से दिल्ली लाया गया। इसके बाद शवों को मंगलवार सुबह दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से पटना एयरपोर्ट लाया गया। आतंकी हमले में मारे गए मधेपुरा के रहने वाले हनीफ के रिश्तेदार ने कहा कि वह भी घटनास्थल पर अपने जीजा के साथ मौजूद था।

## भाजपा ने पंजाब की तीन, मेघालय की एक सीट पर उतारे उम्मीदवार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब की तीन और मेघालय की एक विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों के नाम जारी किए। पूर्व मंत्री सरदार मनप्रीत बादल को पंजाब के गिद्दरबाहा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी की सूची के अनुसार पंजाब की डेरा बाबा नानक सीट से सरदार रविकरण कहलों, गिद्दरबाहा से सरदार मनप्रीत सिंह बादल और बरनाला से सरदार केवल सिंह ढिल्लों को उम्मीदवार बनाया गया है।

### पटना में दो दिवसीय 'यात्रा एवं पर्यटन मेला' शुरू

# बिहार के बोधगया को बुद्धिस्ट सर्किट से जोड़ा जाएगा : सतपाल महाराज

एजेंसी। पटना (हि.स.)



**देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम को उत्तराखंड स्थित केदारनाथ से जोड़ा जाएगा**

बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड सरकार ने पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को यहां कहा कि बोधगया (जहां भगवान बुद्ध को दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ था) को बुद्धिस्ट सर्किट से और पटना साहिब गुरुद्वारा को पोंटा साहिब से जोड़ने का प्रयास होगा। बिहार सरकार की मेजबानी में दो दिवसीय 'यात्रा एवं पर्यटन मेला (टीटीएफ)' के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का अहम योगदान होता है। पर्यटन के माध्यम से ही हमें नई जगह की संस्कृति और वहां के इतिहास का पता चलता है। हमारे देश के ऋषि मुनियों ने भी पर्यटन को प्रथम महत्व दिया है। प्राचीन गुरुओं, ब्राह्मणों, ऋषियों और तपस्वियों ने कहा है कि बिना पर्यटन मानव अंधकार प्रेमी होकर रह जाऐगा। पाश्चात्य विद्वान आगस्टिन ने कहा है कि बिना विश्व दर्शन ज्ञान ही अधूरा है। महाराज ने कहा कि बिहार स्थित गंगा की सहयक नदी पुनपुन और गया को, जहां पिंड दान करने का महत्व है, उसे बद्रीनाथ धाम में स्थित ब्रह्मकपाल से जोड़ते हुए देश के 12 ज्योतिलिंगों में से एक झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम को भी उत्तराखंड स्थित केदारनाथ से जोड़ा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को इनके पौराणिक और धार्मिक महत्व की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुव्यवस्थित मास्टर प्लान के तहत केदारनाथ धाम एवं बद्रीनाथ धाम के साथ ही जागेश्वर धाम, महासू, टिम्मरसैण आदि का विकास कर रही है। इस वर्ष अभी तक लगभग 42.00 लाख श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं। महाराज ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीमांत गांवों, दूरस्थ गतंव्यों में केंद्र सरकार की वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों के पलायन की समस्या को रोकने की दिशा में कार्य कर रही है। उत्तराखंड पर्यटन द्वारा शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के लिए एक नई पहल शुरू की गयी है, जिसमें यात्रियों, श्रद्धालुओं को हैली के माध्यम से भगवान शिव के निवास स्थान आदि कैलाश तथा ऊँ पर्वत के दर्शन कराये जा रहे हैं। इसके अलावा राज्य में खगोलीय पर्यटन (एस्ट्रो टूरिज्म) को बढ़ावा दिए जाने के लिए कार्य किया जा रहा है। महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में एस्ट्रो टूरिज्म गंतव्यों की बहुतायत है। उत्तराखंड अपने विशाल वन क्षेत्र, प्रकृति आधारित पर्यटन और होम-स्टे के साथ एस्ट्रो टूरिस्ट की पसंद बनने के लिए विशिष्ट स्थिति में है। उत्तराखण्ड पर्यटन द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों पर नक्षत्र सभा (एस्ट्रो टूरिज्म) का आयोजन शुरू किया गया है, जो भारत का पहला वार्षिक अभियान है। उत्तराखंड पर्यटन द्वारा आयोजित प्रथम दो नक्षत्र सभा (एस्ट्रो टूरिज्म) की अपार सफलता को देखते हुए अब 08 से 10 नवंबर तक बेनीताल, चमोली में तृतीय नक्षत्र सभा (एस्ट्रो टूरिज्म) का आयोजन होगा।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे रुतुराज गायकवाड़

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरुष चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 सदस्यीय भारत ए टीम का चयन किया है, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया है। बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन इस लाल गेंद दौरे के लिए गायकवाड़ के उपकप्तान होंगे, जबकि नितीश कुमार रेड्डी, देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी टीम के अन्य सदस्य होंगे। मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल और नवदीप सैनी इस दौरे पर भारत ए आक्रमण की अगुआई करेंगे, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के साथ मेल खाएगा।

ईशान किशन और अभिषेक पोरेल 15 सदस्यीय भारत ए टीम में दो विकेटकीपर हैं, जो क्रमशः मैके और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति में बताया कि भारत ए टीम पर्थ में टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के खिलाफ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी हिस्सा लेगी। भारत ए का ऑस्ट्रेलिया दौरा 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मैके में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच से शुरू होगा। दूसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक मेलबर्न में खेला जाएगा। भारत ए 15 से 17 नवंबर तक पर्थ में सीनियर पुरुष टीम के साथ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड भिड़ंत के साथ दौरे का समापन करेगा। यह दौरा न केवल उन खिलाड़ियों के लिए एक अवसर के रूप में महत्वपूर्ण है जो वर्तमान में सीनियर पुरुष टीम में नहीं हैं, बल्कि एक लंबे दौरे के दौरान चोट या किसी अन्य कारण से प्रथम-टीम के खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से निपटने के लिए एक रिजर्व टीम भी प्रदान करता है, जिसमें पांच टेस्ट मैच शामिल हैं और इसके बाद सफेद गेंद की एक श्रृंखला होगी। खिलाड़ियों, खासकर मुकेश कुमार, खलील अहमद और यश दयाल जैसे तेज गेंदबाजों के लिए ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों से अनुकूल होने का अवसर है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें।



### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, बाबा इंद्रजीत, ईशान किशन (विकेट कीपर), अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल, नवदीप सैनी, मानव सुथार, तनुश कोटियन।

### शेड्यूल

**31 अक्टूबर से 3 नवंबर:** पहला प्रथम श्रेणी - जीबीआरए, मैके

**07 से 10 नवंबर:** दूसरा प्रथम श्रेणी - एमसीजी, मेलबर्न

**15 से 17 नवंबर:** इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन - वाका, पर्थ

# पृथ्वी शॉ ज्यादा वजन के कारण मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर

एजेंसी



▸ शॉ सचिन तेंदुलकर के बाद रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी में डेब्यू पर शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने।

**नई दिल्ली।** पृथ्वी शॉ को त्रिपुरा के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया है। मुंबई ने आधिकारिक तौर पर बाहर किए जाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि शॉ को अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए कहा गया है और उन्हें बाहर करने का फैसला 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए एक चेतावनी भी है कि वह अपने अनुशासन संबंधी मुद्दों को सुलझा लें।शॉ जुलाई में बेंगलुरु में मुंबई के कंडीशनिंग कैंप और चेन्नई में बुची बाबू ट्रॉफी में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने ईरानी ट्रॉफी की दूसरी पारी में शेष भारत के खिलाफ मुंबई के लिए 76 रन बनाकर अपने घरेलू सत्र की शुरुआत की। मैच ड्रॉ रहा और मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ट्रॉफी जीत ली। रणजी ट्रॉफी में शॉ ने बड़ौदा से मुंबई की हार में 7 और 12 रन बनाए और फिर महाराष्ट्र पर 9 विकेट की जीत में 36 गेंदों पर 1 और 39* रन बनाए। रिपोर्ट के अनुसार मुंबई के चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को लगा कि शॉ का वजन अधिक है। वे नेट अभ्यास सत्रों को गंभीरता से न लेने के कारण भी उनसे नाराज हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे और भारत के स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर लगातार नेट पर अभ्यास कर रहे हैं, वहीं शॉ कथित तौर पर सत्र छोड़ रहे हैं। जब वे अभ्यास सत्र में शामिल होते हैं, तो वे इसे हल्के में लेते हैं और सस्ते में आउट हो जाते हैं। रहाणे और मुख्य कोच ओमकार साल्वी ने शॉ को बाहर करने के निर्णय में चयनकर्ताओं से सहमति जताई। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक शॉ को मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए फिटनेस कार्यक्रम के दो सप्ताह का पालन करने के लिए कहा गया है। टीम प्रबंधन ने एमसीए को बताया है कि 24 वर्षीय शॉ के शरीर में 35 प्रतिशत वसा है। एक समय दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक माने जाने वाले शॉ का करियर अनुशासन और फिटनेस के साथ संघर्ष के आरोपों के साथ भटक गया है। शॉ कई ऑफ-फील्ड मुद्दों का भी विषय रहे हैं जिसमें फरवरी 2023 में एक नाइट क्लब में हुई मारपीट भी शामिल है और बाद में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। शॉ को 2019 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने डोपिंग उल्लंघन के लिए कुछ महीनों के लिए निलंबित कर दिया था। शॉ सचिन तेंदुलकर के बाद रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी में डेब्यू पर शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने अक्टूबर 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।

# सरफराज खान बने पिता, भारतीय बल्लेबाज ने शेयर की बेटे की तस्वीरें

नवीन मेल डेस्क



**2015** से 2018 के बीच उत्तर प्रदेश के साथ खेलने के बाद सरफराज ने मुंबई लौटने पर भारतीय घरेलू परिदृश्य पर तहलका मचा दिया था

**नई दिल्ली ।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान पिता बन गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी साझा की है। सरफराज ने अपने बेटे के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं। सरफराज ने पहली स्टोरी में कहा, 'यह बेटा है।'उन्होंने सीरीज में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 200 रन बनाए, जिनमें से प्रत्येक में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया और उनका औसत 50.00 रहा। सरफराज तब बांग्लादेश के खिलाफ भारत की दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बेंच पर थे और उम्मीद थी कि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के लिए भी प्लेइंग 11 में शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण उन्हें भारत के मध्य क्रम में वापस आना पड़ा। 27 वर्षीय यह खिलाड़ी उन पांच भारतीय बल्लेबाजों में से एक था जो शून्य पर आउट हो गए और मेजबान टीम आश्चर्यजनक रूप से सिर्फ 46 रन पर ढेर हो गई। यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर था, क्योंकि भारत ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए किसी भी टेस्ट पारी में कभी भी 50 रन से कम का स्कोर नहीं बनाया। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में रचिन रवींद्र के शतक की मदद से 402 रन बनाए, लेकिन भारत ने फिर अपनी शानदार पारी खेली। इसमें सरफराज ने 195 गेंदों में 150 रन बनाए। सरफराज ने लाल गेंद से अपनी क्षमता का प्रदर्शन कियायह मुंबई के इस बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक था और उन्होंने इसे 150 रन में भी तब्दील किया। सरफराज ने अपनी पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए और तीसरे विकेट के लिए विराट कोहली के साथ 163 गेंदों पर 136 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 211 गेंदों पर 177 रनों की शानदार साझेदारी की। सरफराज पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए अपने शुरुआती प्रदर्शन के कारण लोगों की नजरों में आए। हालांकि इसके बाद वे सुर्खियों से दूर हो गए और यहां तक कि उन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में भी मुश्किल हुई। 2015 से 2018 के बीच उत्तर प्रदेश के साथ खेलने के बाद सरफराज ने मुंबई लौटने पर भारतीय घरेलू परिदृश्य पर तहलका मचा दिया।

## सचिन के टेस्ट रिकॉर्ड के 'बहुत करीब' पहुंच सकते हैं जो रूट : कुक



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि फॉर्म में चल रहे उनके हमवतन जो रूट आने वाले वर्षों में सचिन तेंदुलकर के 15,921 टेस्ट रनों के रिकॉर्ड के बहुत करीब पहुंच सकते हैं। हाल ही में, रूट ने इस महीने की शुरुआत में मुल्तान में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहले टेस्ट में कुक को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 12,716 रनों के साथ, रूट टेस्ट क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। कुक, जिन्हें आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था, ने आईसीसी द्वारा आयोजित एक राउंड-टेबल इंटरव्यू के दौरान कहा, "मैंने उस पल को देखा, फिर मैंने खेल खत्म होने के बाद उसे फोन किया। मुझे टेक्स्ट मैसेज में लिखने के लिए सही शब्द नहीं सूझ रहे थे।

# हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

एजेंसी




**लंदन।** ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की पदक की उम्मीदों को बड़ा झटका देते हुए आयोजकों ने हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस को आगामी संस्करण के खेल कार्यक्रम से हटा दिया है। राष्ट्रमंडल खेलों में से जिन खेलों से हटा दिया गया है, उनमें भारत 2022 में बर्मिंघम में पिछले संस्करण में पोडियम पर रहा था। भारत ने खेलों के पिछले संस्करण में 22 स्वर्ण सहित 61 पदक जीते थे। कुश्ती में 12, मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में सात-सात, बैडमिंटन में छह, हॉकी और स्क्वैश में दो-दो और क्रिकेट में एक - कुल पदकों का आधे से अधिक। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने पुष्टि की है कि राष्ट्रमंडल खेलों का 23वां संस्करण 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक स्कॉटलैंड में आयोजित किया जाएगा, जो 2014 के बेहद सफल राष्ट्रमंडल खेलों के 12 साल बाद शहर में वापस आएगा। ग्लासगो 2026 में आठ मील के गलियारे में चार स्थानों पर केंद्रित 10-खेल कार्यक्रम होंगे, जिससे प्रतियोगिता के प्रत्येक दिन एक एक्शन से भरपूर प्रसारण कार्यक्रम सुनिश्चित होगा और यह कार्यक्रम बहु-खेल वातावरण और उत्सव के माहौल का आनंद लेने के इच्छुक दर्शकों के लिए सुलभ और आकर्षक होगा। खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, तथा 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल शामिल होंगे।

## द हंड्रेड की टीमों के लिए पांच आईपीएल फ्रेंचाइजी ने लगाई बोली

**नई दिल्ली ।** मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स उन आईपीएल फ्रेंचाइजियों में शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की प्रतियोगिता द हंड्रेड में टीमें खरीदने के लिए बोलियां जमा की हैं। रिपोर्ट के अनुसार जीएमआर ग्रुप और मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के सह-मालिक अवराम ग्लेजर ने भी टीम खरीदने के लिए बोलियां जमा की है। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर थी।

## पुणे टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट हो सकते हैं गिल और पंत : डेशकाटे

**पुणे ।** ऋषभ पंत और शुभमन गिल पुणे टेस्ट के लिए लगभग पूरी तरह से फ़िट हैं। टेस्ट से दो दिन पहले भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने ये संकेत दिए। भारत यह भी उम्मीद कर रहा है कि पंत विकेटकीपिंग के लिए भी फ़िट हों। बेंगलुरू टेस्ट के दूसरे दिन पंत एक स्टंपिंग करते वक़्त अपना घुटना चोटिल कर बैठे थे। इसके बाद पूरे मैच में ध्रुव जुरेल ने कीपिंग का ज़िम्मा संभाला था। हालांकि पंत बल्लेबाज़ी के लिए आए थे और बेहतरीन 99 रनों की पारी खेली थी। लेकिन दूसरी पारी में जुरेल फिर से कीपिंग के लिए आए और पूरी पारी की दौरान कीपिंग की।



# वित्त वर्ष 2025 में रियल जीडीपी 7.2% बढ़ने की संभावना: आरबीआई गवर्नर

एजेंसी



> *घरेलू विकास ने अपनी गति बनाए रखी है और निजी खपत और निवेश में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, विकास में लचीलापन हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने देता है।*

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत विकास के पथ पर अग्रसर है। देश की खपत और निवेश मांग गति पकड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रियल जीडीपी 7.2 प्रतिशत से बढ़ने की संभावना है। शक्तिकांत दास ने आरबीआई के मासिक बुलेटिन में कहा कि बेहतर कृषि परिदृश्य और ग्रामीण मांग के कारण निजी उपभोग को लेकर बेहतर संभावनाएं नजर आती हैं। सेवाओं में निरंतर उछाल से शहरी मांग को भी समर्थन मिलेगा। केंद्र और राज्यों के सरकारी व्यय में बजट अनुमानों के अनुरूप गति आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "उपभोक्ता और कारोबारियों के आशावादी रहने, पूंजीगत व्यय पर सरकार के निरंतर जोर और बैंकों और कंपनियों की हेल्दी बैलेंस शीट से निवेश गतिविधि को लाभ मिलेगा। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2024-25 के लिए रियल जीडीपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें जीपीडी वृद्धि दूसरी तिमाही में 7.0 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत रहेगी। आरबीआई के दस्तावेज के अनुसार, 2025-26 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस बीच, 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें यह दूसरी तिमाही में 4.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रहेगी। 2025-26 की पहली तिमाही के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "खाद्य मूल्य गति में तेजी और प्रतिकूल आधार प्रभावों के कारण सितंबर महीने में सीपीआई प्रिंट को लेकर उछाल देखने को मिलेगा। यह 2023-24 में प्याज, आलू, चना दाल के उत्पादन में कमी का भी प्रभाव रहेगा। आरबीआई गवर्नर ने आगे कहा कि घरेलू विकास ने अपनी गति बनाए रखी है और निजी खपत और निवेश में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, "विकास में लचीलापन हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने देता है।

## ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भारत सरकार की एक सकारात्मक पहल : एक्सपर्ट्स

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़कों पर पूरी तरह से उतारने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भारत सरकार की एक सकारात्मक पहल है। बिलियनई के सह-संस्थापक मुस्तफा वाजिद ने मंगलवार को यह बयान दिया। 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024' के साइड लाइन में आईएएनएस से बात करते हुए मुस्तफा वाजिद ने कहा कि "सही मायने में सरकार ने सबसे पहले हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित किया है जो इस्पात उद्योग, उर्वरक उद्योग, अमोनिया और इसी तरह की औद्योगिक प्रक्रियाओं में आवश्यक है। यह शुरुआती दिन हैं क्योंकि राजमार्गों पर इलेक्ट्रिक वाहन लगाने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म, संचार इत्यादि जैसी कई अन्य चीजों की भी जरूरत होती है।

# स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट के साथ भारत में धमाल मचाएगा रियलमी जीटी 7 प्रो

## एप्पल को टक्कर देगा ये प्रॉसेसर

एजेंसी




**नई दिल्ली।** क्या आपको पता है कि आपके हाथ में मौजूद मोबाइल में सबसे महत्वपूर्ण चीज क्या है? नहीं, तो हम आपको बताते हैं कि आपके मोबाइल में मौजूद उसकी चिपसेट सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। चिपसेट ही हमारे मोबाइल उपकरणों के पीछे असली पावरहाउस होती है। प्रोसेसिंग स्पीड से लेकर कैमरा क्षमताओं तक हर चीज के लिए जिम्मेदार ये चिपसेट अक्सर अमूमन लोगों द्वारा अनदेखी कर दी जाती है। आजकल चिपसेट को मोबाइल की क्षमता की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके लिए लोग भी जागरूक होने लगे हैं। आधुनिक दौर में तकनीक के क्षेत्र में जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का प्रचलन बढ़ रहा है, लोगों के लिए अपने मोबाइल के प्रोसेसर का चुनाव और भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है। क्योंकि मोबाइल की प्रोसेसिंग पावर और एआई मिलकर हमारे अनुभव को और भी बेहतर बना रहे हैं। रियलमी का जीटी 7 प्रो अपनी लॉन्चिंग के बाद भारत में पहला ऐसा स्मार्टफोन होगा, जो भारत में क्वालकॉम के ग्राउंड ब्रेकिंग स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट का उपयोग करेगा। रियलमी कंपनी का यह साहसिक कदम भविष्य में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करेगा। रियलमी कंपनी की यह तकनीक मोबाइल प्रौद्योगिकी के मानकों को और बढ़ाएगी। साथ ही लोगों को अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से क्या उम्मीद करनी चाहिए, इसके लिए नए मानक स्थापित करेगी। रियलमी जीटी 7 प्रो को पावर देने वाला स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट अपने दमदार फीचर की वजह से सिर्फ एक प्रोसेसर भर नहीं है बल्कि यह आज के बाजार में सर्वश्रेष्ठ मोबाइल प्रोसेसर के खिताब के लिए एक मजबूत दावेदार भी है।

# भारत में हवाई मार्गों को बनाया जाएगा और बेहतर, उड़ान योजना का होगा विस्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सरकार द्वारा क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' को अगले 10 वर्षों के लिए बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के तहत उन दूरस्थ इलाकों में भी हवाई मार्ग विकसित किए जाएगा जहां अब तक ऐसी व्यवस्था नहीं थी। सरकार की 'उड़ान' योजना ने हाल ही में अपने 8 वर्ष पूरे किए हैं। इस सरकारी योजना के साथ क्षेत्रीय एयरलाइंस का विकास-विस्तार हुआ है। इसके अलावा, रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। 'उड़ान' योजना ने भारत के दूरदराज के इलाकों को वैश्विक गंतव्यों से जोड़ने वाली हवाई यात्रा में क्रांति ला दी है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के अनुसार, इस योजना के तहत 601 मार्ग और 86 हवाई अड्डे चालू हैं और अब तक 1.44 करोड़ यात्री इसका लाभ पा चुके हैं।

## डिजिटलाइजेशन नहीं होता तो आज हमारा आस्तित्व नहीं होता : ग्रो सीईओ



**नई दिल्ली।** ब्रोकिंग फर्म ग्रो के सह-संस्थापक और सीईओ, ललित केशरे ने सरकार के डिजिटलाइजेशन की तारीफ करते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति के चलते देश में बड़ा बदलाव आया है। अगर ऐसा नहीं होता तो आज हमारी कंपनी का अस्तित्व नहीं होता। 'एनडीटीवी वर्ल्ड इंडिया समिट-2024' के साइडलाइन में आईएएनएस से बातचीत करते हुए केशरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ की और कहा कि उनके नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# अदाणी ग्रुप के अंबुजा सीमेंट्स ने ओरिएंट सीमेंट में खरीदी 47% हिस्सेदारी, 8,100 करोड़ रु में हुई डील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप की सीमेंट्स और बिल्डिंग मटेरियल कंपनी अंबुजा सीमेंट ने मंगलवार को ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड (ओसीएल) में 8,100 करोड़ रुपये में 46.8 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। अंबुजा सीमेंट्स की ओर से यह हिस्सेदारी ओसीएल के मौजूदा प्रवर्तकों और कुछ पब्लिक शेयरधारकों से खरीदी जाएगी। अधिग्रहण को पूरी तरह से आंतरिक स्त्रोतों से फंड किया जाएगा। कंपनी की ओर से दिए गए बयान में कहा गया कि अंबुजा की ओर से ओसीएल के अधिग्रहण से सीमेंट सेक्टर में स्थिति मजबूत होगी। इसके साथ ही सीमेंट बिजनेस के लिए लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी और बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी होगी। अंबुजा सीमेंट्स के निदेशक करण अदाणी ने कहा कि अंबुजा की ग्रोथ यात्रा में यह अधिग्रहण काफी महत्वपूर्ण है।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अब तक 12 मामले दर्ज : के रवि कुमार



**दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 29 अक्टूबर तक होगा नामांकन**

**प्रथम चरण के चुनाव के लिए अब तक 57 नामांकन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र मांडू है। जबकि, झरिया सबसे छोटा है। वहीं जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा बोकारो विधानसभा क्षेत्र है और सबसे छोटा सिल्ली है। उसी तरह सर्वाधिक मतदाता के दृष्टिकोण से बोकारो सबसे बड़ा और लिट्टीपाड़ा सबसे सबसे कम मतदाता वाला क्षेत्र है। इन 38 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष मतदाता 62,79,029 और महिला मतदातओं की संख्या 60,79,019 है। जबकि, थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 14,218 है। इनमें 2,414 केंद्र शहरी क्षेत्र में और 11,804 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाके में हैं। जबकि, थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए अब तक कुल 57 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा है। मंगलवार को 32 लोगों ने नामांकन किया है। अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 12 मामले दर्ज हुए हैं। उन पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। सर्वाधिक आठ मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुए हैं। वहीं एक-एक मामले रांची, सरायकेला खारसांवा, धनबाद और सिमडेगा जिले में दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि चुनावी गतिविधि को प्रभावित करनेवाले तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। राज्य में कुल 290 चेकपोस्ट बनाये गये हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 12.5 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं। सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस ने की है। पत्रकार वार्ता के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित भोजपुरी गीत का वीडियो भी जारी किया गया। इसके गीतकार और संगीत संयोजक संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार हैं। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार भी मौजूद थे।



## डीसी ने मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन को किया रवाना

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त वरुण रंजन ने मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी सह सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।

### सात विस क्षेत्रों में घूम कर जानकारी दी जाएगी

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, ने बताया कि जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो 7 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### ग्रामीण एसपी ने मांडर विधानसभा क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों संग की बैठक



**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने नगर नियंत्रण कक्ष स्थित चुनाव कोषांग में मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी के साथ बैठक की। वहीं पी प्लस 1/2 बुथ, क्लस्टर, रूट मैप, रूट चार्ट तथा सीआरपीएफ बलों के अवसान स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### अजय नाथ शाहदेव ने पार्टी व जनता का जताया आभार



**रांची।** हटिया विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव पार्टी के आला नेताओं व जनता के प्रति अभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुझ पर पार्टी ने जो भरोसा जताया है इसपर मैं खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हूं। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर चलकर हटिया विधानसभा की जनता के साथ और समर्थन से हम-सब बदलाव लाएंगे।

### मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला

**रांची।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा द्वारा आर्यभट्ट सभागार मोरहाबादी रांची, में मतदान जागरूकता कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर किया उद्धघाटन किया गया । जागरूकता कार्यशाला में मुख्य रूप से वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव एवं परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी सह सहायक समाहर्ता, रांची, श्री आदित्य पांडेय शामिल हुए।

### भारत आदिवासी पार्टी ने जारी की दूसरी सूची



**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी के केन्द्रीय कमिटी के निर्देश पर प्रदेश कमिटी ने विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी सूची जारी की है। इसमें सिल्ली से अनिल सिंह मुंडा, ईचागढ़ से सुधाकर सिंह, खरसावां से मंगल मुंडा, चाईबासा सदर से सुरेश सोय, लोहरदगा से अवधेश उरांव मझगांव से बहालेन चांपिया, तोरपा से जयमंगल गुड़िया व बहरागोड़ा से अर्जुन टुटू को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

### मीरा मुंडा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची/पोटका।** भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने मंगलवार पोटका विधानसभा के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। श्रीमती मुंडा ने कहा कि पोटका में इस बार परिवर्तन की लहर है। जनता कमीशनखोरी से परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र के लोग आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने आसनबनी मंडल के बीरग्राम गांव में जनता से संवाद की।आप सभी का उत्साह देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि पोटका में इस बार परिवर्तन होकर रहेगा। इसके बाद निमपुरा चौक में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आसनबनी मंडल के बोनगोरा, बांधडीह, दौरकासाई और भुरकाडीह में जनसंपर्क की। कुलडीहा राधारानी मैरेज हॉल में भाजपा की सांगठनिक बैठक में भाग लिया। इसके बाद अनीता मुर्मू (मुखिया,डोमजुरी) के घर गई। घाघीडीह मंडल के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ नागाडीह में बैठक की। सोमय झोपड़ी में महिलाओं के साथ, हरहरगुटु शिव मंदिर, बुलटु झोपड़ी एवं टी आर एफ कॉलोनी में जनसंपर्क और बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## हार देखकर सीएम अब हिंसा की भाषा पर उतर आए हैं : प्रतुल शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत के सोरेन के द्वारा गढ़वा के बंशीधर नगर में नामांकन में समय की गई जनसभा में विपक्षियों के सिर फोड़ देने के बयान पर कड़ी आपत्ति की है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरे तरीके से निराश और कुंठा के दौर से गुजर रही है। अब तो मुख्यमंत्री ने सारी राजनीतिक मयार्दाएं तोड़ते हुए सीधे तौर पर विपक्षियों के खिलाफ सिर फोड़ने तक का आह्वान कर दिया है।

प्रतुल ने कहा लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता लेकिन जब एक प्रमुख संवैधानिक पद पर बना व्यक्ति विरोधियों के सिर फोड़ने की बात करें तो स्पष्ट हो जाता है कि वह अपने निश्चित हार को देख होश खो बैठे हैं। प्रतुल ने कहा कि इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री झारखंड के ग्रामीणों को गैर कानूनी रूप से आह्वान कर चुके थे कि कुछ चुनिंदा सामाजिक संस्थाओं के लोग अगर गांव में प्रवेश करते हैं,तो उनको प्रवेश नहीं करने दे। लाठी-डंडे से खदेड़ दें। जब राज्य का मुखिया ऐसी भाषा का प्रयोग करें तो फिर कानून का राज कहां रह जाता है? प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इसके पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठाया। प्रतुल ने कहा कि चुनाव की तिथियां को लेकर भी झामुमो आयोग पर आरोप लगाते रही। अब ईवीएम पर भी प्रश्न कर रहे हैं।

## बिना भेदभाव के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर काम करती है भाजपा : बाबूलाल

**सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं के साथ जावेद मंसूरी ने ली भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार कोको सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में स्वागत किया एवं सदस्यता दिलाई। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करती है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाया। किसी गरीब के बच्चे को भूखा सोने नहीं दिया। देश में 80 करोड़ अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। मां बहनों के लिए मोदी सरकार ने बहुत योजनाएं शुरू की है। उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। मोदी सरकार महिलाओं को लखपति बना रही हैं।

इसलिए नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। मरांडी ने कहा कि चुनाव का समय है। इस चुनाव में अपने पड़ोस के लोगों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में हेमंत सरकार ने झारखंड के लोगों को ठगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने लोगों से जो वादा किया, उसे पूरा किया। इसलिए किसी के बहकावे में नहीं आए। झारखंड को लूटने वालों के झांसे में नहीं फंसे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में बनाएं।

जावेद मंसूरी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की नीति और सिद्धांत से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्यता ली है।

## सीपीआई ने जारी की 12 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव मंडल ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। फिलहाल एक दर्जन प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गयी है। राज्य सचिव महेंद्र पाठक मांडू विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। सूची में रांची, रामगढ़ और हजारीबाग को फिलहाल खाली रखा गया है। रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने सर्वप्रथम अपने मजबूत कैडर वाले इलाकों को चिह्नित करते हुए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गयी कि 12 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की गयी है।

## चुनाव में परचम फहराने के लिए आगे बढ़ें झारखंड आंदोलनकारी : डॉ सूरज मंडल



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा है कि आगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव में अपना परचम फहराने के लिये झारखण्ड आंदोलनकारी आगे बढ़ें और चुनाव में खड़े होकर जीत का भरपूर प्रयास करें। डॉ मंडल ने कहा कि वे आंदोलनकारियों के साथ हर कदम पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल हो या फिर विपा सभी ने झारखण्ड गठन के आंदोलनकारियों की घोर उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति मेरे दिल में पूरा सम्मान है और वे पूरे देश की तरह ही झारखण्ड को भी सही दिशा में ले जाना चाहते हैं लेकिन झारखण्ड भाजपा के मठाधीशों ने पार्टी को आघात पहुंचाने के लिये कोई कसर बाकी नहीं छोड़ा है। जिनकी आबादी मात्र दो प्रतिशत है उन्हें पांच-पांच सीट दी गयी है जबकि वैश्य समाज का कुल 42 प्रतिशत वोट है लेकिन उसे भी पांच सीट ही दिया गया और वैश्य समाज ही भाजपा का कोर मतदाता है जो अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव में झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा न केवल वैसे उम्मीदवारों को अपना सक्रिय समर्थन देगा जो आंदोलनकारी रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि यह विधानसभा चुनाव झारखण्ड का वैसा चुनाव साबित होगा जो राज्य को निर्णायक दिशा और गति देने के साथ ही झारखण्ड के उन पुराने आंदोलनकारियों को एकजुट करेगा।

## मूलवासी सदानों की राजनीतिक पार्टी नहीं बनना राजनीतिक भूल : राजेंद्र



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों की राजनीति पार्टी बन गई होती तो आज मूलवासी सदानों से आने वाले अगड़ी, पिछड़े, और दलितों को झारखण्ड में राजनीतिक भागीदारी लेने से कोई रोक नहीं सकता था। उन्होंन कहा कि राजनीति भागीदारी के लिए पार्टी बनाने की बात हुई थी। लेकिन हम लोगों ने यह सोंच कर सामाजिक संगठन रहने दिया कि इसमें सभी दलों के लोग शामिल रहेगें और मूलवासी सदानों की बातों को वे अपने - अपने पार्टी रखेगें। उपेक्षित सदानों से आने वाले समुदाय के पिछड़ों, दलितों व सवर्णों के अधिकारों की बात करने वाले लोगों को भी राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में प्रत्याशी बनाएगें ऐसी सोंच हमारे वरिष्ठ नेताओं का मानना था। लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब मूलवासी सदानों को लगने लगा है कि मूलवासी सदानों की राजनीतिक पार्टी बननी चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि हमारे सदान के अगुआ रहे स्व डॉ आरपी साहू का यही विचार था कि सदानों का राजनीति पार्टी होना चाहिए। जिससे लोकसभा और विधानसभा में हमारा सदानों का प्रतिनिधित्व हो सके। झारखण्ड आन्दोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने पहल इस दिशा में पहल किया था। लेकिन शिबू सोरेन के आग्रह पर सदानों की पार्टी नहीं बन पाई।

## एनडीए के पक्ष में है जनता का मन और मिजाज : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी ने हमें दूसरी बार गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता का सेवा करने का अवसर दिया है। हम जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। लोगों का पुनः भरपूर मान- सम्मान प्यार स्नेह व आशीर्वाद मिलेगा। ऐसा हमें विश्वास और भरोसा है। उन्होंने गोमिया में आजसू पार्टी की बैठक में यह उदगार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं जनता का मन व मिजाज पूरी तरह से आज एनडीए गठबंधन के पक्ष में बन चुका है। बैठक में गोमिया प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आजसू पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने अपने -अपने संबोधन में कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएंगे। जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे एनडीए की गारंटी पर जनता को विश्वास है। बैठक में संतोष साव, संदीप स्वर्णकार, महेश महतो, पूनम देवी, नारायण महतो, दीना राम सोरेन, विक्रम साव, विनय साव, मिन्हाज अंसारी डालचंद महतो, अनिल यादव, पूरण महतो, एसएन श्रीवास्तव ,विपिन नायक, कालेश्वर रविदास, चंपा देवी, संदीप सिंह, कुलदीप प्रजापति, धनेश्वर सोरेन, दिलू महतो, अंकेश्वर महतो व धनेश्वर महतो सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ एक के शेष

**मारपीट में शिक्षकों को भी...**

आई। छात्रों के बीच मामूली बात को लेकर कहां सुनी हुई थी। इसके बाद सीनियर व जूनियर आपस में उलझ गए। प्रिंसिपल ने तत्काल ही संज्ञान लेते हुए घायलों का इलाज कराया। साथ ही दोनों पक्षों को सुबह बुलाकर समझौता भी कराया।

**कोडरमा में एक करोड़ से...**

राजेश, रंजीत और रोहित को किसी न किसी रोजगार से जोड़ा है। फिलहाल सुखदेव रजक फरार है।

**बरामद रकम के चुनाव से जुड़े होने के संबंध में अनुसंधान जारी : एसपी**

कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने मंगलवार की संध्या प्रेस वार्ता कर बताया कि वृंदा स्थित उक्त निवास में अवैध रूप से अफीम एवं अफीम के व्यापार के पैसा रखे होने की सूचना मिली थी। उसी आलोक में एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और डीएसपी रतिभान सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। मंगलवार की सुबह छापेमारी में एक करोड़ 7 लाख 10,320 रुपये नकद और 58 ग्राम अफीम बरामद किया गया। साथ ही, रोहित कुमार नामक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या 228/24 दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि वहां से दो मोबाइल के साथ एक महिंद्रा स्कॉर्पियो और एक महिंद्रा एसयूवी भी जब्त किया गया है। यह पूछे जाने पर कि बरामद रकम चुनाव से संबंधित तो नहीं है, एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि इस बाबत भी अनुसंधान किया जा रहा है।

**चीनी उत्पादों का बहिष्कार नहीं से...**

को भी मजबूती मिलती है।मान्यताओं के अनुसार, दीये जलाने से नकारात्मक शक्तियाँ,कीट पतंग दूर होते हैं और वातावरण में सकारात्मकता बढ़ती है। दीयों का प्रकाश मन को शांति और स्थिरता प्रदान करती है, जिससे ध्यान और साधना में सहायता मिलती है। कर्मयोग का संदेश है।

**कुम्हारों ने बताया दिये की बिक्री पर कितना असर पड़ा :** दीपावली आने के पहले से ही मिट्टी के दीयों की की खरीद बिक्री शुरू हो जाती है। ऐसे में प्रतिवर्ष दिये बनाने वाले कारीगर और कुम्हार उत्साहित होते हैं पर गत वर्ष की तरह इस बार चीनी उत्पादों के बहिष्कार की चर्चा नहीं होने से लोगों में चीनी इलेक्ट्रिक दीयों के प्रति झुकाव देखा जा रहा है जिस कारण मिट्टी के दिये की बिक्री में कमी देखी जा रही है। हरमू रोड मुक्ति धाम के समीप 1984 से भी पहले से मिट्टी के दिए बेच रहे कुम्हारों ने बताया सालों पहले जब चाइनीज लाइटों की चमचमाहट नहीं हुआ करती थी उस वक्त मिट्टी के दीयों का महत्व अलग था। हर घर में मिट्टी के दिये बड़े शौक से जलाये जाते थे। और कुम्हारों की अर्थव्यवस्था भी बढ़िया हुआ करती थी। दिये बेचने वाले महेंद्र ने बताया वर्षों से दीयों की बिक्री कर रहे है पर अब दीयों की बिक्री और लोगों के रुझान में काफी फर्क आया है मौसम की मार झेलनी पड़ी और बारिश में कच्चे दिए खराब हो गए जिस कारण नुकसान हुआ सो अलग।

## गिरिनाथ सिंह सपा में शामिल, करेंगे साइकिल की सवारी



**रांची।** गढ़वा की राजनीति में पिछले चार-पांच महीने से हलचल पैदा करने वाले पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह मंगलवार की शाम अचानक समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अब वह साइकिल की सवारी करेंगे। गढ़वा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों की मौजूदगी में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। गिरिनाथ सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और उन्होंने इसकी घोषणा भी की थी। लेकिन समझा जा रहा है कि सिंबल के चक्कर में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद अब उन्हें साइकिल चुनाव चिन्ह मिल जाएगा। बताया जाता है कि अखिलेश यादव भी प्रचार में आ सकते हैं। बता दें कि गिरिनाथ सिंह पिछले 4 महीने से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा निकाल कर एक-एक गांव में घूम रहे हैं।

## आरजेडी ने की छह उम्मीदवारों की घोषणा जेल से चुनाव लड़ेंगे सुभाष यादव

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर आरजेडी ने अपने छह उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी कर दी है। सीट बंटवारे को लेकर शुरूआत में जो खींचतान दिख रही थी लेकिन लगता है अब बात बन गई है। यानी इंडिया गठबंधन के बीच अब सब कुछ ठीक हो गया है। इसी कड़ी में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर आम सहमति बन गई है।

आरजेडी ने देवघर से सुरेश पासवान को टिकट दिया है। गोड्डा से संजय प्रसाद यादव को को टिकट दिया है। कोडरमा से सुभाष यादव मैदान में हैं। वहीं, चतरा से मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मी प्रकाश को टिकट मिला है। विश्रामपुर से नरेश प्रसाद सिंह को पार्टी ने टिकट दिया है। हुसैनाबाद से संजय कुमार सिंह यादव को आरजेडी ने प्रत्याशी बनाया है। बता दें, कोडरमा से प्रत्याशी सुभाष यादव फिलहाल जेल में हैं। वो जेल से ही चुनाव लड़ेंगे।

### आज | कल




## पांच बार विधायक रहे राधाकृष्ण किशोर ने थामा कांग्रेस का दामन

**पांच पार्टियां बदलने के बाद छठी पार्टी में हुए शामिल**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य गठन हुए 24 साल हुए हैं। विधानसभा चुनाव होने वाला है। पहले और अब कई नेता दल बदल करते रहे है। हालात ये भी रही है कि चुनाव किसी पार्टी से लडा और जीतने के बाद किसी ओर पार्टी का दामन थाम लिया। इन्ही में एक नाम है राधाकृष्ण किशोर का। दरअसल छतरपुर विधानसभा से पांच बार विधायक रहे राधाकृष्ण किशोर पांच पार्टियों का भ्रमण करने के बाद फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। राधाकृष्ण किशोर तीन बार कांग्रेस पार्टी से विधायक रहे। इस के बाद वे समय समय पार्टी बदलते रहे। सबसे पहले कांग्रेस में थे कांग्रेस में मन नहीं लगा तो जदयू का दामन थाम लिए, इसके बाद यहां भी उनका मोहभंग हो गया। फिर वह बीजेपी में चले गए बीजेपी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में टिकट काटा तो राधाकृष्ण किशोर ने आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन वे हार गए इसके कुछ मीना के बाद ही आजसू को भी छोड दिया और राजद में चले गए अब फिर से वह अपने पूराने घर कांग्रेस में वापस आ गए हैं। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जदयू के टीकट पर राधाकृष्ण किसोर ने चुनाव जीता था। 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर राधा कृष्णकिशोर ने चुनाव लड़ा और 15575 बहुत लाकर तीसरे स्थान पर रहे। 2014 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर राधा कृष्ण किशोर ने चुनाव लड़ा और 43843 बहुत लाकर जीत दर्ज की। 2019 के विधानसभा चुनाव में राधा कृष्ण किशोर ने आजसू पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और 16018 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

## भाजपा के सभी सांगठनिक प्रमंडलों में होगी पीएम मोदी की सभा

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ चुनाव की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। पार्टी के संगठनात्मक तैयारियों का जायजा भी लिया। बैठक में पीएम मोदी की सभाओं को लेकर भी चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार बीजेपी के सभी छह सांगठनिक प्रमंडलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाएं होंगी। इसकी तैयारी करने का भी निर्देश दिया गया बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बीजेपी झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा सहित अन्य प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

**एक साथ 8 मिसाइल दागने में सक्षम**

## भारत ने लांच की चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4



**पहली** बैलिस्टिक परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत 2016 में बनी थी समुद्री बेड़े का हिस्सा

**दूसरी** पनडुब्बी अरिघाट इसी साल अगस्त में समुद्री परीक्षणों के बाद नौसेना में हुई थी शामिल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत ने गोपनीय तरीके से विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर से अरिहंत श्रेणी की चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 लांच कर दी है। तीसरी पनडुब्बी को भी गुपचुप तरीके से जनवरी, 2022 में लांच किया गया था। इसी श्रेणी की दो बैलिस्टिक परमाणु पनडुब्बी नौसेना के बेड़े में शामिल की जा चुकी है। चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 3,500 किमी. रेंज में एक साथ 8 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल दागने में सक्षम है। अरिहंत श्रेणी की छह पनडुब्बियां रूस की मदद से बनाई जा रही हैं। कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद के बीच भारत ने अपने शत्रुओं के खिलाफ अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में चुपचाप अपनी चौथी परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी का प्रक्षेपण किया है। यह 3,500 किमी. रेंज की के-4 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस है।

**पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत :** भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत का जलावतरण तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने 26 जुलाई, 2009 को किया था। यह दिन इसलिए भी चुना गया, क्योंकि यह कारगिल युद्ध में विजय की सालगिरह भी थी। प्रतीकात्मक समारोह के दौरान ड्राई डॉक में पानी भर पनडुब्बी को तैराया गया और नौसैनिक परंपरा के अनुसार गुरशरण कौर ने पतवार पर नारियल फोड़ा।

**दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट :** अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दो गुना रखी गई है, जिससे भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता हासिल है। इस पनडुब्बी का कोडनेम एस-3 रखा गया था। कई बार टलने के बाद इसकी लांचिंग 2017 में हो पाई। इस पनडुब्बी को मूल रूप से आईएनएस अरिदमन के नाम से जाना जाता था।

**तीसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन :** अरिहंत श्रेणी की तीसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को भी विशाखापट्टनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर से 23 नवंबर, 2021 को लांच किया गया था, जिसमें भी गोपनीयता बरती गई थी। यह परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत से 13.8 मीटर बड़ी है।

### मोदी-पुतिन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता, भारतीय पीएम ने कहा

# शांतिपूर्ण तरीके से ही हो समस्याओं का समाधान

- प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रुस को बधाई दी
- कहा, ब्रिक्स ने 15 वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को रूसी शहर कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर वार्ता से पूर्व द्विपक्षीय बैठक की। रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति और स्थिरता को पूरा समर्थन देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे सभी प्रयास मानवता को प्रमुखता देते हैं। आने वाले समय में भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन संघर्ष को लेकर कहा कि वे लगातार दोनों देशों के संपर्क में रहे हैं। वे मानते हैं और पहले दोहरा चुके हैं कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से ही होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज कजान पहुंचे हैं। ब्रिक्स के सदस्य देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता इसमें भाग ले रहे हैं। ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स ने 15 वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई है और अब विश्व के अनेक देश इससे जुड़ना चाहते हैं।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने मित्रता एवं गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए राष्ट्रपति पुतिन का आभार व्यक्त किया। बैठक के स्थान को लेकर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास खुलने से रूस के साथ संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि दोबारा सरकार में आने के बाद तीन महीने में यह रूस की उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि दोनों देशों के बीच करीबी समन्वय और गहरी मित्रता है।

### भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है : मोदी

**कजान (रूस) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार को रूसी शहर कजान पहुंचे। यह शिखर सम्मेलन विश्व नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार सुबह अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। यह विविध वैश्विक मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। पीएम मोदी ने कहा, जुलाई 2024 में मॉस्को में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन के आधार पर, कजान की मेरी यात्रा, भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी।

## कजान में पीएम मोदी का रूसी लोगों ने कृष्ण भजन से किया स्वागत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को रूसी शहर कजान पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के कजान के होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर रूसी समुदाय के कलाकारों ने उनके स्वागत में नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी बीच, रूस से एक खास वीडियो सामने आया है, जहां पीएम मोदी का रूसी समुदाय के लोगों ने कृष्ण भजन से ग्रैंड वेलकम किया। 44 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी के सामने रूसी लोग हाथ जोड़कर कृष्ण भजन गा रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी भी हाथ जोड़कर उनका कृष्ण भजन बड़े ध्यान से सुनते हैं।

पीएम मोदी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूजर्स इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब पीएम मोदी का विदेशी धरती पर अनोखे अंदाज में स्वागत किया गया हो।प्रधानमंत्री मोदी के रूस के कजान में होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अभिवादन स्वीकार किया और उनसे बातचीत भी की।

## परिसीमन से नुकसान की काट के लिए 16 बच्चे पैदा करने की बात कर रहे नायडू व स्टालिन?

कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत के दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बयान बहुत चर्चा में हैं । बयानों को लेकर चर्चा होने की वजह यह है कि दोनों ही मुख्यमंत्रियों ने ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात कही है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि दक्षिण में विशेषकर आंध्र प्रदेश में लोगों को कम से कम दो या उससे ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। उसके बाद तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सीधे 16 बच्चे पैदा करने तक की बात कही है।स्टालिन की चले तो सभी पति -पत्नी को बच्चा पैदा करने की मशीन की तरह हो जाना पड़ेगा। और इसमें तो मुस्लिमों को जनसंख्या बढ़ाने की मुराद ही पूरी हो जाएगी।वैसे भी भारत की आबादी तेजी से बढ़ रही है और जनसंख्या बढ़ने के अनुपात में भारत में न तो स्वास्थ्य , न शिक्षा , नहीं रोजगार की व्यवस्था है ।बेरोज़गारी , ग़रीबी , अशिक्षा लगातार बढ़ती जा रही है। काग़ज़ों व

> स्टालिन की चले तो सभी पति -पत्नी को बच्चा पैदा करने की मशीन की तरह हो जाना पड़ेगा

आंकड़ों में सुधार दिखाने की कोशिश होती है। लेकिन जब आरटीआई से डेटा माँगा जाता है, तो दावे व असलियत उजागर होने के डर से नहीं दिया जाता है। इससे आजिज़ ज़्यादातर लोग सब कुछ राम भरोसे , "होइहें सोई जो राम रचि राखा" मानते हुए जी रहे हैं। जो कुछ प्रतिशत बहुत मालामाल हैं , उद्योगपति , नौकरशाह , सत्ताधारी नेता , उनके चहेते व्यवसाई, ठेकेदार, अफसर हैं , उनकी चाँदी है। ये लोग कह रहे हैं कि भारत में बढ़ती जनसंख्या के कारण बदहाली है। इसलिए जैसे भी हो जनसंख्या नियंत्रण किया जाना चाहिए।इन हालात में एन. चंद्रबाबू नायडू व एमके स्टालिन का 16 बच्चे पैदा करने तक की बात कहना बहुतों को खतरे की घंटी लगने लगी है। कुछ कहना है कि उत्तर भारत की बढ़ती जनसंख्या की काट करने के लिए दक्षिण भारत के मुख्यमंत्री अपने यहां जनसंख्या बढ़ाने की बात कहने लगे हैं।क्योंकि जन संख्या के आधार पर ही परिसीमन होगा। जितनी ज्यादा जनसंख्या , उतनी ज्यादा लोकसभा की सीटें। ज्यादा लोकसभा सीटें होने के कारण उत्तर भारत के राज्यों के नेता ज़्यादा संख्या में लोकसभा में पहुंचते हैं । जिससे केन्द्र की सत्ता उनके हाथ में रहती है। उससे दक्षिण भारत के राज्यों को कई तरह के नुकसान होते हैं।इसके कारण भी दक्षिण भारत के राजनेता उत्तर भारत के केन्द्रीय सत्ताधारी नेताओं पर भेदभाव करने का आरोप लगाते रहते हैं।यह खाई पहले से बढ़ी है। केन्द्र सरकार व तमिलनाडु सरकार के नेताओं के बीच तो इसको लेकर काफ़ी तीखी बयानबाजी हो रही है। राज्यपाल के भी राजनीतिक एजेंडे के तहत काम करने का आरोप लगने लगा है। हालत यह है कि तमिलनाडु व अन्य कई दक्षिण भारतीय राज्यों में कुछ संगठन व राजनीतिक दल अलग स्वतंत्र राज की मांग करने लगे हैं।

### फिलिस्तीनियों के साथ भारत, दवाएं फूड आइटम की 30 टन की खेप भेजी

**नई दिल्ली ।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के माध्यम से फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजी। सहायता की पहली खेप में 30 टन दवाएं और फूड आइटम शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत यूएनआरडब्ल्यूए के माध्यम से फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेज रहा है। सहायता की पहली खेप में 30 टन दवा और फूड आइटम शामिल हैं जो आज रवाना हो गए हैं। पोस्ट के अनुसार, यह पहली खेप है जिसमें जरूरी दवाएं और सर्जिकल सप्लाई, डेंटल प्रोडक्ट्स, जनरल मेडिकल आइटम और हाई एनर्जी बिस्कुट शामिल हैं। इससे पहले 18 अक्टूबर को भारत ने बढ़ते तनाव और दक्षिणी लेबनान में चल रहे संघर्ष के बीच लेबनान को 11 टन मेडिकल सप्लाई की पहली खेप भेजी थी।

## एलएसी पेट्रोलिंग समझौता लागू करने को भारत के साथ मिलकर करेंगे काम : चीन

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को लेकर नई दिल्ली और बीजिंग के बीच हुए समझौते की पुष्टि की। समझौते पर बीजिंग की पुष्टि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 16वें ब्रिक्स नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए कजान रवाना होने के ठीक बाद आई। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाग ले रहे हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को कहा, पिछले कुछ हफ्तों से चीन और भारत कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से चीन-भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर निकट संपर्क में हैं। अब दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गए हैं, जिसकी चीन बहुत प्रशंसा करता है। चीन इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करेगा। इससे पहले सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी लगभग ऐसा ही बयान जारी किया। उन्होंने नई दिल्ली में कहा, पिछले कई हफ्तों में, भारतीय और चीनी राजनयिक और सैन्य वार्ताकार विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के साथ निकट संपर्क में हैं। इन चर्चाओं की वजह से भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सहमति बनी है, जिससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों का समाधान हो गया है। हम इस पर अब अगले कदम उठाएंगे। भारतीय विदेश सचिव ने ब्रिक्स बैठक के दौरान कजान में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय चर्चा की किसी संभावना की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया। चीन में भारत के राजदूत रहे मिसरी ने कहा, यह एक बहुपक्षीय आयोजन है, हालांकि, हमेशा द्विपक्षीय बैठकों का प्रावधान होता है। द्विपक्षीय बैठकों के लिए कई अनुरोध हैं और हम आपको द्विपक्षीय बैठकों के बारे में जल्द से जल्द अपडेट करेंगे।

## एजुकेशन/करियर

फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग की एक शाखा है। जिसमें सिखाया जाता है अग्नि और धुएं के हानिकारक प्रभाव को कैसे कंट्रोल कर सकते हैं। इस इंजीनियरिंग में किसी भी कार्यस्थल के लिए सुनिश्चित करते हैं कि वो सुरक्षित वातावरण बनाएं ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना हो तो जान-माल के नुकसान से बचाया जा सके। औद्योगिक जगहों पर आग लगने पर फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियर वाले ही इससे निपटने का काम करते हैं।

# फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर



### योग्यता चाहिए

फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियरिंग चार वर्ष का अंडरग्रेजुएट कोर्स है. ये कोर्स वही छात्र कर सकते हैं जिन्होंने 12वीं क्लास साइंस स्ट्रीम में 50 फीसदी नंबर से पास की हो. देश के ज्यादातर फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियरिंग संस्थान जेईई मेंस और जेईई एडवांस के नंबर के आधार पर दाखिला देते हैं.

### यहां मिलता है स्कोप

फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियर सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों में नौकरी कर सकते हैं। पेट्रोलियम रिफाइनरी, टेक्सटाइल कंपनियां, फर्टिलाइजर कंपनियां, फायर सेफ्टी कंपनियां और मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियां ज्यादा फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियर को हायर करते हैं। इस कोर्स को करके सेफ्टी सुपरवाइजर, सेफ्टी वार्ड, असिस्टेंट फायर ऑफिसर और सेफ्टी फायर जैसे पदों पर काम कर सकते हैं।

### सेफ्टी इंजीनियरिंग के लिए संस्थान

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर
2. डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी, पुणे
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग, मुंबई
4. राष्ट्रसंत तुकोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
5. ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, रावतसर कूजला, राजस्थान
6. माता राज कौर इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, महा खरिया, हरियाणा
7. गंगा प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, हरियाणा

### रोजगार क्षेत्र

- फायर सफेटरी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट
- कंस्ट्रक्शन फर्म
- आर्म्ड फॉर्स
- सरकारी फायर फाइटर विभाग
- तेल की कंपनियाँ
- रिफाइनरीज
- केमिकल प्लांट
- इंडस्ट्रीज
- सरकारी विभाग
- बिजली बोर्ड

### जॉब प्रोफाइल्स

- सेफ्टी इंजीनियर
- सुरक्षा अधिकारी
- फायरमैन
- प्रशिक्षक
- सुरक्षा सलाहकार
- फायर ऑफिसर
- स्टेशन मास्टर
- सेफ्टी सुपरवाइजर

### फायर सेफ्टी में अन्य नौकरी के क्षेत्र

- रिफाइनरी
- गैस फैक्ट्री
- फायर ब्रिगेड
- प्लास्टिक कंपनी
- तेल कंपनी
- एलपीजी प्लांट
- केमिकल संयंत्र
- माइन्स
- ओएनजीसी
- आर्किटेक्चर
- भवन निर्माण
- बिजली बोर्ड
- पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स

